35 वां स्थापना वर्ष

समवेत शिखर

वर्ष-35 अंक-244 | रायपुर, शनिवार 18 जनवरी 2025 | पृष्ठ : 08, मूल्य : 2.50 रुपए, ई-पेपर: samvetshikhar.com

फर्स्ट कालम

संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से 4 अप्रैल तक

नई दिल्ली। संसद का बजट सत्र आगामी 31 जनवरी से शुरू होकर 04 अप्रैल को संपन्न होगा। लोकसभा सचिवालय ने शुक्रवार को विज्ञप्ति जारी कर बताया कि बजट सत्र की शुरुआत 31 जनवरी को राष्ट्रपति के दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन में संबोधन के साथ शुरू होगी। एक फरवरी को लोकसभा में आम बजट पेश किया जाएगा और इससे पहले आर्थिक सर्वेक्षण भी संसद में रखा जाएगा। संसद का बजट सत्र 04 अप्रैल को संपन्न होगा। यह 18वीं लोकसभा का चौथा सत्र होगा।

रोजगार के नाम पर युवाओं को गुमराह कर रही है मोदी सरकार : खरगे

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मोदी सरकार पर रोजगार के आंकड़ों में फर्जीवाड़ा करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि जो तस्वीर पेश की जा रही है वह झूठ है और सच्चाई पर पर्दा डालने का काम किया जा रहा है। श्री खरगे ने कहा कि झूठे दावों, आंकड़ों के फर्ज़ीवाड़े और घटती नौकरियों की सच्चाई पर पर्दा डालना मोदी सरकार की आदत बन चुकी है। इस साल 82 प्रतिशत युवा नौकरी की तलाश में, 55 प्रतिशत बोले पिछले साल नौकरी ढूंढ़ना हुआ कठिन और 37 प्रतिशत का कहना है कि उन्होंने 2025 में नयी नौकरी तलाशने की उम्मीद ही छोड़ दी है। एक अलग सर्वे से पता चला है कि 69 प्रतिशत मानव संसाधनए-एचआर से जुड़े पेशेवरों को लगता है कि किसी भूमिका के लिए योग्य प्रतिभा ढूंढना अब अधिक चुनौतीपूर्ण हो गया है।

ट्रम्प के शपथ ग्रहण समारोह में जाएंगे मुकेश अंबानी

नई दिल्ली। भारत के सबसे अमीर इंसान मुकेश अंबानी और उनकी पत्नी अमेरिका में डोनाल्ड ट्रम्प के शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लेने जाएंगे। यह जानकारी ट्रम्प के शपथ ग्रहण कार्यक्रम से जुड़े एक अधिकारी ने दी है। अंबानी 18 जनवरी को वॉशिंगटन डीसी पहुंचेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक शपथ ग्रहण समारोह में अंबानी दंपती को अहम सीट मिलेगी। वे ट्रम्प कैबिनेट के नोमिनेट मेंबर्स और इलेक्टेड ऑफिसर्स के साथ बैठेंगे। इसके अलावा कैबिनेट का एक स्वागत समारोह और उपराष्ट्रपति का डिनर भी होगा, जिसमें अंबानी परिवार शामिल होगा। नीता और मुकेश अंबानी 19 नवंबर की रात राष्ट्रपति ट्रम्प और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के साथ कैंडललाइट डिनर में शामिल होंगे।

यूरोप जा रहे 44 पाकिस्तानियों की समंदर में डूबकर मौत

इस्लामाबाद। अवैध तरीके से यूरोप जा रहे 44 पाकिस्तानी नागरिकों की अटलांटिक महासागर में डूबकर मौत हो गई है। पाकिस्तानी वेबसाइट डॉन के मुताबिक पश्चिम अफ्रीका से स्पेन जा रही नाव मोरक्को के दखला पोर्ट के पास डूब गई। नाव पर 80 से ज्यादा लोग सवार थे। इसमें 50 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई, जिसमें ज्यादातर पाकिस्तानी हैं। रिपोर्ट के मुताबिक लोगों को ले जाने वाला जहाज सफर के दौरान लापता हो गया था। इसे ढूंढ़ने की कोशिश की गई थी लेकिन यह तब नहीं मिल पाया था। पाकिस्तानी राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने इस हादसे पर दुख जताया है और मानव तस्करी को रोकने के लए कदम उठाने की बात कही।

विदेश मंत्रालय बोला- यूक्रेन-रूस जंग में 12 भारतीयों की मौत

नई दिल्ली। रूस की तरफ से जंग लड़ रहे अब तक 12 भारतीयों की यूक्रेन में मौत हो गई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को प्रेस ब्रीफिंग में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, अब तक 126 भारतीय नागरिकों के रूसी सेना में शामिल होने के मामले सामने आए हैं। इनमें से 96 लोग भारत लौट आए। रूस में अभी भी 18 भारतीय नागरिक फंसे हुए हैं, जिनमें से 16 की कोई जानकारी नहीं मिल रही है। हम इनकी स्वदेश वापसी के लिए काम कर रहे हैं। रूस-यूक्रेन जंग 24 फरवरी 2022 से चल रही है।

सुप्रीम कोर्ट ने आदेश पलटा, दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले पर लगाई रोक

दिल्ली में आयुष्मान योजना लागू नहीं होगी

बेंच ने दिल्ली सरकार की याचिका पर केंद्र सरकार को नोटिस भेजकर जवाब मांगा है

नई दिल्ली (ए) सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें आम आदमी पार्टी सरकार को आयुष्मान भारत मिशन लागू करने के लिए 5 जनवरी तक केंद्र के साथ एमओयू साइन करने कहा गया था। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने दिल्ली सरकार की याचिका पर केंद्र सरकार को नोटिस भेजकर जवाब मांगा है।

24 दिसंबर को दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा था कि दिल्ली के लोगों को सुविधाओं से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। इसलिए योजना को पूरी तरह से लागू करना होगा। दिल्ली सरकार ने इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। दिल्ली सरकार राज्य में आयुष्मान भारत योजना लागू करने को लेकर केंद्र के साथ टकराव में रहा है। केंद्र सरकार इसे 33 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लागू कर चुकी है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद दिल्ली के पूर्व ष्टरू अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना देश का सबसे बड़ा घोटाला है। मुझे खुशी है कि सुप्रीम कोर्ट ने इसकी पुष्टि कर दी है।

सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली सरकार की दलील : दिल्ली सरकार के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने सुनवाई के दौरान कोर्ट में पूछा कि हाईकोर्ट दिल्ली सरकार को केंद्र के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के लिए कैसे मजबूर कर सकता है। उन्होंने दलील दी कि अगर स्ब्ध साइन हो जाता है तो भारत सरकार पूंजीगत व्यय का 60त्न और दिल्ली सरकार 40% वहन करेगी, लेकिन केंद्र को 0% चालू व्यय वहन करना होगा। दिल्ली सरकार की तरफ से अधिवक्ता तल्हा अब्दुल रहमान ने याचिका लगाई थी। याचिका में कहा गया था कि आयुष्मान योजना देश के उन क्षेत्रों के लिए ठीक है जहां सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हैं। दिल्ली में पहले से 529 आम आदमी मोहल्ला क्लीनिक चल रहे हैं। याचिका में दावा किया गया कि दिल्ली सरकार ने पहले ही मोहल्ला क्लीनिक, क्रिटिकल केयर सेवाओं और डायग्नोस्टिक सेवाओं को बढ़ाने के लिए आयुष्मान योजना के तहत मिलने वाले फंड का उपयोग करने पर सहमति दे दी है। हाईकोर्ट ने इस बात को भी नजरअंदाज किया है। हाल ही में योजना से जुड़ा ओडिशा : ओडिशा आयुष्मान भारत योजना में शामिल हो गया। राज्य में भाजपा सरकार आने के करीब 7 महीने बाद ओडिशा इस योजना से जुड़ा।

यूपी और हरियाणा एनसीआर में पटाखे बैन करे, कठोर आदेश देंगे, क्योंकि सरकार को चिंता नहीं : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने 40 साल पुरानी याचिका पर सुनवाई करते हुए शुक्रवार को उत्तर प्रदेश और हरियाणा को एनसीआर इलाकों में पटाखों पर पूर्ण और स्थायी प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया। इससे पहले दिल्ली और राजस्थान एनसीआर में पटाखों पर स्थायी और पूर्ण प्रतिबंध लगा चुके हैं। मामले की सुनवाई जस्टिस एएस ओक और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच कर रही थी। हालांकि, कोर्ट ने पिछली सुनवाई में ही दोनों राज्यों को एनसीआर इलाकों में पटाखे बैन करने का आदेश दिया था। क्क सरकार की ओर से पेश एडिशनल सॉलिसिटर जनरल गरिमा प्रसाद ने बताया कि राज्य ने 17 जनवरी तक सभी प्रकार के पटाखों पर बैन लगाकर कोर्ट के आदेश का पालन किया है। इस पर जस्टिस ओका ने कहा कि कोर्ट ने अस्थायी बैन नहीं लगाया था बल्कि दिल्ली की तरह पटाखों पर स्थायी प्रतिबंध लगाने पर विचार करने का निर्देश दिया था।

शादी से मना करना सुसाइड के लिए उकसाना नहीं : बॉम्बे हाईकोर्ट

मुंबई (ए)। बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर स्थ?ित बेंच ने बुधवार को महिला को सुसाइड के लिए उकसाने के मामले में फैसला दिया। कोर्ट ने कहा- सिर्फ इसलिए कि पुरुष ने रिलेशनशिप को खत्म कर दिया और फिर महिला ने सुसाइड कर लिया तो शख्स पर सुसाइड के लिए उकसाने का मामला दर्ज नहीं किया जा सकता। जस्टिस उर्मिला जोशी-फाल्के ने ऐसे ही मामले में 26 वर्षीय युवक को बरी किया। उस पर एक महिला को सुसाइड के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया गया था। जिसके साथ वह 9 साल से रिलेशनशिप में था। उसने इस मामले में बुलढाणा जिले के खामगांव सेशन कोर्ट के बरी नहीं करने के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। जज ने कहा- जांच में कहीं भी ये नहीं है कि शख्स ने मृतक महिला को सुसाइड करने के लिए उकसाया था। सबूतों से पता लगा है कि ब्रेकअप के बाद भी दोनों के बीच बातचीत जारी थी। अगर शख्स ने उससे शादी करने से मना कर दिया था तो यह महिला को सुसाइड करने के लिए उकसाने या उसके बराबर नहीं होगा। बेंच ने कहा- न तो सुसाइड नोट और न ही वॉट्सएप चैट से यह पता चलता है कि उस शख्स ने शादी का वादा कर फिजिकल रिलेशन बनाए और उसके बाद उनका रिश्ता टूट हो। मृतका ने ब्रेकअप के तुरंत बाद सुसाइड नहीं किया था।

राष्ट्रीय महामंत्री तावड़े ने किया नए प्रदेशाध्यक्ष का ऐलान

किरणदेव सिंह फिर चुने गए छत्तीसगढ़ भाजपा अध्यक्ष

चुनाव अधिकारी बोले- 3 सेट के नामांकन में एक ही नाम

समवेत शिखर संवाददाता

रायपुर। जगदलपुर के विधायक किरणदेव सिंह छत्तीसगढ़ भाजपा अध्यक्ष फिर से चुने गए। पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े ने शुक्रवार को पार्टी के प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में इसका ऐलान किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन, महामंत्री अजय जामवाल, महामंत्री (संगठन) पवन साय, दोनों डिप्टी सीएम अरुण साय व विजय शर्मा, प्रदेश सरकार के तमाम मंत्री सहित अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे। सभी नेताओं ने फिर से पार्टी प्रदेशाध्यक्ष निर्वाचित होने पर श्री सिंह को बधाई दी। नवनिर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष किरणदेव सिंह ने हाथ जोड़कर सभी का आभार जताया।

गुरुवार रात पार्टी के प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया पूरी की गई। इसके लिए चुनाव अधिकारी बनाए गए खूबचंद पारख ने बताया कि 3 सेट में नामांकन आए हैं। तीनों में किरणदेव सिंह का ही नाम था। इस बार 60 लाख सदस्य बनाए जा चुके हैं। कुल आबादी का करीब 35 फीसदी वयस्क मतदाता भाजपा के सदस्य बन चुके हैं। उन्होंने सभी 36 जिलों में अध्यक्षों के बिना किसी विवाद के चुनाव होने खुशी जताई और पार्टी कार्यकर्ताओं का आभार माना। बता दें कि सालभर पहले अरुण साव के डिप्टी सीएम बनने के बाद पार्टी ने उन्हें अध्यक्ष का दायित्व सौंपा था। इसके बाद उनकी अगुवाई में लोकसभा का लड़ा गया था। इसमें भाजपा को अच्छी सफलता मिली थी। लोकसभा में भाजपा ने प्रदेश की 11 में से 10 सीटों पर जीत हासिल की थी। जिलाध्यक्षों के चुनाव निपटने के बाद प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए गुरुवार को नामांकन दाखिले की प्रक्रिया शुरू हुई और किरणदेव का एकमात्र नामांकन आया था।

अध्यक्ष बनने 3 बार का सक्रिय सदस्य होना जरूरी : चुनाव अधिकारी खूबचंद पारख ने प्रक्रिया के बारे में बताया कि किसी व्यक्ति को अध्यक्ष बनने के लिए 3 बार का सक्रिय सदस्य होना जरूरी है।

पंचायत से पार्लियामेंट तक भगवा लहराएंगे: किरणदेव सिंह

अध्यक्ष चुने जाने के बाद किरणदेव सिंह ने निकाय चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं से अपील कर कहा कि विधानसभा और लोकसभा चुनाव में भाजपा को जनता ने अपना पूरा सहयोग दिया है। अब कार्यकर्ताओं का चुनाव है। नीचे स्तर के चुनाव में जब हम जाते हैं तो कठिनाइयां आती है, मगर आप सभी के साथ से हम एक बार फिर से पंचायत से पार्लियामेंट तक भगवा लहराएंगे।

कंस्ट्रक्शन कारोबारियों के घर आईटी की दबिश

तड़के 3 गाड़ियों से पहुंची टीम दस्तावेजों की चल रही जांच

समवेत शिखर न्यूज

रायपुर/रायगढ़। आयकर विभाग के रिसर्च विंग के इंटरस्टेट टीम ने शुक्रवार को रायपुर के बड़े कंस्ट्रक्शन कारोबारियों के यहां दबिश दी। वे रेलवे व अन्य केंद्रीय विभागों के बड़े कंस्ट्रक्शन कंपनी हैं। इन छापों को ओड़िशा और अन्य राज्यों में चल रही कार्रवाई के तहत बताए गए हैं। आईटी टीम में रायपुर के कोई भी अधिकारी-कर्मचारी नहीं है।

सूत्रों के मुताबिक रायपुर में ओड़िशा से आई आईटी टीम ने अमलीडीह स्थित ला विस्टा सोसायटी में रह रहे कांट्रेक्टर जगदीप बंसल के घर दबिश दी। बंसल का छत्तीसगढ़ के अलावा ओड़िशा व हिमाचल प्रदेश में भी काम चल रहा है। बंसल परिवार मूलतः ओड़िशा के रहने वाले हैं। आयकर की एक अन्य टीम ने रायपुर में श्री श्याम इंजीनियरिंग एंड कंस्ट्रक्शन कंपनी के मालिकों के घर पर आयकर विभाग ने छापा मारा है। दो से तीन कार में सवार होकर पहुंची अफसरों की टीम ने शुक्रवार सुबह अवंति विहार स्थित कारोबारियों के दफ्तर और घर में छापेमारी की है। कारोबारी कंस्ट्रक्शन से जुड़े कई बड़े सरकारी प्रोजेक्ट्स के ठेके लेते हैं। इनका प्राइवेट डेवलपर्स का भी काम है। रायपुर के अलावा उनका रायगढ़ स्थित हंडी चौक स्थित घर व आफिस में भी दबिश दी है। इनकी कंस्ट्रक्शन फर्म आरएसए के नाम से संचालित है और रेलवे के बड़े ठेकेदार हैं।

छत्तीसगढ़ में पेंशनर्स का डीए बढ़ा, 1 अक्टूबर 2024 की तिथि से मिलेगा लाभ

रायपुर। राज्य शासन ने नगरीय निकायों के पेंशनर्स और परिवार पेंशनर्स का डीए बढ़ाया है। ऐसे कर्मचारी जिनको 7वें वेतनमान के मुताबिक पेंशन मिलती है, उनका महंगाई भत्ता 4 फीसदी बढ़ाया गया है।

राज्य शासन ने नगरीय निकायों के पेंशनर्स और परिवार पेंशनर्स के महंगाई राहत में वृद्धि की है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने सातवें वेतनमान के अनुसार पेंशन प्राप्त करने वालों की महंगाई राहत में चार प्रतिशत और छटवें वेतनमान के अनुसार पेंशन प्राप्त करने वाले पेंशनर्स के महंगाई राहत में नौ प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। दोनों वेतनमानों के पेंशनर्स और परिवार पेंशनर्स को 1 अक्टूबर 2024 से इस वृद्धि का लाभ दिया जाएगा।

घरेलू गैस सिलेंडर पर 500 सब्सिडी महिलाओं को हर महीने 2500 रुपए

भाजपा का संकल्प पत्र जारी

नई दिल्ली (ए)। भाजपा ने शुक्रवार को दिल्ली चुनाव के लिए पार्टी का संकल्प पत्र जारी किया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने संकल्प पत्र को 'विकसित दिल्ली की नींव' बताया।

उन्होंने दिल्ली में महिलाओं को हर महीने 2500 रुपए, गरीब महिलाओं को सिलेंडर पर 500 रुपए की सब्सिडी देने का वादा किया। होली-दीवाली पर एक-एक मुफ्त सिलेंडर देने का भी ऐलान किया। उन्होंने कहा कि मातृ सुरक्षा वंदना योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को 21,000 रुपए दिए जाएंगे और 6 पोषण किट भी दी जाएंगी। दिल्ली में बिजली, बस और पानी को लेकर मौजूदा सरकार की जो योजनाएं चल रही हैं, वह जारी रहेंगी। नड्डा ने बताया कि 60-70 साल के बुजुर्गों के मिलने वाली पेंशन 2000 से बढ़ाकर 2500 की जाएगी। विधवा, दिव्यांगों और 70 साल से ऊपर के बुजुर्गों को 3000 रुपए पेंशन मिलेगी। दिल्ली की झुग्गी-झोपड़ियों में अटल कैंटीन योजना के तहत गरीबों को 5 रुपए में पौष्टिक भोजन की व्यवस्था की जाएगी। उधर, अरविंद केजरीवाल ने भाजपा के संकल्प पत्र को झूठ का पुलिंदा बताया। कहा- इसमें कानून-व्यवस्था सुधारने पर एक लाइन नहीं थी।

तमिलनाडु में जल्लीकट्टू से 1 दिन में 7 की मौत,400 से ज्यादा लोग घायल

चेन्नई (ए)। तमिलनाडु के अलग-अलग जिलों में गुरुवार को पोंगल के मौके पर आयोजित जल्लीकट्टू त्योहार में 7 लोगों की मौत हुई। बैल को भीड़ के बीच छोड़कर दौड़ाने वाले इस खेल में एक ही दिन में करीब 400 से ज्यादा लोग घायल हुए।

तमिलनाडु पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि गुरुवार को कान्नुम पोंगल दिवस था। इस दिन जल्लीकट्टू सबसे ज्यादा खेला जाता है। 7 लोगों के अलावा पुडुक्कोट्टाई और शिवगंगा में 2 बैलों की भी मौत हुई है। जान गंवाने वाले ज्यादातर लोग खेल में भाग लेने वाली नहीं थे, बल्कि बैल के मालिक और दर्शक थे। पुलिस ने बताया कि 1 शख्स की मौत शिवगंगा जिले के सिरवायल मंजुविरट्टू में मौत हो गई। वह इस खेल में भाग लिया था। वहीं, मदुरै के अलंगनल्लूर में खेल देखने आए दर्शक को सांड ने घायल कर दिया। अस्पताल में उसकी मौत हो गई। वहीं, 5 अन्य लोगों की भी अलग-अलग जिलों में जल्लीकट्टू के कारण मौत हुई। 2025 का पहला जल्लीकट्टू पुदुक्कोट्टई के गंडारवाकोट्टई तालुक के थचानकुरिची गांव में शुरू हुआ था। इसके बाद यह त्रिची, डिंडीगुल, मनाप्पराई, पुदुक्कोट्टई और शिवगंगई जैसे जिलों में भी आयोजित होने लगा। 600 से ज्यादा बैलों को इस खेल में शामिल किया गया है।

सैफ अली पर हमला : जिसे पकड़ा, वह आरोपी नहीं

मुंबई (ए)। एक्टर सैफ अली खान पर हमले के केस में जिस संदिग्ध को पूछताछ के लिए बांद्रा पुलिस स्टेशन लाया गया था, उसका केस से कोई लेना देना नहीं है। मुंबई पुलिस ने शुक्रवार दोपहर को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि इस केस में अब तक किसी को हिरासत में नहीं लिया गया है।

इससे पहले सुबह करीब 11 बजे न्यूज एजेंसी ने बताया गया था कि सैफ अली खान पर हमले के संदिग्ध को पुलिस पूछताछ के लिए लाई है। इसका नाम शाहिद बताया गया था। कहा गया था कि उस पर पहले से ही हाउस ब्रेक के 5 केस दर्ज हैं।उधर, मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 14 जनवरी की रात 2 बजकर 42 मिनट पर शाहरुख खान के घर के बाहर एक व्यक्ति घर की रेकी करते दिखाई दिया। वह लोहे की सीढ़ी लगाकर झांकने के कोशिश कर रहा था। हालांकि, बंगले की रेकी के मामले में मुंबई बांद्रा के जोनल डीसीपी का कहना है कि अब तक इस बारे में कुछ भी सामने नहीं आया है। साथ ही डीसीपी ने लोगों से अफवाह न फैलाने की अपील की है। ऑटो ड्राइवर भजन सिंह ने बताया, रात में मैं गाड़ी चला रहा था। सतगुरु बिल्डिंग के सामने से किसी ने आवाज लगाई। रिक्शा, रिक्शा। मैंने ऑटो गेट के पास रोका। गेट से एक आदमी बाहर निकला। वो खून में लथपथ था। शरीर के ऊपर के हिस्से में जख्म था, खून बहुत बह रहा था। मैंने तुरंत उसे अपने रिक्शा में बैठा लिया।

वो लोग आपस में बात कर रहे थे कि होली फैमिली जाएंगे या लीलावती। मैंने पूछा- किधर जाना है? तो उन्होंने कहा, लीलावती अस्पताल चलो।

महाराष्ट्र में सड़क दुर्घटना में 9 लोगों की मौत

पुणे। महाराष्ट्र में नासिक ङ्क पुणे राजमार्ग पर शुक्रवार को एक मिनीवैन महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम की सड़क पर खड़ी बस से टकरा गयी जिससे नौ लोगों की मौत हो गयी। पुणे ग्रामीण पुलिस नियंत्रण कक्ष के एक अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना नारायणगांव के पास उस समय हुई जब नासिक से आ रहे तेज रफ्तार वाहन ने मिनीवैन को पीछे से टक्कर मार दी । मिनीवैन के ब्रेक फेल होने के कारण वह सड़क किनारे खड़ी बस से टकरा गयी। इस दुर्घटना में नौ लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। मृतकों में चार महिलाएं शामिल हैं। मृतकों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई हैं। नारायणगांव पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुरस्कार » पैरालिंपिक्स में जेवलिन का गोल्ड जीतने वाले नवदीप समेत 34 खिलाड़ियों को अर्जुन अवॉर्ड

शूटर मनु-चेस वर्ल्ड चैंपियन गुकेश समेत 4 को 'खेल रत्न'

नई दिल्ली (ए)। खेल मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2024 का वितरण राष्ट्रपति भवन में शुक्रवार को हुआ। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विजेताओं को सम्मानित किया। मुर्मू ने सबसे पहले भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया।

उनके अलावा, ओलिंपिक में डबल मेडल जीतने वालीं शूटर मनु भाकर, हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पैरा एथलीट प्रवीण कुमार को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पेरिस पैरालिंपिक्स में जेवलिन का गोल्ड जीतने वाले नवदीप समेत 34 खिलाड़ियों को अर्जुन अवॉर्ड दिया गया। इनमें 17 पैरा-एथलीट हैं, जबकि 2 लाइफ टाइम अचीवमेंट के लिए हैं। इनके अलावा 5 कोच को द्रोणाचार्य अवॉर्ड मिला। मनु भाकर ने अगस्त-सितंबर में पेरिस ओलिंपिक गेम्स में डबल ओलिंपिक मेडल जीते थे। वे 10 मीटर एयर पिस्टल इंडिविजुअल और मिक्स्ड डबल्स में तीसरे स्थान पर रहीं। उनके दो मेडल के दम पर भारत ने पेरिस ओलिंपिक में कुल 6 मेडल जीते थे। 18 साल के भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने सिंगापुर में 11 दिसंबर को वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप का खिताब जीता था। उन्होंने चीन के डिफेंडिंग चैंपियन डिंग लिरेन को 7.5-6.5 से फाइनल में हराया। इतनी कम उम्र में खिताब जीतने वाले गुकेश दुनिया के पहले प्लेयर बने हैं। इससे पहले 1985 में रूस के गैरी कैस्परोव ने 22 साल की उम्र में यह खिताब जीता था।

हरमनप्रीत की कप्तानी में भारत ने पेरिस ओलिंपिक में ब्रॉन्ज जीता : हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में भारतीय हॉकी टीम ने पेरिस ओलिंपिक 2024 में ब्रॉन्ज और एशियन गेम्स 2022 में गोल्ड मेडल जीता था।

पिछले साल 26 खिलाड़ियों को मिला था अर्जुन पुरस्कार

पिछले साल क्रिकेटर मोहम्मद शमी सहित 26 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार मिला था। जबकि 5 कोचों को द्रोणाचार्य अवॉर्ड मिला था। बैडमिंटन की स्टार जोड़ी सात्विक साईराज और चिराग शेट्टी को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार दिया गया था।

इमरान खान को भ्रष्टाचार केस में 14 साल की जेल, बुशरा को 7 साल सजा

इस्लामाबाद (ए)। पाकिस्तान की एक कोर्ट ने शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को भ्रष्टाचार के मामले में सजा सुनाई है। डॉन की खबर के मुताबिक इमरान को 14 और बुशरा को 7 साल की सजा मिली है। दोनों पर राष्ट्रीय खजाने को 50 अरब पाकिस्तानी रूपए का नुकसान पहुंचाने के आरोप लगे थे।

दोनों ने बुशरा बीबी के अल-कादिर ट्रस्ट के लिए पाकिस्तान सरकार की अरबों रुपए की जमीन सस्ते में बेच दिया था। इस मामले में इमरान को 9 मई 2023 को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद पूरे मुल्क में फौज के कई अहम ठिकानों पर हमले हुए थे। पाकिस्तान के नेशनल अकाउंटेबिलिटी ब्यूरो ने अल-कादिर ट्रस्ट केस में दिसंबर 2023 में इमरान खान (72), बुशरा बीबी (50), और अन्य 6 व्यक्तियों पर मामला दर्ज किया था। हालांकि जब इमरान के खिलाफ ये केस दर्ज हुआ, उससे पहले से ही वे तोशाखाना केस में अडियाला जेल में बंद थे।

न्यूज ब्रीफ

स्वनिधि से समृद्धि से लिंक किया गया

पाटन। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत पाटन के निर्देश पर प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत ऋण लेने वाले सभी हितग्राहियो को स्वनिधि से समृद्धि योजना से लिंक किया जा रहा है। शहरी पथ विक्रेता जिन्होंने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत 10000 या 20000 अथवा 50000 का लोन लिया है। इस योजना के माध्यम से उनके पूरे परिवार की सोशल प्रोफाइलिंग किया जाना है। स्वनिधि से समृद्धि योजना के माध्यम से शासन की महत्वपूर्ण योजनाएं जैसे आवास योजना, उज्वला योजना,जनधन खाता, पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, श्रम योगी मानधन योजना, निराश्रित पेंशन सहायता योजना आदि विभिन्न योजनाओं में पात्र पथ विक्रेताओं को सोशल प्रोफाइलिंग कर लाभान्वित किया जा रहा है। इस योजना के तहत पथ विक्रेता अपने परिवार के सभी सदस्यों के आधार कार्ड लेकर नगर पंचायत कार्यालय अथवा नजदीकी चॉइस सेंटर में जाकर अपनी सोशल प्रोफाइलिंग करा सकते हैं तथा योजनाओ का लाभ ले सकते हैं।

शिव मंदिर निर्माण का भूमिपूजन किया

राजनांदगांव। वार्ड क्रमांक 43 सर्किट हाउस वार्ड गौरव पथ गार्डन में आज पूर्व सांसद एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष के मुख्य आतिथ्य में पूजा अर्चना कर शिव मंदिर निर्माण का भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। वार्ड पार्षद खेमिन राजेश यादव के विशेष प्रयास से फॉरेस्ट कॉलोनी वासियों की बहुत पुरानी मांग को पार्षद के द्वारा आज पूरा किया गया। जिससे फॉरेस्ट कॉलोनी वासियों में उत्साह का माहौल बना हुआ है। इस अवसर पर शक्ति केंद्र प्रभारी कमल सोनी, सांसद प्रतिनिधि पूर्व पार्षद देवशरण सेन, पूर्व पार्षद शेखर यादव, पूर्व एल्डरमेन रमेश नारायण, बुथ अध्यक्ष धरम उईके, विनोद श्रीरंगे, सतीश रेवटकर, निशा श्रीवास, अमन यादव, सारांश यादव सहित कॉलोनीवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए स्वीकृति एवं डिसबर्स का विकल्प उपलब्ध

कवर्धा। भारत सरकार, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा 13 जनवरी 2025 को आयोजित समीक्षा बैठक में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों के राज्यांश और केन्द्रांश भुगतान की प्रक्रिया को शिथिल करने की घोषणा की गई है। बैठक में यह निर्देश दिया गया कि अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के राज्यांश भुगतान के बाद केन्द्रांश भुगतान के लिए संबंधित फाइल 20 जनवरी 2025 से अनिवार्य रूप से प्रेषित की जाए। इसके साथ ही, वर्ष 2024-25 के लिए अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना की प्रक्रिया को सरल करते हुए, स्वीकृति एवं डिसबर्स का विकल्प 16 जनवरी 2024 से पोर्टल पर उपलब्ध करवा दिया गया है।

उपमुख्यमंत्री में पंच कुंडीय रूद्र महायज्ञ और श्री शिव पुराण में शामिल हुए

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने विशेष पूजा-अर्चना कर प्रदेश की समृद्धि एवं खुशहाली के लिए आशीर्वाद मांगा, कवर्धा में धार्मिक आयोजनों का महोत्सव में श्री शर्मा ने की विशेष भागीदारी

समवेत शिखर संवाददाता

कवर्धा। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री श्री विजय शर्मा ने आज कवर्धा प्रवास के दौरान विभिन्न धार्मिक आयोजनों में सहभागिता करते हुए प्रदेश की खुशहाली और समृद्धि के लिए आशीर्वाद मांगा। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कवर्धा के सरदार पटेल मैदान में आयोजित पंच कुंडीय रुद्र महायज्ञ और श्री शिव पुराण में विधिवत पूजा-अर्चना की। साथ ही आयोजन में पंडरिया विधायक श्रीमती भावना भी शामिल हुए। यह महायज्ञ 14 जनवरी से प्रारंभ होकर 22 जनवरी तक चलेगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं। उन्होंने यज्ञ स्थल की परिक्रमा की और वहां उपस्थित श्रद्धालुओं से भी मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया।

इससे पहले, उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कवर्धा के वार्ड क्रमांक 27 में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में भाग लिया। इस दोनों आयोजन में स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं की बड़ी उपस्थिति देखी गई। उन्होंने आयोजन समितियों के सदस्यों से भेंट कर उनके प्रयासों की सराहना की और इस धार्मिक आयोजन को क्षेत्र में शांति, सद्भाव और सामाजिक समरसता को बढ़ाने वाला बताया। श्री शर्मा ने कहा कि धार्मिक आयोजनों का महत्व केवल आध्यात्मिक लाभ तक सीमित नहीं है, बल्कि ये समाज में सद्भावना और एकता का संचार भी करते हैं। जहां संत और साधु का आगमन होता है, वह क्षेत्र भी समृद्धि और शांति का केंद्र बन जाता है। उन्होंने इन आयोजनों को समाज को जोड़ने और सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने का सशक्त माध्यम बताया।

कवर्धा के सरदार पटेल मैदान में आयोजित पंच कुंडीय रुद्र महायज्ञ के दौरान वैदिक मंत्रों के उच्चारण और विधिवत पूजा-अर्चना से वातावरण पवित्र हो रहा है। आयोजकों के अनुसार यह महायज्ञ क्षेत्र में प्राकृतिक संतुलन, आध्यात्मिक उन्नति और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। वहीं, श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन में भाग लेने वाले श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं और उपदेशों का आनंद उठा रहे हैं। इन दोनों आयोजनों में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन शामिल हो रहे हैं। आयोजन समितियों ने बताया कि श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या आयोजन की सफलता को दर्शा रही है। कबीरधाम जिले में इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों की परंपरा लंबे समय से रही है। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा की उपस्थिति ने इन आयोजनों को और भी विशेष बना दिया। उन्होंने आयोजनों की सफलता की कामना करते हुए कहा कि इस तरह के प्रयास समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सहायक होते हैं। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से अधिकाधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला राम कुमार भट्ट, जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति श्री राम कुमार भट्ट, जनपद अध्यक्ष श्रीमती इंद्राणी दिनेश चन्द्रवशी, जनपद उपाध्यक्ष डॉ वीरेन्द्र साहू, श्री नितेश अग्रवाल, पार्षद श्री उमंग पांडेय सहित अन्य प्रतिनिधियो ने धार्मिक आयोजनों में शामिल हुए।

महादेव एप में दूसरे के सिम को लेकर करोड़ों का लेनदेन करने वाला एक फरार आरोपी गिरफ्तार

समवेत शिखर संवाददाता

भिलाईनगर। पुलिस ने महादेव आनलाइन सट्टा एप में दूसरे के सिम को लेकर करोड़ों का लेनदेन करने वाले एक फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक प्रार्थी धीरज महतो थाना आकरआरोपीगण गोविंदा चौहान एवं रविकांत मिश्रा व्दारा प्रार्थी एवं गवाहन मुकेश ताण्डी को लालच देकर इनकाआई.डी.एफसी. बैंक में खाता खुलवाकर खाते मे आरोपीगण गोविंदा चौहान एवं रविकांत मिश्रा द्धारा अपनी सिम दी, जो इनके द्धाराखोले गये खाते में लिंक करवायी गयी थी। रिपोर्ट पर अपराध क्र 1026/24 धारा 318(4), 319(2), 61(2), 111 बीएनएस दर्ज कराया गया कि विवेचना दौरान सीम का उपयोग आरोपीगणोंद्धारा आई.डी प्राप्त कर अवैध आई.डी के माध्यम से संचालित ग्रुप द्धारा उपरोक्त आई.डी के माध्यम से अवैध ऑनलाईन सट्टा का संचालन कर धर्नाजन करने के लियेअपनेएवंप्रार्थीवगवाह मुकेशताण्डी केआई.डी.एफसी बैंक के खातों का उपयोग किया जाता रहा। आरोपीगण गोविंदा चौहान एवं रविकांत मिश्राअपराध पंजीबद्ध होने के पश्चात फरार हो गये। आरोपीगणो के द्धारा वेब पोर्टल पर रोजनामचा एवं खबरछत्तीसगढ के नाम से समाचार चलाया जाता था। और वेब पोर्टल के आड में अवैध रूप से ऑनलाईन गेमिंगएप के माध्यम से अवैध रूप से धन अर्जन करने के लिये अपने एवं प्रार्थी व गवाह के खातों का उपयोगकिया गया। आई.डी के माध्यम से गोंमंग एप में उपयोग किये जा रहे तथाकथित कई खातां का डिटेलप्राप्त किया गया है। जिसमें आरोपीगणों द्धारा अन्य आरोपी के साथ मिलकर अवैध रूप से करोडों का लेनदेन किया जाना पाया गया। पुलिस अधीक्षकजितेन्द्र शुक्ला द्वारा धोखाधडी करने वालो के विरूद्ध त्वरितकार्यवाही करने के निर्देश प्राप्त है एवंअतिरिक्त पुलिस अधीक्षक(शहर भिलाई) सुखनदं न राठौर एवं नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर सत्यप्रकाश तिवारी के मार्ग दर्शन में आरोपीगणों की पता तलाश लगातार की जा रही थी। मुखबिर सूचना प्राप्तहोने पर आरोपी रविकांत मिश्रा को जुनवानी रोड मे अवैध रूप से खरीदी गई थार सीजी 07 सी.एस 7739में मिला। जिसे घेराबंदी कर हिरासत मे लेकर पुलिस थाने लाया गया।

टीबी मरीजों का समुचित उपचार किया गया

समवेत शिखर संवाददाता

भिलाईनगर। निक्षय निरामय 100दिवसीय पहचान व उपचार कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज दानी खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ भुनेश्वर कठौतिया व जिला क्षय एंव कुष्ठ अधिकारी डॉ. अभिषेक श्रीवास्तव सेक्टर मेडिकल आफिसर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई 3 डा आदित्य नारायण शर्मा के संयुक्त मार्गदर्शन में शंकास्पद टीबी, कुष्ठ ओर कुपोषित व्यक्ति एवं वयोवृद्ध स्वास्थ्य के अंतर्गत लकवाग्रस्त, सुनने की क्षमताओं की आवश्यकता वाले और विभिन्न 60वर्ष से ऊपर व्यक्तियों का सर्वेक्षण कराया गया।

बीईटीओ व स्वास्थ्य सुपरवाइजर सैय्यद असलम ने बताया कि इसी कड़ी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई 3 में शंकास्पद टीबी मरीजों का स्पूटम संग्रहण कर ट्रूनाट पद्धति से सेक्टर 9 अस्पताल, जिला चिकित्सालय दुर्ग व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन जांच हेतु भेजा। इसमें टी बी के शंकास्पद लोगों का सैम्पल लिया गया जांच निशुल्क कराई। जिन का कंफर्म रिपोर्ट आया है। उसको निशुल्क टी बी की दवाइयां देकर उपचार प्रारंभ किया गया। इस प्रकार के मरीजों को समय पर दवा खिलवाने एंव पोषण आहार की निशुल्क कीट देने निक्षय मित्र बनाते हैं।आज आर एम ए श्रीमती प्रज्ञा कुशवाहा,लैब टैक्नीशियन आलिया खातून ओर एल एच व्ही श्रीमती आर विश्वास बी ई ईटीओ सैय्यद असलम विभिन्न सकारात्मक मरीजों के निक्षय मित्र बनकर स्वयं के खर्च से पोषक तत्वों से भर पोषण आहार कीट जिसमे मूंगफली खाने का तेल,गुड, सोयाबीन बड़ी,चना, मूंगफली इत्यादि दिया गया।तथा जिन मरीजों का लक्षण रहित थे। मितानिन सर्वेक्षण में टीबी संदेहास्पद माना गया था। चिकित्सक के सलाह पर जिनहे फेफड़ों के संक्रमण देखने व जांच के निशुल्क एक्स-रे कराने 26 लोगों निशुल्क वाहन के माध्यम से सामाजिक स्वास्थ्य केंद्र झीठ भेजा गया। दो दिवस में कुल 48 लोगों का निशुल्क एक्स-रे कराया गया है।

राज्य स्तरीय रामायण संगीतमय मानसगान सम्मेलन का समापन

समवेत शिखर संवाददाता

बालोद। जिले के अंतिम गांव धमतरी सीमा क्षेत्र के ग्राम चिटौद में तीन दिवसीय छतीसगढ़ राज्य स्तरीय रामायण संगीतमय मानसगान सम्मलेन का आयोजन किया गया था। जिसका रविवार देर रात को समापन हुआ। मानसगान का शुभारम्भ 10 जनवरी को आयोजक समिति आदर्श युवा मानस प्रचार समिति एवं ग्रामवासी एवं अतिथि गण के द्वारा प्रभु श्रीराम चन्द्र जी की दीप प्रज्ज्वलन पूजा अर्चना कर प्रारंभ किया गया। प्रथम दिवस में दीप प्रज्ज्वलन में मुख्य अतिथि के रूप में श्री विजय पंजाबी समाज सेवी धमतरी, विशेष अतिथि आशीष साहू , योगेश्वर साहू शामिल हुए थे। अतिथियों के स्वागत के पश्चात् मंगलाचरण के रूप ग्राम चिटौद की मानस मंडली जय श्रीराम मानस मंडली का प्रथम मंचन हुआ।

द्वितीय दिवस में मुख्य अतिथि के रूप में पद्माकर वाईकर आराधना जलेबी भण्डार धमतरी एवं सुरेन्द्र तिवारी अधिवक्ता, गोकुल राम साहू , लोकनाथ पटेल ,दानेश्वर साहू , परमानन्द साहू , जागेश्वर निषाद जी उपस्थित थे। और अंतिम दिवस में अतिथि के रूप में गोलू रनसिंह ज्योति कुंज ढाबा , जीवराखन साहू , केशव सिन्हा पूर्व जनपद सदस्य गुरुर (वरिष्ठ पत्रकार) , प्रीतम रजक एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे। छतीसगढ़ राज्य के खयाति प्राप्त मानस मंडलियाँ के साथ दुसरे राज्य की मानस मंडलियाँ का आगमन ग्राम चिटौद में हुआ था। सभी मानस मंडलियाँ ने भगवान श्रीराम चन्द्र जी के त्याग , तपस्या , प्रेम , और संस्कार को अपने जीवन में उतारने के लिए कहा। व्याख्याकार ने रामकथा में कहा की सनातन धर्म को मानने वाले लोगो को अपने घरो में तुलसी का पौधा लगाना चाहिए। प्रतिदिन पौधे को पानी देकर सीचना चाहिए , मानस गान में सभी मंडली ने भगवान् श्रीराम चन्द्र जी गुणगान किया।आयोजक समिति आदर्श युवा मानस प्रचार समिति ने भक्तो के लिए एवं मानस मंडियों के लिए भंडारा की व्यवस्था किया था।अतिथियों में विजय पंजाबी, पद्माकर वाईकर, जीवराखन साहू ने ग्रामवासी को संबोधित किया की कलयुग में सिर्फ राम नाम ही सार है , मनुष्य को मोक्ष के प्राप्ति के लिए सिर्फऔर सिर्फ गरीबो की मदद और धर्म की रक्षा करने के साथ साथ राम नाम की जप करना चाहिए और भगवान् श्रीराम चन्द्र की बताये मार्ग पर चलना चाहिए। सभी अतिथियों एवं मानस मंडलियो ने आयोजक समिति आदर्श युवा मानस प्रचार समिति के सभी छोटे छोटे बच्चो के टीम को सराहा एवं साथ ही सभी ने इस समित्ति को ऐसे ही धार्मिक आयोजन करने की शुभकामनाएं दी।

छतीसगढ़ राज्य स्तरीय रामायण मानसगान सम्मलेन का आयोजन को सफल बनाने के लिए इस युवा टीम के संरक्षक रघुराम साहू , अध्यक्ष सुरेश साहू, कोषाध्यक्ष लोकेश कुमार साहू , उपाध्यक्ष तेजराम एच मंडावी , सचिव कमल सेन , सदस्यगण ब्रम्हा निषाद , युगल निषाद ,योगेश साहू , मोरजध्वज यादव , प्रकाश साहू , हिमांशु साहू, सागर यादव, डिगेश्वर साहू के साथ गाँव के सभी गुरुजनों का साथ मिला एवं समस्त ग्रामवासी का भरपूर सहयोग मिला।

स्कूल में हाथी पांव फाइलेरिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई

समवेत शिखर संवाददाता

खैरागढ़। शासकीय प्राथमिक शाला पुरेना संकुल केन्द्र घिरघोली विकास खंड छुईखदान जिला केसीजी में स्वास्थ्य विभाग छुईखदान की टीम रोहित कुमार साहू स्वास्थ सुपर वाइजर छुईखदान, जीवन लाल वर्मा आर एच ओ घिरघोली, संगीता तिवारी एच आई वी प्रेरक छुई खदान, मितानिन खिलेश्वरी मानिकपुरी पुरेना, प्रधान पाठक तुलेश्वर कुमार सेन, सहायक शिक्षक गोकुल राम वर्मा के द्वारा प्राथमिक शाला पुरेना के बच्चों को हाथी पांव फाइलेरिया के बारे में सहविस्तार प्रश्नोत्तरी शैली में कारण,बचाव और सुरक्षा संबंधित अन्य जानकारी प्रदान किया गया कि यह बिमारी मच्छर के काटने से होता है,अगर तीन सौ बार तक किसी व्यक्ति को कोई फाइलेरिया संक्रमित मच्छर काटता है तो संक्रमित होने की संभावना बन जाती है लगभग दो सौ बार तक के काटने से यह नहीं होता है हमारे शरीर के रोग प्रतिरोधक क्षमता लड़ लेती है दवाई खाने के बाद हमारे शरीर में कोई सामान्य प्रति क्रिया होती है तो कुछ देर में ठीक हो जाती है क्योंकि अंदर में आपस में जब दोनों का युद्ध होता है तो कभी कभी ऐसा हो जाता है परंतु डरना घबराना नहीं है बहुत अधिक गड़बड़ लगने पर स्थानीय स्वास्थ विभाग के तुम से सम्पर्क कर सकते हो इस बीमारी से हमारे पैर में बहुत सूजन हो जाता है और हाथी के पैर जैसा दिखने लगता है जिसके कारण इन्हें हाथी पांव फाइलेरिया कहते हैं।

वर्तमान में फाइलेरिया को चार प्रकार से देखा जा रहा है पहला हाथ और पैर में सूजन,दूसरा हाइड्रोसिल,तीसरा महिलाओं में स्तन सूजन और चौथा महिलाओं के जननांग के आसपास सूजन हो सकता है एक बार किसी को भी यह हो जाए तो अभी वर्तमान में इसका कोई इलाज उपलब्ध नहीं है केवल सावधानी पूर्वक रहकर साफ सफाई का ध्यान रखते हुए रहा जा सकता है वर्तमान में सरकार के द्वारा (सी एम डी ए)दवाई का पूर्व में सेवन कराया जा रहा है फाइलेरिया जन जागरूकता कार्यक्रम 10 फरवरी 2025 से 28 फरवरी 2025 तक आयोजित किया जा रहा है जिसमें ग्राम पंचायत,शाला परिसर में जा कर स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा लोगों को जागरूक किया जा रहा है आप सभी बच्चों को सामूहिक रूप से दवाई का सेवन करना है साथ ही अपने परिवार के लोगों को भी करवाना है और अंत में आप सभी बच्चों को प्रति मंगलवार को मिलने वाले आयरन गोली का सेवन करते रहना है इस गोली के सेवन से शरीर में खून की बढ़ोत्तरी होती है।

तहसीलदार ने स्ट्रांग रूम व मतगणना स्थल का किया निरीक्षण

आज मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन, चुनाव तारीख का इंतजार

थान खम्हरिया। राजनितिक गलियारो मे नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर गहमा-गहमी शुरू हो गयी है।

दावेदार बैनर पोस्टर के माध्यम से मतदाताओ के बीच अपनी पहचान बनाने मे छुट गये है,इधर प्रशासनिक हलको मे चुनावी तैयारीयां अंतीम चरण मे दिख रही है,आज तहसीलदार के आर वासनीक,नायब तहसीलदार मोरध्वज साहू तथा मुख्य नगरपालिका अधिकारी यशवंत देवांगन ने तहसील कार्यालय कैम्पस मे बनने वाली स्ट्रांग रूम व मतगणना स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा के जरूरी उपाय व मतगणना हेतु उचित स्थल का चयन करने रायशुमारी किया गया।आज मतदाता सूची का भी अंतिम प्रकाशन होना है कयास लगाया जा रहा है कि प्रकाशन के बाद संभवतः चुनावी तारीखो का एलान भी हो सकता है।इस संबंध मे आज मंत्रालय मे नगरीय प्रशासन विभाग,पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा परिवहन विभाग की एक अहम बैठक आहूत कर राज्य निर्वाचन आयोग को अपनी चुनाव तैयारीयो का ब्योरा सौप देंगे।हालाकि स्थानीय चुनाव को लेकर सरकार और आयोग के अलग अलग बयान से अब चुनाव को लेईर आमजन मे अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई है।

गौरतलब है कि नगर पंचायत थान खम्हरिया मे अध्यक्ष व पार्षदो का कार्यकाल 6 जनवरी को समाप्त हो चुका है राज्य सरकार ने प्रशासक के रूप मे तहसीलदार के आर वासनीक को नियुक्त किया है ऐसे अब छः माह के भीतर चुनाव कराने अनिवार्यता होगी जबकि ग्राम पंचायतो मे सरपंचो का कार्यकाल फरवरी मे समाप्त होने जा रहा है।इधर कुछ राजनीतिक पंडितो का मानना है कि सरकार की मंशा है कि प्रयागराज मे चल रहे महाकुंभ मेले के समाप्ति उपरांत ही चुनाव हो ताकि मतदाता आस्था की डूबकी लगाने से वंचित ना हो सके ऐसी कयासो ऐसी कयासो का दौर भी चल रहा।नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव नियत तिथि मे नही होने से प्रदेश सरकार बैक फूड मे आ गयी है,कभी दोनो चुनाव एक साथ कराने तो कभी अलग-अलग चुनाव कराने की बयान आने से संशय की स्थिति बन गयी है मगर अब स्पष्ट है कि नगरीय निकाय चुनाव पहले होने की जानकारी मिल रही है।लोगो की माने तो त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव मे धान की एकमुश्त राशि नही मिलने से किसानो मे भारी नाराजगी देखा गया है इसलिए अंतर की राशि का भुगतान सरकार नही करती तब तक पंचायत चुनाव नही होने वाला है।

नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी अब अंतिम चरण मे है बेमेतरा जिला मुख्यालय मे ईव्हीएम मशीन की टेस्टिंग हो चुकी,स्ट्रांग रूम व मतदान स्थल के साथ मतगणना स्थल का चयन भी हो चुका है ऐसे मे निकाय चनाव फरवरी के अंतिम सप्ताह मे निपटा लेने की बात कही जा रही है।कुछ प्रशासनिक अधिकारी के माने तो 20 या 21 जनवरी को चुनावी तारीखो का ऐलान होने की तैयारी है आज मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन भी है कुल मिलाकर चुनाव कराने राजनितिक दल व प्रशासन पूरी तरह से मानसिकता बना चुके है बस इंतेजार है तो निर्वाचन आयोग की चुनाव तारीखो का ऐलान का जैसे तैसे निकाय चुनाव फरवरी मे निपटाने की तैयारी दिख रही है।

अटल परिसर का निर्माण प्रगति पर, अटल बिहारी बाजपेयी की लगेगी प्रतिमा

नगर पंचायत के सीएमओ इंजीनियर ने किया निरीक्षण

समवेत शिखर संवाददाता

पाटन। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वकांक्षी योजना नगरीय निकायों में अटल परिसर का निर्माण अंतर्गत पाटन नगर पंचायत में भी 20 लाख की लागत से होगा निर्माण नगर पंचायत के पुराना बस स्टेंड वार्ड 3 में भारत रत्न पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी बाजपेई की आदमकद मूर्ति की स्थापना के साथ साथ लघु उद्यान का निर्माण होगा। पिछले 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री के जयंती अवसर पर प्रदेश स्तर पर वर्चुअल भूमिपूजन मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के हाथों किया गया था परिसर के कार्य प्रारंभ होने के बाद मुख्य नगर पालिका अधिकारी हेमंत वर्मा,अभियंता अर्जुन निर्मलकर ने निरीक्षण कर कार्य को गुणवत्ता से एवं जल्द पूरा करने के निर्देश दिए परिसर निर्माण का कार्य भूमि ट्रेडर्स के माध्यम से हो रहा है निरीक्षण के दौरान राजा संजय शर्मा, सांसद प्रतिनिधि नितेश तिवारी,नगर पंचायत के कर्मचारी संत राम यादव के अलावा अन्य उपस्थित रहे।

न्यूज ब्रीफ

प्रजापिता ब्रह्मा बाबा की 55वीं पुण्यतिथि आज

रायपुर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के सदस्य 18 जनवरी को अपने संस्थापक



पिताश्री प्रजापिता ब्रह्मा बाबा की 55 वीं पुण्यतिथि को विश्व शान्ति दिवस के रूप में मनाएंगे। विश्व के पांचों महाद्वीपों में 137 देशों में फैले अपने 8500 (साढ़े आठ हजार) से भी अधिक सेवाकेन्द्रों में इस अलौकिक संस्थान के दस लाख सदस्य कल सारा दिन आत्म चिन्तन में बिताएंगे तथा राजयोग के अभ्यास के द्वारा समग्र विश्व में शान्ति के प्रकम्पन फैलायेंगे। यह कार्यक्रम पूरे विश्व में एक साथ और एक ही समय पर आयोजित किए जाएंगे। राजधानी में श्रद्धाजंलि सभा का आयोजन विधानसभा रोड स्थित शान्ति सरोवर और चौबे कालोनी सहित सभी पन्द्रह सेवाकेन्द्रों में किया जाएगा। कल प्रात- काल से ही प्रार्थना सभाओं का दौर प्रारम्भ हो जाएगा। इसके पश्चात ब्रह्माबाबा को श्रद्धाजंलि अर्पित की जाएगी एवं परमात्मा को भोग स्वीकार कराया जाएगा। संस्था के मुख्यालय माउण्ट आबू में भी व्यापक स्तर पर श्रद्धाजंलि सभा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें भाग लेने के लिए विभिन्न देशों से पच्चीस हजार लोग माउण्ट आबू में पहुँचे हैं। ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार 18 जनवरी 1969 को पिताश्री ब्रह्माबाबा ने सम्पूर्ण अवस्था को प्राप्त कर पार्थिव देह का कलेवर त्यागा था। इसलिए यह दिवस समग्र मानव जाति के लिए दिव्यता सम्पन्न जीवन बनाने का सन्देश लेकर आता है। विश्व में शान्ति और सद्भावना के लिए कार्यरत ब्रह्माकुमारी संगठन ने आज सारे संसार में अपनी एक अलग ही पहचान बनाई है।

86वीं सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस टीम घोषित

रायपुर। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ के तत्वावधान में गुजरात स्टेट टेबल टेनिस संघ द्वारा सूरत में 19 से 26 जनवरी 2025 तक ÷86वीं सीनियर राष्ट्रीय एवं अंतर राज्यीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2024÷ आयोजित की जा रही है जिसके लिये छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष श्री शरद शुक्ला जी द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के सीनियर (पुरूष एवं महिला) टीम की घोषणा की गयी। इस अवसर पर कनाडा के मास्टर्स बैडमिंटन खिलाड़ी एवं राज्य के पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी श्री राहुल ताम्रकार, संघ पदाधिकारी श्री विनय बैसवाड़े सहित सभी पदाधिकारियो ने टीम को शुभकामनाए दी एवं अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद जतायी।प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु छत्तीसगढ़ राज्य कि सीनियर (पुरुष एवं महिला) टीम आज रवाना हुयी । टीम के कोच श्री पी.एन. मजुमदार (रायपुर) एवं मेनेजर श्रीमती गीतांजली पाठक (दुर्ग) है। छत्तीसगढ़ से प्रतियोगिता में अंपायरिंग के लिए अंतर्राष्ट्रीय अंपायर श्री प्रवीण निरापुरे (रायपुर) को चुना गया है ।

छत्तीसगढ़ टीम इस प्रकार है : सीनियर पुरुष ः- अर्जुन मल्होत्रा (रायपुर), प्रणय चौहान (रायपुर), अरिंदम देबनाथ (रायपुर), सागर घाटगे- कप्तान (रायपुर), राजीव साहू (रायपुर)

सीनियर महिला: सुष्मिता सोम -कप्तान (बिलासपुर), प्रज्ञा पाठक (दुर्ग), सुरभि मोदी (रायपुर), लावण्या पांडे (रायपुर), दीप्ती मंडावी (कोंडागांव) उपरोक्त जानकारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के उपाध्यक्ष श्री विनय बैसवाड़े ने दी।

ट्रैक्टर मैकेनिक कोर्स का प्रशिक्षण लेने वालों को मिला रोजगार

रायपुर। जोरा के लाईवलीहुड कॉलेज में महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा लिमिटेड के द्वारा ट्रैक्टर मैकेनिक कोर्स में प्रशिक्षण के लिए नवीन तकनीक से सुसजित लैब स्थापित किया गया है। जहाँ महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा लिमिटेड के तकनिकि विशेषज्ञों द्वारा कौशल विकास योजना अन्तर्गत ट्रैक्टर मैकेनिक कोर्स में कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। प्रशिक्षित प्रथम बैच के सभी हितग्राहियो को 27 नवम्बर 2024 को प्लेसमेंट कैम्प आयोजित कर महिन्द्रा ट्रैक्टर डीलरशीप एवं प्लांट में रोजगार प्रदान किया गया। इस कोर्स हेतु जिले में निवासरत 18 से 45 वर्ष के इच्छुक हितग्राही आवेदन जमा कर सकतें हैं।

छत्तीसगढ़ ने स्वच्छ पर्यावरण और नेट जीरो एमिशन के लक्ष्य को पाने की दिशा में की है बड़ी पहल : सीएम साय

मुख्यमंत्री की मौजूदगी में नगरीय ठोस अपशिष्ट से कंप्रेस्ड बायोगैस उत्पादन के लिए हुआ एमओयू

समवेत शिखर न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ ने स्वच्छ पर्यावरण और नेट जीरो एमिशन के लक्ष्य को पाने की दिशा में बड़ी पहल की है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में नगरीय ठोस अपशिष्ट से कंप्रेस्ड बायोगैस उत्पादन के लिए छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल विकास प्राधिकरण, गेल इंडिया लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम और प्रदेश के 6 नगर निगमों के बीच ऐतिहासिक त्रिपक्षीय एमओयू संपन्न होने के अवसर पर यह बात कही। मुख्यमंत्री ने सभी संस्थाओं को इस विशेष एमओयू के लिए शुभकामनाएं दी और कहा कि यह कदम स्वच्छता, ऊर्जा उत्पादन और सतत विकास के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ को एक नई पहचान दिलाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास में आज एक और महत्वपूर्ण कड़ी जुड़ रही है। छत्तीसगढ़ में सतत योजना के अंतर्गत नगरीय ठोस अपशिष्ट से कम्प्रेस्ड बायोगैस उत्पादन की दिशा में हम तेजी से आगे बढ़ रहे है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत की थी और इसी पहल के माध्यम से देशवासियों में अपने परिवेश की स्वच्छता को लेकर व्यापक चेतना आई थी। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश में स्वच्छता को लेकर बेहतर काम हो रहे हैं। नगरीय निकायों में इन संयंत्रो की स्थापना से शहरों को स्वच्छ-सुंदर बनाने का हमारा संकल्प पूरा होगा। जैव ईंधन के रूप में बायोगैस के उत्पादन से हमारी ऊर्जा की आवश्यकता भी पूरी होगी और वेस्ट टू एनर्जी की परिकल्पना भी साकार होगी। उन्होंने एमओयू में शामिल सभी संस्थाओं से संयंत्र की स्थापना के कार्य को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने का करने को कहा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि इस एमओयू से पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता जैसे बड़े उद्देश्य की पूर्ति के साथ-साथ रोजगार भी सृजित होंगे। भारत सरकार के प्रतिष्ठित संस्थाओं के सहयोग से यह कार्य पूरा होगा और इस क्षेत्र में उनकी विशेषज्ञता का लाभ भी हमें मिलेगा।

उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और वेस्ट टू वेल्थ की दिशा में बड़े निर्णय लिए गए हैं। प्रदेश में स्वच्छता को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है और शहरों के लिए आज यह बहुत महत्वपूर्ण विषय हो गया है। हमारा लक्ष्य है कि नगर स्वच्छ, सुंदर और सुविधापूर्ण बने और भारत सरकार के प्रतिष्ठित संस्थाओं के साथ एमओयू से यह कार्य गुणवत्ता के साथ पूर्ण होगा। एमओयू के दौरान मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री पी. दयानंद मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. बसवराजु एस, गेल इंडिया, बीपीसीएल, छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल विकास प्राधिकरण और 06 नगरीय निकायों के अधिकारी मौजूद रहे। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल विकास प्राधिकरण (सीबीडीए) के निरंतर प्रयास से नगर पालिक निगम अंबिकापुर, रायगढ़, कोरबा, बिलासपुर, राजनांदगांव और धमतरी में नगरीय ठोस अपशिष्ट से कम्प्रेस्ड बायोगैस संयंत्र की स्थापना हेतु सीबीडीए, गेल एवं बीपीसीएल के साथ आज त्रिपक्षीय एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया। इनमें नगर पालिक निगम अंबिकापुर, रायगढ़, कोरबा और सीबीडीए एवं गेल इंडिया लिमिटेड के बीच तथा नगर पालिक निगम बिलासपुर, धमतरी, राजनांदगांव और सीबीडीए एवं भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड के बीच समझौता हुआ।

परियोजना की प्रमुख विशेषताएं : इस एमओयू के माध्यम से 6 नगर पालिक निगमों के लगभग 350 मीट्रिक टन प्रतिदिन नगरीय ठोस अपशिष्ट एवं लगभग 500 मीट्रिक टन अधिशेष बायोमास का उपयोग जैव ईंधन उत्पादन के लिये किया जावेगा। इन 06 संयंत्रों से प्रतिदिन लगभग 70 मीट्रिक टन कंप्रेस्ड बायोगैस का उत्पादन होगा। इन परियोजनाओं में लगभग 600 करोड़ रुपये का निवेश पूर्ण रूप से गैल और बीपीसीएल द्वारा किया जाएगा। इसी प्रकार संयंत्रों से होने वाले उत्पादन और बिक्री से राज्य को प्रतिवर्ष लगभग 6 करोड़ रुपये का जीएसटी प्राप्त होगा। एमओयू के फलस्वरूप संयंत्रों की स्थापना से उत्पन्न सह-उत्पाद से जैविक खेती को बढ़ावा मिलेगा। कचरे के प्रभावी निपटान से ग्रीनहाउस गैस के उत्सर्जन में कमी आएगी और छत्तीसगढ़ नेट जीरो एमिशन प्राप्ति की दिशा में अग्रसर होगा।

रायपुर कोर्ट में वकीलों ने की युवक की पिटाई

समवेत शिखर न्यूज

रायपुर। रायपुर कोर्ट में वकीलों ने एक युवक की जमकर पिटाई कर दी है। युवक पर एक वकील को जान से मारने की कोशिश का आरोप था। जिसके बाद पुलिस उसे अदालत लेकर पहुंची थी। जहां पर वकीलों ने झूमाझटकी करते हुए बाल खींचकर युवक को पीटना शुरू कर दिया। इस घटना का वीडियो भी सामने आया, जिसमें दिख रहा है कि आरोपी को पुलिस सुरक्षा घेरे में ला रही है। इसी दौरान हंगामा हो गया।

बताया जा रहा है कि इस हंगामे में आईपीएस समेत कई पुलिस वालों के साथ भी जमकर धक्का मुक्की हुई है। जिसमें चोटें भी आई है। मनोज कुमार सिंह ने खमतराई थाने में एफआईआर दर्ज करवाई। उसने बताया कि अजय सिंह उनका साढ़ू भाई है। जिसके साथ पुराना विवाद है। 16 जनवरी को सुबह साढ़े 7 बजे के करीब मनोज अपने परिचित वकील दीर्घश कुमार शर्मा के साथ खड़ा था। दोनों वहां महादेव के मंदिर में पूजा-पाठ कर रहे थे। तभी अजय आ पहुंचा। उसने दीर्घश को कहा कि तुम ही मेरे खिलाफ मनोज का केस लड़ते हो। फिर उसने गाली-गलौज शुरू कर दी। इसके बाद अजय सिंह ने दीर्घश को थप्पड़ जड़ दिया। फिर पत्थर से हमला कर दिया। जिसे दीर्घश घायल हो गया और खून निकलने लगा। कुछ दूर आगे बढ़ने पर अजय सिंह फिर एक बार चाकू लेकर दौड़ते हुए आया। फिर मनोज के ऊपर जानलेवा हमला कर दिया। मनोज अपनी जान बचाने के लिए नीचे झुक गया। आसपास मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर अजय को रोका। इस वारदात के बाद खमतराई थाने में वकीलों ने बवाल कर दिया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी अजय सिंह को हिरासत में लिया। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने मारपीट, गाली गलौज और जानलेवा हमला के मामले में एफआईआर दर्ज किया है। इसी केस के बाद पुलिस शुक्रवार को आरोपी अजय सिंह को जज के सामने पेश करने के लिए अदालत लेकर आई थी।

नेहरू ने अंबेडकर को चुनाव हराया : तावड़े

समवेत शिखर न्यूज

रायपुर। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े ने राजधानी रायपुर में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान आयोजित सभा को संबोधित किया। इस दौरान श्री तावड़े ने कांग्रेस को घेरा। अपनी बात की शुरुआत करते हुए श्री तावड़े ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और जवाहरलाल नेहरू ने बाबा साहब अंबेडकर का अपमान किया। उन्हें जानबूझकर चुनाव हरवाया, मंत्री पद से इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया। यहां तक कि उनके निधन के बाद दिल्ली में उनका अंतिम संस्कार भी होने नहीं दिया और उनके पार्थिव शरीर को जवाहरलाल नेहरू ने मुंबई भिजवा दिया।

श्री तावड़े ने कहा कि कांग्रेस ने झूठा नरेटिव सेट किया कि मोदी जी को 400 पार सीटें मिली तो ये संविधान में बदलाव करेंगे, जबकि संविधान निर्माता बाबा साहब अंबेडकर को भारत रत्न किसी ने दिया तो भाजपा समर्थित एनडीए सरकार ने दिया। इतने सालों में कांग्रेस ने कभी उन्हें सम्मान नहीं दिया।

श्री तावड़े ने आगे कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी को चुनाव में हरवाने का काम नेहरू ने किया, मंत्रिमंडल से इस्तीफा देने के लिए नेहरू जी ने बाबासाहेब जी को बाध्य किया। बाबासाहेब अंबेडकर का दिल्ली में देहांत हुआ तो पंडित जवाहरलाल नेहरू ने उनका पार्थिव शरीर मुंबई ले जाओ कह दिया। दिल्ली में बाबा साहब का अंतिम संस्कार नहीं होने दियाष। उनका राष्ट्रीय स्मारक कांग्रेस ने नहीं बनने दिया। तावड़े ने कहा कि बाबासाहेब नहीं होते तो जवाहरलाल नेहरू धर्म के आधार पर आरक्षण देने के लिए निकले थे, बाबा साहब अंबेडकर जी ने उन्हें रोका। नेहरू धारा 370 परमानेंट नेहरू करने वाले थे बाबा साहब अंबेडकर ने उन्हें रोका। मुझे लगता है कि भारत रत्न अंबेडकर के कदमों पर चलने का काम अगर कोई करती है तो भारतीय जनता पार्टी करती है।

कांग्रेस ने संविधान के साथ खिलवाड़ किया : आपातकाल का किस्सा बताते हुए तावड़े ने कहा- जब इलाहाबाद हाईकोर्ट का निर्णय इंदिरा गांधी सरकार के विरोध में गया तो संविधान के साथ खिलवाड़ का उदाहरण देखिए कि कांग्रेस ऐसा विधेयक ले आई कि संसद में सुप्रीमकोर्ट दखलदाजी नहीं कर सकती। संविधान की धज्जियां उड़ाने का काम कांग्रेस ने किया और आज हमको सिखा रहे हैं। आखिर में तावड़े ने कहा कि हम संविधान के सम्मान में नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में संविधान दिवस मनाते हैं। अब हमें कांग्रेस के झूठे नरेटिव के प्रति जनता को जागरुक करना है। हमें इनकी वास्तविकता डोर टू डोर जाकर जनता को बताने की जरुरत है। हम ये करेंगे और करके रहेंगे।

सरकार ओबीसी वर्ग के आरक्षण को बहाल करें : बैज

समवेत शिखर न्यूज

रायपुर। राजीव भवन में पत्रकारों से चर्चा करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि अभी चुनाव कार्यक्रम घोषित नहीं हुआ है, सरकार आरक्षण को रद्द कर फिर से आरक्षण कराये। ओबीसी वर्ग के आरक्षण को बहाल करे, इसके लिये अध्यादेश लाना पड़े तो लाया जाये। विधानसभा की विशेष सत्र बुलाना पड़े, बुलाया जाये लेकिन ओबीसी वर्ग के आरक्षण को बहाल किया जाये। भाजपा सरकार के द्वारा कराये गये वर्तमान आरक्षण प्रक्रिया के चलते प्रदेश में ओबीसी वर्ग का नुकसान हुआ है।

जिला पंचायत अध्यक्ष का एक भी सीट ओबीसी के लिये आरक्षित नहीं है। प्रदेश के सभी जिला पंचायत एवं जनपदों में जहां पहले 25 प्रतिशत सीटें अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिये आरक्षित हुआ करती थी, अब अनुसूचित क्षेत्रों में ओबीसी आरक्षण लगभग खत्म हो गया है। पूर्व में ओबीसी के लिये आरक्षित ये सभी सीटें अब अन्य वर्ग के लिये आरक्षित हो चुकी है।

साय सरकार के द्वारा आरक्षण प्रक्रिया के नियमों में किए गए दुर्भावनापूर्वक संशोधन के बाद अनुसूचित जिले और ब्लॉकों में जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य और पंचों का जो भी पद अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित था, अन्य वर्ग के लिये आरक्षित हो गया है। पहले ओबीसी को धोखा दिया, अब सामान्य वर्ग को ठगने जा रहे। जब पूरे प्रदेश में सरकार के खिलाफ विरोध हो रहा तब कह रहे कि अनारक्षित वर्ग की आधा सीटों में पिछड़ा वर्ग को लड़ायेंगे। पहले तो पिछड़ों के संवैधानिक अधिकार में डाका डाला, अब जले पर नमक छिड़क रहे। अनारक्षित सीटों में तो सामान्य, एससी, एसटी, ओबीसी कोई भी लड़ सकता है और जहां पर जैसी परिस्थिति होती है लोग लड़ते भी है, इसमें भाजपा क्या अहसान कर रही? भाजपा का अहसान नहीं बाबा साहब के संविधान के द्वारा दिया गया आरक्षण का अधिकार चाहिये।

हार के डर से घबराई भाजपा ईवीएम की शरण में : हार के डर से घबराई भाजपा ईवीएम की शरण में पहुंच गयी है। नगरीय निकाय ईवीएम से कराने की अधिसूचना जारी की गयी है। भाजपा को पता है कि बिना ईवीएम के वह कोई चुनाव नहीं जीत सकती है। पहले स्थानीय निकायों के चुनाव बैलेट पेपर से कराने की घोषणा उसके बाद यू-टर्न लेकर नगरीय निकायों के चुनाव ईवीएम से कराने का निर्णय बताता है कि भाजपा चुनाव से घबरा रही है। ईवीएम से चुनाव कराने का फैसला भाजपा के चुनावी डर के कारण आया है। इसके पहले भी जिन राज्यों में ईवीएम से चुनाव में भाजपा की जीत हुई थी उन्हीं राज्यों में कुछ महिनों के अंदर बैलेट पेपर से हुये स्थानीय निकाय के चुनावों में भाजपा की बुरी तरह पराजय हुई थी। भाजपा यह जान रही है छत्तीसगढ़ में बैलेट पेपर से नगरीय निकाय के चुनाव में भाजपा नहीं जीतने वाली है। इसीलिए घोषणा के बाद भी ईवीएम से चुनाव कराने की अधिसूचना जारी किया गया।

एक्टर लोधी कुणाल का सुझाव अमर शहीद वीरांगना अवंतीबाई लोधी की गौरवगाथा पर बने शार्ट फिल्म

रिएवेरा रिसोट के वाटर पार्क में गूंजा लक्ष्मण, सीया, रामचंद्र के जयकारे

समवेत शिखर संवाददाता

रायपुर। रामायण के पात्र लक्ष्मण व बॉलीवुड एक्टर लोधी कुणाल सिंह राजपूत ने राजनांदगांव के समीप रिएवेरा रिसोर्ट के आधुनिक वाटर पार्क का शुभारंभ किया, इस दौरान लखन, सीया, रामचंद्र की जय का जयकारे से संपूर्ण परिसर गूंजायमान हो गया। इससे पूर्व कि वे कुम्हारी टोल प्लाजा के पास स्थित लोधेश्वरधाम का भी उन्होंने भ्रमण कर निर्माण कार्य के लिए आवश्यक सुझाव दिया। इस दौरान उन्होने समाज के लोगों को सुझाव देते हुए कहा कि क्यों ना अमर शहीद वीरांगना अवंतीबाई लोधी की गौरवगाथा पर शार्ट फिल्म बनाई जाए, इस पर सभी लोगों हामी भरी कि इस पर जल्द विचार किया जाएगा।

उन्होंने संबोधन में कुणाल ने कहा कि मैं रामायण धारावाहिक में लक्ष्मण का रोल अदा किया है। इस मकसद से मैं प्रदेश का भांजा ही हुआ, यहां की कला, संस्कृति, बोली, भाषा बहुत ही मीठा है। अनेकों शूटिंग के दौरान यहां के कलाकारो के साथ मिलने का अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि रामायण में प्रसंग आया था जिसका जिक्र करते हुए उन्होने कहा कि जब शिव धनूष बाण पर परतंक्षा चढ़ाने की बाते थी, तब कोई भी राजा महाराजा, शूरवीर शिव धनूष को नही उठा पाये, तब जनक जी ने कहा कि यह धरती शूरवीरो से खाली है। तब मेरा गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। मैंने भैय्या से कहा कि आपकी आज्ञा हो तो धनूष बाण को उठा लू क्या, मैं इसे गेंद की तरह उछालकर फेंक सकता हूं।

संसार छोड़ संयम की राह पर चलेंगी सीए राखी सांखला

बालोद के डौंडीलोहारा की हैं राखी सांखला, 7 फरवरी को राजस्थान में दीक्षा लेंगी, रविवार 19 जनवरी को जैन दादाबाड़ी में अभिनन्दन समारोह

समवेत शिखर संवाददाता

रायपुर। बालोद के डौंडीलोहारा में पली-बढ़ी बेटी राखी सांखला सांसारिक जीवन त्यागकर संयम पथ पर चलने जा रहीं हैं। उन्होंने एमकॉम, सीए आईपीसीसी ग्रुप 1 की पढ़ाई की है। परम पूज्य आचार्य भगवान 1008 श्री रामलाल जी कर पावन निश्रा में संभवतः 7 फरवरी को राजस्थान में दीक्षा लेंगी। उन्होंने लगभग 200 किलोमीटर का विहार पदयात्रा किया है। धार्मिक शिक्षा में उन्होंने आरुग्गबोहिलाभं, उन्नयन, मुमुसु शिविर, मोक्षार्थी शिविर, मोक्षानुभुति शिविर, आरोहणा शिविर आदि किया हैं। वह मुकेश ललिता सांखला की पुत्री, सर्वज्ञ सांखला की बहन हैं। धार्मिक अध्ययन में उन्होंने श्रीदशवैकालिक सुत्र, श्रीउत्तराध्ययन सुत्र, श्रीनंदी सुत्र, श्रीसुखविपाक सुत्र, श्रीउववाई सुत्र की 22 गाथाएं, श्रीअनुत्तरीपपातिक सुत्र, श्रीभगवती, श्रीप्रज्ञापना सुत्र के कुछ थोकड़े, पुच्छिसुणं, कर्म प्रज्ञप्ति-1-16 लगभग आदि किया है। जैन संस्कार पाठ्यक्रम 1-4 श्रुत आरोहक 1और 2 की धार्मिक परीक्षा भी दिलाई है।

अहिंसा, अपरिग्रह संयम को समर्पित किया जीवन : वैराग्य धारण करने पर मुमुक्षु बहन राखी का कहना है कि अहिंसा, अपिरग्रह और संयम... समाज में इन्हीं तीन सिद्धांतों से शांति आ सकती है। जीवन के लिए भी यही तीन सिद्धांत लागू होते हैं। इसी पर चलकर आत्मकल्याण की ओर अग्रसर होने के लिए उन्होंने दीक्षा लेने का फैसला लिया। गुरु भगवंतों की कृपा और परिवार के सहयोग, आशीर्वाद से दीक्षा लेकर वे अपना जीवन धर्म-अध्यात्म में बिताएंगी। जीवन का वास्तविक अर्थ समझने के लिए वे दीक्षा को जरूरी मानती हैं।

जैन दादाबाड़ी में जैन समाज द्वारा अभिनन्दन समारोह : मुमुक्षु सुश्री राखी सांखला सांसारिक जीवन को त्यागकर संयम के मार्ग पर अग्रसर हो रही है । जैन संवेदना ट्रस्ट के महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने कहा कि संयम जीवन ही मोक्ष प्राप्ति की प्रथम सीढ़ी है । मुमुक्षु के बहुमान व अनुमोदना के भावों से हमारे जीवन में भी ऐसा अवसर आने का सौभाग्य प्राप्त हो सकता है । 19 जनवरी रविवार को प्रातः 10 बजे से श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी , एम जी रोड़ में अभिनन्दन समारोह आयोजित किया गया है । मुमुक्षु राखी के वीर माता पिता मुकेश ललिता सांखला का भी अभिनन्दन जैन समाज द्वारा समारोह में किया जावेगा ।

जब गलत काम नहीं किया तो डरे नहीं, साइबर क्राइम से बचने लुभावने फोन कॉल की शिकायत करें नजदीकी थाने में : कलेक्टर

समवेत शिखर न्यूज

रायपुर। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के माध्यम से स्व सहायता समूह की महिलाओं के लिए वित्तीय एवं सायबर ठगी से बचाव हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन आज रेडक्रास सोसायटी सभाकक्ष में किया गया। इस कार्यशाला में कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने महिलाओं को सायबर ठगी से सावधान रहने और जागरूक रहने के लिए दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा, जब गलत काम नहीं किया है तो डरने की कोई आवश्यकता नहीं है, लुभावने फोन कॉल्स से बचें और ऐसी घटनाओं की शिकायत नजदीकी थाने में करें। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप ने पैसे के सदुपयोग के बारे में चर्चा की और इस पर ध्यान देने की आवश्यकता जताई। आरबीआई के प्रतिनिधि श्री दिग्विजय राउत एलडीओ, श्री आकाश सिंघल सहायक प्रबंधक आरबीआई और श्री राज हाइत एलडीएम रायपुर ने सायबर ठगी के बारे में विस्तार से जानकारी दी और इससे बचाव के उपायों के बारे में बताया। इसके अलावा, ठगी की घटना होने के बाद क्या कदम उठाने चाहिए, इस पर भी मार्गदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत गठित सभी क्लस्टर संगठन के पदाधिकारी, कैडर, स्व सहायता समूह की महिलाएं और बिहान अमला भी उपस्थित था।

कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने किया विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण

रायपुर। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने आज जिला महिला बाल विकास कार्यालय, रोजगार कार्यालय, नगर निगम और जिला अस्पताल पंडरी का निरीक्षण किया और कर्मचारियों की उपस्थिति रजिस्टर की जांच की। उन्होंने अनुपस्थित कर्मचारियों के बारे में जानकारी ली और बिना सूचना के अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके बाद नगर निगम प्रशासक एवं कलेक्टर डॉ सिंह ने नगर निगम कार्यालय का निरीक्षण भी किया और डाटा सेंटर में जाकर निष्ठा ऐप से ऑनलाइन उपस्थिति की जानकारी ली। साथ ही कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। सभाकक्ष में सभी कर्मचारियों को बुलाया उपस्थिति जांची, निष्ठा ऐप में एंट्री किए गए कर्मचारियों को क्रास चेक किया। डॉ सिंह ने कहा कि सुबह किसी भी हाल में 10 बजे कार्यालय आ जाए और शाम को 5:30 बजे से पहले कार्यालय ना छोड़े, अन्यथा वेतन काटा जायेगा।

शिखर बने उतुंग, शिखर अपने प्रताप से।
डरे कभी वह नहीं, किसी के उग्र शाप से।।

संपादकीय

गाजा में युद्ध विराम

इजरायल और हमास के बीच गाजा में युद्धविराम समझौता लगभग तय हो गया है। सहमति में अमेरिका और नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की भूमिका अहम रही है। इस समझौते से 7 अक्टूबर 2023 को शुरू हुई जंग में 46000 मौतों और अनेक विस्थापन के बाद राहत मिलेगी। हालांकि, स्थायी शांति की गारंटी अभी नहीं है। इजरायल और हमास के बीच गाजा में युद्धविराम समझौते को लेकर सहमति बनने की खबर हर लिहाज से राहत देने वाली है। हालांकि अभी तक दोनों पक्षों की तरफ से समझौते की औपचारिक घोषणा नहीं हुई है लेकिन माना जा रहा है कि आखिरी पलों में थोड़े और मान-मनौव्वल की जरूरत भले पड़े, समझौते पर अमल शुरू हो जाएगा।

ट्रंप की भूमिका : इस सहमति के पीछे अमेरिका की भूमिका तो है ही, नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप का इसमें निजी दिलचस्पी लेना भी खासा महत्वपूर्ण साबित हुआ है। उन्होंने पहले ही चेतावनी जारी कर दी थी कि उनके पद ग्रहण करने से पहले बंधक छोड़ दिए जाने चाहिए। सहमति बनने की घोषणा भी सबसे पहले ट्रंप ने ही की।

शांति की कीमत : यह शांति अच्छी खासी कीमत देने के बाद हासिल हो रही है। 7 अक्टूबर 2023 को हमास की ओर से इजरायल में किए गए जिस आतंकी हमले से यह जंग शुरू हुई उसमें 1200 लोग मारे गए थे और 250 लोग बंधक बना लिए गए थे। उसके बाद गाजा पर की गई इजरायली कार्रवाई में 46000 लोग मारे जा चुके हैं। गाजा की 90 फीसदी आबादी विस्थापित हो चुकी है। लेबनान, सीरिया, यमन और इराक तक इस संघर्ष की चपेट में आ चुके हैं और इस बात का डर लगातार बना रहा कि कहीं इजरायल और ईरान में सीधा युद्ध न शुरू हो जाए। स्वाभाविक ही शांति की यह संभावना न केवल मध्यपूर्व के लिए बल्कि पूरी दुनिया के लिए राहत बनकर आई है।

बाकी हैं सवाल : हालांकि इस कथित सहमति को लेकर कई सारे सवाल बने हुए हैं। कहा जा रहा है कि अगर सहमति पर दोनों पक्ष कायम रहे और इस पर अमल शुरू हुआ तो भी इस बात की गारंटी नहीं है कि इससे स्थायी शांति कायम हो ही जाएगी। पहले छह हफ्ते के युद्धविराम के दौरान जहां 33 बंधक छोड़े जाने हैं, वहीं स्थायी युद्धविराम की शर्तों पर बातचीत शुरू होनी है। आगे चलकर सारे बंधक छोड़े जाने की बात है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि उनमें से कितने जीवित हैं। युद्धविराम के बाद गाजा में शासन की क्या और कैसी व्यवस्था होगी, यह भी तय होना बाकी है।

अवसर व्यर्थ न जाए : बहरहाल, यह सहमति शांति के लिए एक अच्छा मौका है। उम्मीद की जानी चाहिए कि दुनिया की तमाम शांतिकामी शक्तियां इस मौके को जाया नहीं होने देंगी।

धर्म बांटने की नहीं, जोड़ने की जीवन पद्धति है

■ ललित गर्ग, वरिष्ठ स्तंभकार

विश्व धर्म दिवस हर साल जनवरी के तीसरे रविवार यानी इस वर्ष 19 जनवरी को मनाया जा रहा है। यह दिन दुनिया के सभी धर्मों की विविधता और संस्कृति का जश्न मनाने का दिन है। इस दिन को मनाने का मकसद, धर्मों के बीच समझ, सौहार्द और शांति को बढ़ाना है क्योंकि धर्म दीप नहीं, चिराग नहीं, बिजली नहीं, बल्कि यह सूर्य है और उसी की भांति यह बिना किसी भेदभाव के सबको आलोक एवं मंगल बांटता है। धर्म जीवन का अभिन्न अंग है, तत्व है। इसके अस्तित्व को नकारने का अर्थ है स्वयं के अस्तित्व को नकारना। दुनिया में असंख्य लोग जिस सबसे गहरी श्रद्धा के साथ जिसे पूजते हैं, वह धर्म है। धर्म ही कामधेनु है, धर्म ही कल्पतरु है। जिसने धर्म को सही रूप में स्वीकार कर लिया, समझ लीजिये कि उसने जीवन की सर्वोच्च निधि को प्राप्त कर लिया। धर्म की इसी महत्ता के कारण विश्व धर्म दिवस की शुरुआत साल 1950 में संयुक्त राज्य अमेरिका के बहाईयों की राष्ट्रीय आध्यात्मिक सभा ने की थी। बहाई धर्म के अनुयायियों का मानना है कि सभी धर्मों में समान विशेषताएं हैं और उनका समान रूप से सम्मान किया जाना चाहिए। प्रारंभ में एक बहाई अनुष्ठान के रूप में विश्व धर्म दिवस धर्म की एकता और प्रगतिशील रहस्योद्घाटन के बहाई सिद्धांतों से प्रेरित था, जो धर्म को मानवता के इतिहास में निरंतर विकसित होने के रूप में वर्णित करता है। यह उन विचारों को उजागर करके इन सिद्धांतों को बढ़ावा देता है कि दुनिया के धर्मों में अंतर्निहित आध्यात्मिक सिद्धांत सामंजस्यपूर्ण हैं और धर्म मानवता को एकीकृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आज इस दिवस की सर्वाधिक प्रासंगिकता एवं उपयोगिता है।

आज की दुनिया में, जहां सांस्कृतिक और धार्मिक तनाव अक्सर सुर्खियों में छाए रहते हैं, विश्व धर्म दिवस का महत्व और भी बढ़ जाता है। यह एक महत्वपूर्ण अनुस्मारक के रूप में कार्य करता है कि हमारे मतभेदों के बावजूद, हम एक समान मानवता, शांति और कल्याण की सार्वभौमिक इच्छा साझा करते हैं। अंतर-धार्मिक संवाद के माध्यम से, हम एक-दूसरे की मान्यताओं और परंपराओं के बारे में जान सकते हैं, गलतफहमियों को दूर कर सकते हैं और आपसी समझ के पुल बना सकते हैं। इससे सहिष्णुता, सम्मान और सहयोग को बढ़ावा मिलता है, जो अंततः एक अधिक शांतिपूर्ण और सामंजस्यपूर्ण दुनिया का मार्ग



विश्व धर्म दिवस : 19 जनवरी

प्रशस्त करता है।

भारतीय संस्कृति की आत्मा धर्म है। यही कारण है कि यहां अनेक धर्म पल्लवित एवं पुष्पित हुए हैं। सबने अपने-अपने ढंग से धर्म की व्याख्या की है। सुप्रसिद्ध लेखक लार्ड मोर्ले ने लिखा है, ''आज तक धर्म की लगभग दस हजार परिभाषाएं हो चुकी हैं, पर उनमें भी जैन, बौद्ध आदि कितने ही धर्म इन व्याख्याओं से बाहर रह जाते हैं।'' लार्ड मोर्ले की इस बात से यह चिंतन उभर कर सामने आता है कि ये सब परिभाषाएं धर्म-सम्प्रदाय की हुई है, धर्म की नहीं। सम्प्रदाय अनेक हो सकते हैं, पर उनमें निहित धर्म का संदेश सबका एक है। पंथ, संप्रदाय या वर्ग तक ही धर्म को सीमित नहीं किया जा सकता। धर्म बहुत व्यापक है। धर्म न तो पंथ, मत, संप्रदाय मंदिर या मस्जिद में है और न धर्म के नाम पर पुकारी जाने वाली पुस्तकें ही धर्म है। धर्म तो सत्य, करूणा और अहिंसा है। आत्मशुद्धि का साधन है। जीवन परिवर्तन एवं उसे सकारात्मक दिशा देने का माध्यम है। जिन लोगों ने सामाजिक सहयोग को धर्म का ताना-बाना पहना दिया है, किसी को भोजन देना, वस्त्र की कमी में सहायता प्रदान करना, रोग आदि का उपचार करना अध्यात्म धर्म नहीं, किन्तु पारस्परिक सहयोग है, लौकिक धर्म है।

इनदिनों प्रयागराज में चल रहा महाकुंभ, भारतीय धर्म और संस्कृति का प्रतीक है जो दुनिया को एकजुट करने का सशक्त माध्यम है। यह दुनिया भर में सनातन धर्म की महत्ता को दिखाता है। महाकुंभ में शामिल होने से आध्यात्मिक लाभ मिलते हैं और पाप धुल जाते हैं। यह सनातन धर्म का सबसे अहम और पवित्र आयोजन है जिसमें शामिल होने से मोक्ष मिलता है, आत्मा की शुद्धि होती है। कुंभ हो या हज यात्रा या फिर क्रिश्चयन समुदाय का वेटिकन मास, धर्म की पुकार सदियों से इंसानों को एक स्थान पर खींचती आई है। हर सभ्यता में मनुष्य एक तय समय पर अपने ही जैसे विश्वास के लोगों से मिलता है और धार्मिक अनुष्ठान कर एक बेहतर दुनिया एवं जिंदगी की कामना करता है। धर्म और आस्था की डोरी सदियों से मानवों को अपनी ओर खींचती आई है। धर्म का भाव, मुक्ति की कामना लाखों लोगों को एक सूत्र में पिरोती है। इसलिए ऐसी गतिविधियों में मनुष्य बिना बुलाये ही भारी संख्या में जमा हो जाता है। दुनिया में हर स्थान पर धार्मिक क्रियाओं के लिए हर कोने में एक निश्चित जगह पर लाखों-करोड़ों लोग जमा होते हैं। सनातन, बहाई, इस्लाम, ईसाइयत हर धर्म के लोग अपनी परंपरा को मनाने के लिए एक निश्चित स्थान पर जमा होते हैं। मान्यता है कि सनातन में कुंभ की परंपरा लगभग 2500 साल से ज्यादा समय से चलती आ रही है, इस्लाम के मानने वाले लगभग 1400 सालों से हज पर जाते रहे हैं जबकि क्रिश्चयन समुदाय के लोग 1700 सालों से ईस्टर संडे मनाते आ रहे हैं। वेटिकन मास का आयोजन भी सालों से होता आ रहा है।

धर्म जीवन का रूपान्तरण करता है। पर जिनमें धर्म से परिवर्तन घटित नहीं होता उन धार्मिकों ने शायद धर्म के वास्तविक स्वरूप को आत्मसात नहीं किया है। उन धार्मिकों से हैरान हो जाना चाहिए जो वर्षों से धर्म करते आ रहे हैं, किंतु जीवन में परिवर्तन नहीं आ रहा है। धार्मिक की सबसे बड़ी पहचान है कि वह प्रेम और करुणा से भरा होता है। धार्मिक होकर भी व्यक्ति लड़ाई, झगड़े, दंगे-फसाद करे, यह देखकर आश्चर्य होता है। धार्मिक अधर्म से लड़े, असत्य से लड़े, बुराई से लड़े यह तो समझ में आता है, किन्तु एक धार्मिक दूसरे धार्मिक से लड़े, यह दुख का विषय है। धार्मिक होने की पहली प्राथमिकता है नैतिकता। धार्मिक होकर यदि व्यक्ति नैतिक नहीं है तो यह धर्म के क्षेत्र का सबसे बड़ा विरोधाभास है। आज देश की लगभग -एक अरब पचास करोड़ की आबादी में -सौ करोड़ जनता धार्मिक मिल सकती है पर जहां तक ईमानदारी एवं नैतिकता का प्रश्न है, -दो करोड़ भी संभव नहीं है। इसका तात्पर्य यह हुआ कि बेईमान धार्मिकों की संख्या अधिक है। एक धार्मिक कहलाने वाला व्यक्ति चरित्रहीन हो, हिंसा पर उतारू हो, आक्रांता हो, धोखाधड़ी करनेवाला हो, छुआछूत में उलझा हुआ हो, भ्रष्टाचार करता हो, दहेज के नाम पर बालिकाओं का उत्पीड़न करता हो और भी अनेक अनैतिक आचरण करता हो, क्या वह धार्मिक कहलाने का अधिकारी है? पुत्र, पत्नी, परिवार, पैसा, पद-प्रतिष्ठा इनके पीछे आम आदमी जहां पागल बना दौड़ रहा है, वहां इस सचाई को भी नकारा नहीं जा सकता कि इन सबसे ऊपर की चीज सुख-शांति का रास्ता अजाना-अचीन्हा मार्ग धर्म है।

इस पेज में प्रकाशित लेख लेखक के उनके निजी विचार हैं।

प्रेरक प्रसंग

सबसे अच्छा दोस्त

एक बार की बात है, दो दोस्त एक साथ रेगिस्तान से गुजर रहा था। जाते जाते रस्ते में दोनों के बीच एक बात को लेकर बहस हुई। उस बात को लेकर एक दोस्त ने गुस्से में आकर दूसरी दोस्त की गालो पे जोर से थप्पड़ मारा।जो मार खाया उसने बहुत ही गुस्सा किया, उसकी गालों पे चोट लगी थी। उसने बिना कुछ कहें रेत पर लिखा ÷आज मेरा सबसे अच्छे दोस्त ने मुझे थप्पड़ मारा।÷फिर दोनों दोस्तों ने रेगिस्तान में चलना शुरु किया। तब तक चलते रहे जब तक दोनों को रेगिस्तान में पानी नहीं मिला। कुछ दूर चलने के बाद दोनों को एक नदी दिखी, फिर दोनों ने नहाने का फैसला किया।दोनों दोस्त जाकर पानी में नहाने लगे। थोड़ी देर बाद जिसने थप्पड़ खाया वह पानी में फँस गया और डूबने लगा तब दुसरे दोस्त ने उसे बचा लिया। उसने नदी से बाहर आकर एक पत्थर पर लिखा, आज मेरे सबसे अच्छे दोस्त ने मेरी जान बचाई। जिस दोस्त ने थप्पड़ मारा था उसने दूसरे दोस्त को पुछा, मैंने तुम्हें चोट पहुंचाया तो बाद में तुमने रेत पे लिखा। और जब मैं तुम्हें पानी में डूबते हुए बचाया तो तुमने क्यों एक पत्थर पर लिखा?÷दूसरे दोस्त ने जवाब दिया, ÷जब तुम हमें चोट पहुंचाए तब मैंने रेत पर लिखा था क्यूंकि अगर जोर से हवा आई तो लिखा मिट जायेगा। जब कोई हमारे लिए कुछ अच्छा करे तो तब हम पत्थर पर लिखे क्यूंकि पत्थर में लिखे को कोई भी हवा मिटा नहीं सकती। उसके बाद दोनों दोस्त बात करते करते अपने घर चले गए।

धर्म-कर्म

संगठित और व्यवस्थित विचार संसार की सबसे बड़ी शक्ति है

विचार की रचना परमाणुमयी है। ये आकाश में व्याप्त ईथर तत्व के सूक्ष्म कण समूह हैं। जिनकी रचना मन के अदृश्य स्तर में होती है। ईथर पदार्थ समग्र विश्व में प्रचुरता से व्याप्त है। इसी माध्यम के अनुसार विचार एक स्थान से दूसरे स्थान तक भेजे जा सकते हैं। दृढ़ इच्छाशक्ति एवं मनोबल द्वारा अपने विचार दूसरे मस्तिष्कों में भेज सकते हैं। विचार भी यात्रा करते हैं। वे विचारक के मन से अपनी यात्रा प्रारंभ करते हैं और एक-दूसरे के मन को आंदोलित करते हुए अपनी यात्रा संपन्न करते हैं। ईथर का अदृश्य माध्यम विचार संचालन क्रिया में सबसे बड़ा सहायक सिद्ध हुआ है।

विचारों का स्वभाव है कि उनका अतिथि सत्कार करो तो वे पुष्ट होते हैं, बढ़ते हैं, विकसित होकर नव-जीवन निर्माण करते हैं। यदि उनकी परवाह न करो तो वे चले जाते हैं, मृत्यु को प्राप्त होते हैं। ऐसे विचारों को अपना मित्र समझो, जिनसे अच्छी आदतें बनती हों, उत्तम स्वभाव का निर्माण होता हो, उन्हीं का बार-बार चिंतन करो। अतिथि सत्कार करो। इन भव्य विचारों का जीवन की प्रत्येक घटना पर बड़ा प्रभाव पड़ेगा। मनुष्य का जीवन घटनाओं का समूह है और ये घटनाएं हमारे विचारों के परिणाम हैं। जैसे सूर्य की किरणें आतिशी शीशे द्वारा एक ही केंद्र पर डाली जाती हैं तो अग्नि उत्पन्न हो उठती है। उसी प्रकार विचार एक केंद्र पर एकाग्र होने से बलवान बनते हैं। हमारी विचार शक्ति की ताकत हमारे मन की एकाग्रता पर निर्भर है। बिना एकाग्रता के मन में बल नहीं आ सकता। जिस व्यक्ति ने भी इस संसार में महत्ता प्राप्त की है, उनका मंत्र विचारों की एकाग्रता ही रहा है।

आंचलिक

युवा बस्तर ओलंपिक यूथ आइकॉन को कराया गया राजधानी भ्रमण

संभाग के 14 यूथ आइकॉन को उपमुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

समवेत शिखर संवाददाता

नारायणपुर। बस्तर ओलंपिक के 14 यूथ आइकॉन ने 11 से 16 जनवरी 2025 तक रायपुर और आसपास के क्षेत्रों का दौरा किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य खिलाड़ियों को राज्य की सांस्कृतिक और विकास योजनाओं से परिचित कराना और उन्हें प्रेरित करना था। 12 जनवरी को युवा दिवस के अवसर पर राज्य युवा महोत्सव 2025 का शुभारंभ रायपुर में हुआ। इस कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, द्वय उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा और अरुण साव, खेल मंत्री तथा अन्य मंत्रियों ने भाग लिया।

इस दौरान खिलाड़ियों ने सिटी सेंटर मॉल का भ्रमण किया और मंत्रियों के साथ चर्चा में शामिल हुए। द्वय उपमुख्यमंत्री ने संभाग स्तरीय बस्तर ओलंपिक के 14 यूथ आइकॉन से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी और मोमेंटो प्रदान किया। नारायणपुर जिले के तीरंदाजी खिलाड़ी मानूराम उसेंडी, एथलेटिक्स खिलाड़ी दुलारी मांडवी और दिव्यांग खिलाड़ी रामू सलाम भी इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित थे। 13 जनवरी को खिलाड़ियों ने गंगरेल बांध एडवेंचर पार्क और वनवासी कल्याण आश्रम का दौरा किया। 14 जनवरी को जंगल सफारी, मंत्रालय, विधानसभा भवन और राम मंदिर रायपुर का भ्रमण कराया गया।

इस दिन प्रेस वार्ता का आयोजन भी हुआ। 15 जनवरी को खिलाड़ियों ने पुरखौती मुक्तांगन, साइंस सेंटर, कौशल्या माता मंदिर (चंद्रखुरी) और राज्य पुलिस अकादमी का भ्रमण किया। 15 जनवरी की रात माननीय उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के आवास पर सभी यूथ आइकॉन के लिए रात्रिभोज का आयोजन किया गया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री ने उनके खेल प्रदर्शन की सराहना की और क्षेत्र में नक्सलवाद की समस्याओं को समाप्त करने के प्रयासों पर चर्चा की। खिलाड़ियों को उपहार स्वरूप स्मार्टफोन, स्मार्टवॉच, ट्रैकसूट, जूते, टी-शर्ट, डायरी, रेडियो, कैलेंडर और मिठाई भेंट की गई। 16 जनवरी को विभिन्न मीडिया माध्यमों से खिलाड़ियों के साक्षात्कार आयोजित किए गए। इसके बाद सभी खिलाड़ी अपने गृह ग्राम के लिए रवाना हुए। इस कार्यक्रम के दौरान प्रभारी अधिकारी श्री संजय जैन, जिला खेल अधिकारी, कांकेर, सहायक प्रभारी श्री डीकेश्वर कुमार साहू, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, नारायणपुर और श्रीमती प्रीति हाटिले, व्याख्याता कांकेर ने खिलाड़ियों का मार्गदर्शन किया।

महतारी वंदन योजना से दसरी को मिली आर्थिक संबलता

समवेत शिखर संवाददाता

नारायणपुर। राज्य में महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन और उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सुधार के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने महतारी वंदन योजना लागू की है। इस योजना का उद्देश्य महिलाओं के प्रति समाज में व्याप्त भेदभाव और असमानता को दूर करते हुए, उनके स्वास्थ्य में सुधार और आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। इसके अंतर्गत, पात्र विवाहित, विधवा और परित्यक्ता महिलाओं को प्रतिमाह 1,000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है।

नारायणपुर जिले के ग्राम रायनार निवासी श्रीमती दसरी कोर्राम, जो कृषि एवं मजदूरी करके अपना जीवन यापन करती हैं, जो इस योजना की लाभार्थी हैं। दसरी ने बताया कि योजना की जानकारी मिलने के पश्चात योजना के लिए आवेदन दिया, जिसकी स्वीकृत होने के पश्चात् उनके खाते में हर महिने एक हजार राशि मिलने लगा। उन्होंने हजार रूपये की राशि से एक छोटे सा दुकान खोला जिससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार आया। महतारी वंदन योजना को पूरे 11 महीने हुए है और अब तक 11 हजार रूपये मिल चुके है। दसरी कहती है कि इस योजना से मुझे आर्थिक लाभ के साथ साथ स्वास्थ्य में सुधार एवं जीवन यापन करने के तरीके में बदलाव आये, इस योजना से मुझे काफी मदद मिली एवं मेरा छोटा व्यापार करने का सपना पूरा हुआ है। मैं गांव में रहने वाली महिला हूँ पति के निधन के पश्चात जीवन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा था और इस योजना से काफी सुधार एवं राहत मिली जीवन सरल हो गया। मैं इस योजना के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करती हूं, यह योजना मेरे और मेरे परिवार के लिए किसी वरदान से कम नहीं है।

आज का इतिहास

- 1930-रवीन्द्रनाथ टैगोर ने महात्मा गांधी के साबरमती आश्रम की यात्रा की।
- 1942-मुक्केबाज़ मुहम्मद अली का जन्म।
- 1947-प्रसिद्ध भारतीय गायक और अभिनेता कुंदन लाल सहगल का जालंधर में निधन।
- 1959-महात्मा गांधी की सहयोगी मीरा बेन (मैडलिन स्लैड) ने भारत छोड़ा।
- 1962-अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।
- 1972-क्रिकेट खिलाड़ी विनोद काम्बली का जन्म।
- 1976-फ्रांस ने जासूसी के आरोप में 40 सोवियत अधिकारियों को देश से निष्कासित किया।
- 1986-दक्षिण यमन की राजधानी अदन में जबरदस्त संघर्ष शुरू होने पर विदेशी नागरिक भागने लगे।
- 1989-चेकोस्लोवाकिया में लाखों लोगों ने आज़ादी सच्चाई और मानवाधिकार के समर्थन में प्रदर्शन किया।

प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत संचालित नवीन आंगनवाड़ी केंद्रों का राज्य स्तरीय टीम ने किया निरीक्षण

समवेत शिखर संवाददाता

नारायणपुर। प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत अबूझमाड़िया समुदाय हेतु 07 नवीन आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन ओरछा विकासखंड में किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत अबूझमाड़िया समुदाय के बच्चों एवं महिलाओं को आंगनबाड़ी केंद्र से पूरक पोषण आहार, स्वास्थ्य सेवाएं एवं अन्य योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन का निरीक्षण राज्य स्तर से उपसंचालक श्री आनंद किस्पोट्टा एवं श्री मनोज सिन्हा द्वारा किया गया एवं हितग्राहियों से चर्चा कर उनको प्राप्त हो रही आंगनबाड़ी सेवाओं के संबंध में जानकारी ली गई । इन आंगनवाड़ी केंद्रों हेतु नवीन स्वीकृत भवनों के निर्माण की स्थिति का जायजा लिया गया । उन्होंने नवीन आंगनबाड़ी केंद्रों की समस्याओं को दूर करते हुए शीघ्र भवन निर्माण पूरा करने हेतु एजेंसी को निर्देशित किया ।

दूरस्थ ग्राम बनखेता के 36 घरों में पहुंची पानी की आसान सुविधा, हैंडपंप पर निर्भरता हुई खत्म

समवेत शिखर संवाददाता

अम्बिकापुर। जिले के विकासखण्ड लखनपुर का मात्र 189 की आबादी वाला सुदूर बनखेता गांव, जो पहले पेयजल की समस्या से जूझ रहा था। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में संचालित योजनाओं की वजह से इस समस्या से मुक्त हो गया है। गांव के लोग अब बेहद खुश हैं कि गांव के हर घर में अब नल लग गया है। गौरतलब है कि जल जीवन मिशन के तहत गांव के 36 परिवारों के घरों में नल से जल कनेक्शन दिया गया है। जल जीवन मिशन के तहत गांव में 10 हजार लीटर क्षमता वाले स्टील स्ट्रक्चर का निर्माण किया गया है, जो सभी ग्रामवासियों को शुद्ध पेयजल प्रदान कर रहा है। कार्य पूर्ण होने पर ग्राम बनखेता के लोगों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति की खुशी में हर घर जल उत्सव भी गांव में पूर्व में मनाया गया था। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम बनखेता को ÷हर घर जल ग्राम घोषित÷ किया गया है।

दिनचर्या में आया बदलाव, अब हैंडपंप पर निर्भरता भी हुई खत्म : ग्रामीणों ने बताया कि हमारे घरों में नल लगने के बाद हम ग्रामवासियों की दिनचर्या में बदलाव आया है। पहले हमें पानी के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ती थी। महिलाओं का आधा समय तो पानी की व्यवस्था में निकल जाता था। गांव में जो हैण्डपंप है, उसमें बरसात में गंदा पानी निकलने की समस्या भी बनी रहती थी। जिससे बीमारी का खतरा रहता था। ऐसे में चलकर 4 किलोमीटर दूर दूसरे गांव जाने के बाद पानी मिल पाता था। दैनिक कार्यों में भी बहुत समस्या होती थी। गर्मी के दिनों में भू जल स्तर में गिरावट की समस्या के कारण हैण्डपंप के जल का स्तर नीचे चले जाने से पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पाता था। लेकिन अब जल जीवन मिशन के तहत नल कनेक्शन लग जाने से हमारी सारी समस्याएं खत्म हो गई हैं। ग्राम की 5 महिलाओं द्वार गठित जल वहिनियों का समूह समय- समय पर पानी की शुद्धता की जांच करते हैं। जिससे शुद्ध पेयजल ग्राम वासियों तक पहुंच पाता है। ग्रामीण जयंती देवी बताती हैं कि नल कनेक्शन मिलने से पहले हमें पेयजल के लिए हैण्डपंप पर निर्भर रहना पड़ता था और अपनी बारी के इंतजार में बहुत समय व्यतित हो जाता था। जिससे अपने घरेलू कार्य एवं कृषि कार्य करने में पिछड़ जाते थे और कई महत्वपूर्ण कार्य समय के कमी के कारण नहीं हो पाता था। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत अब घर पर ही टेप नल लगाए जाने से पानी भरने हेतु हैण्डपंप पर निर्भर नहीं होना पड़ता, अब सारा काम सही समय पर हो जाता है। जिससे महिलाओं को काफी राहत मिली है और दूसरे कार्यों में भी समय दे पा रहें हैं। पानी लाने की जुगत में बच्चों को समय ही नहीं दे पाते थे, पर अब आसानी से मिल रहा पानी : ग्रामीण तीजो सिंह- पहले हमें पानी भरने पैदल चलकर दूसरे गांव तक जाना पड़ता था। कोई भी मौसम हो बरसात, सर्दी, गर्मी सभी का सामना करते हुए पानी लेने जाना बहुत मुश्किल होता था। हम बच्चों को भी समय नहीं दे पा रहे थे, परंतु अब जल जीवन मिशन योजना से घर पर ही शुद्ध पेयजल प्राप्त हो रहा है जिससे मैं बहुत खुश हूं।

न्यूज ब्रीफ

प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के संचालन हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

कुम्हारी। शासन के निर्देश के परिपालन में मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर के आदेशानुसार गुरुवार को नगर पालिका परिषद कुम्हारी के सभागार में भारत सरकार की महत्वपूर्ण प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के संचालन के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वेंडर द्वारा अधिकारियों और कर्मचारियों को योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई, जिसमें योजना के लाभ, पात्रता मापदंड, और आवेदन प्रक्रिया शामिल थी। इस योजना का उद्देश्य घरों पर सौर ऊर्जा को बढ़ावा देना और लोगों को अपने घरों में सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस योजना के तहत, सरकार घरों में सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए सब्सिडी भी प्रदान करेगी । इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में संजय आईच सहायक राजस्व निरीक्षक, गौरव केशरवानी एवं अन्य राजस्व कर्मचारी उपस्थित थे।

कुम्हारी कांग्रेस कार्यकर्ता बैठक के बाद पालिका चुनाव संयोजक एवं वार्ड पर्यवेक्षकों की नियुक्ति

कुम्हारी। नगर पालिका क्षेत्रान्तर्गत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा बीते दिनों वार्ड क्रमांक 6 स्थित सामुदायिक भवन में कार्यकर्ता बैठक आहूत की गई जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कुम्हारी नगर पालिका परिषद चुनाव प्रभारी धनेश पाटिला (अविभाजित मध्यप्रदेश पूर्व मंत्री) एवं दुर्ग ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष निर्मल कोसरे, वरिष्ठ कांग्रेसी पवन अग्रवाल उपस्थित रहें। बैठक में आगामी नगरीय निकाय चुनाव के मद्देनजर कार्यकर्ताओं में एकजुटता के साथ चुनाव लड़ने एवं कांग्रेस पार्टी को विजयी बनाने की कार्य योजना पर मंत्रणा की गई। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने उद्बोधन में समस्त कार्यकर्ताओं को चुनाव में बेहतर प्रदर्शन दोहराने के साथ आला हाईकमान द्वारा नियुक्त उम्मीदवारों को समर्थन देने की बात कही। बैठक में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुम्हारी अध्यक्ष प्रमोद सिंह राजपूत, पूर्व पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर, स्वप्निल उपाध्याय, पूर्व उपाध्यक्ष के.रवि कुमार पूर्व पार्षद मनहरण यादव, थनेश पटेल, यूजेन्द्र साहू, राकेश कुर्रे, प्रमोद चंद्राकर, ओमनारायण वर्मा, जानकी ध्रुव, लता खैरवार, ललिता ध्रुव, नीतू रावते, शांति टंडन, सती यादव, कुमारी निषाद, रीना साहू सहित पूर्व एल्डरमैन बड़ी संख्या में वरिष्ठ पदाधिकारी युवा एवं महिला कार्यकर्तागण उपस्थित रहें।

प्रधानमंत्री आवास योजना, सभी पात्र हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने का लक्ष्य

कुम्हारी। प्रधानमंत्री आवास योजना - शहरी 2.0 अंतर्गत नगर पालिका परिषद कुम्हारी द्वारा शहरी गरीबों के पक्के मकान का सपना पूरा करने के लिए नगर के प्रत्येक वार्डों में अलग अलग कैंप लगा आवेदक हितग्राहियों से 452 फॉर्म प्राप्त हुए जिसमे 250 से ज्यादा फॉर्म की ऑनलाइन एंट्री की जा चुकी है और निरंतर मिशन मोड में एंट्री की जा रही है। उक्त योजना के तहत सभी पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ पहुंचाने का लक्ष्य है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर से मिली जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना - शहरी 2.0 अंतर्गत शासन के मंशा अनुरूप नगर के वार्डों में निवासरत गरीबों के पक्के मकान का सपना पूरा करने के लिए पालिका कर्मचारियों द्वारा प्रत्येक वार्डों में कैंप आयोजित कर पात्र हितग्राहियों से आवेदन लिया गया है और उनका ऑनलाइन एंट्री भी किया जा रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर ने पात्र हितग्राहियों से अपील किया की, वे स्वयं कार्यालय उपस्तिथ होकर प्रधानमंत्री आवास योजना - शहरी 2.0 का ऑनलाइन आवेदन कर सकता है जिसके लिए नगर पालिका अधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना - शहरी 2.0 का हेल्प डेस्क काउंटर हितग्राहियों की सुविधा हेतु कार्यालय में स्थापित किया गया है।

विष्णु के सुशासन सरकार में ग्रामीण और वनांचल वासियों को मिल रहा पक्का आवास का अधिकार : उपमुख्यमंत्री शर्मा

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ग्राम महराजपुर में आयोजित आवास मेला में शामिल हुए

समवेत शिखर संवाददाता

कवर्धा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी में शामिल प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में आज ग्राम महाराजपुर कवर्धा में आयोजित आवास मेला में उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने जिले के आवासहीन ग्रामीण परिवारों को नए स्वीकृत हुए आवास का स्वीकृति पत्र वितरण कर खुशियों की सौगात दी। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने जिले के लाभार्थियों को नए आवास की पूर्णतः प्रमाण पत्र और चाबी भेंट की। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा सहित जनप्रतिनिधियों ने द्वीप प्रज्जवलित कर आवास मेला का शुभारंभ किया।

उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा सहित जनप्रतिनिधि ने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों का पारंपरिक संस्कृति से चरण पखार कर ग्रामीण परिवारों का सम्मान कर स्वागत किया। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने आवास मेले में कबीरधाम जिले के लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने नए आवास की चाबी और पूर्णतः प्रमाण पत्र भेंट की। उप मुख्यमंत्री ने आवास मेला में स्वास्थ्य विभाग, आरटीओ, खाद्यविभाग, समाज कल्याण, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, मत्स्य विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, श्रम विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया।

इस अवसर पर कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा, जिला पंचायत सीईओ श्री अजय त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला भट्ट, जिला पंचायत सदस्य श्री रामकुमार भट्ट, जनपद अध्यक्ष श्रीमती इंद्राणी चंद्रवंशी, श्री दिनेश चंद्रवंशी, श्री उमंग पाण्डेय सहित जनप्रतिनिधि, हितग्राही और क्षेत्रवासी उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आवास मेला में आएं हितग्रसाहियों को आवास स्वीकृत होने और आवास निर्माण पूर्ण होने पर नए घर में प्रवेश के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम कोठार से मोर आवास मोर अधिकार का नारा से आवास के लिए आंदोलन किया गया था और इसी से आवास के लिए लड़ाई लड़ी थी। आज इसी का परिणाम है कि नए शासन आने के बाद सभी का आवास बनना प्रारंभ हुआ है और छूटे हुए लोगों का भी सर्वे कर पात्र हितग्राहियों का आवास के लिए नाम जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के विष्णुदेव की सरकार ने प्रदेश के आवासहीन परिवारों को पक्का आवास का अधिकार दे रही है।

उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में मोदी की गारन्टी को पूरा कर रही है। डबल इंजन की सरकार बनने के बाद शपथ लेने के अगले ही दिन कैबिनेट की बैठक में 18 लाख आवास स्वीकृत कर दिये। उन्होंने कहा कि इस निर्णय ने छत्तीसगढ़ के लाखों गरीबों के घर का सपना पूरा कर दिया है।

जिले के ग्रामीणों को मिल रहे प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ग्रामीणों को उनका हक दिलाने के लिए लगातार प्रयास कर रहें हैं। उनके विशेष प्रयासों से ही पूरे छत्तीसगढ़ राज्य के लिए 8 लाख 40 हजार आवास की स्वीकृति राज्य सरकार द्वारा की गई। इसके साथ ही केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने छत्तीसगढ़ को 3 लाख 3 हजार 384 आवास की स्वीकृति दी है। कबीरधाम जिले में सामान्य श्रेणी के प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत 2024-25 में 30998 हितग्राहियों का आवास का लक्ष्य रखा गया है। इनमें से अभी तक 25 हजार 378 परिवारों के लिए आवास स्वीकृत हो चुका है। बचे हितग्राहियों का पंजीयन एवं स्वीकृति की कार्यवाही कुछ ही दिनों में पूरा हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि वित्तीय वर्ष 2016 से 2023 तक कुल 9 सालो में अलग-अलग समय पर जिले में 48657 आवास स्वीकृत किया गया था। लेकिन यह पहला अवसर है जब महज एक ही वित्तीय वर्ष के कुछ ही समय में सीधे 30998 आवास स्वीकृति हुआ है।

4 बड़ा सर्वसुविधा युक्त बैडमिंटन ग्राउण्ड बनेगा

आयुक्त ने किया स्थल निरीक्षण

समवेत शिखर संवाददाता

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के चारो जोन में बनेगा व्यवस्थित, सुसज्जित बैडमिंटन ग्राउण्ड। निर्माणाधीन बैडमिंटन ग्राउण्ड के स्थल का निरीक्षण करने आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा एवं निर्माणकर्ता एजेंसी के साथ पहुंचे। निर्माण के दौरान क्या-क्या बनाया जाएगा। किस प्रकार की सुविधा होगी आदि के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त किये।

विनीता वर्मा द्वारा बताया गया कि बैडमिंटन ग्राउण्ड में स्टोट्फ्स, चारो तरफ फैसिंग, नायलोन नेट, एलईडी फ्लड लाईट लगेगा। जिसमें खिलाड़ी खेलेगे, प्रेक्टिस करेगे। बैडमिंटन ग्राउण्ड मल्टीपरपज होगा, आवश्यकता के अनुसार खिलाड़ी नेट बाल, बैट प्रेक्टिस फुटबाल आदि कर सकेगें। चारो तरफ नेट लगाया जाएगा, इससे बाल या बैडमिंटन का कौग इत्यादि बाहर नहीं जायेगा। अच्छे ढंग से प्रेक्टिस

होगा, एलईडी लाईट लग जाने से रात्रि में भी दिन जैसा उजाला होगा।नगर पालिक निगम भिलाई में महापौर परिषद की बैठक में 4 जोन क्षेत्र में बैडमिंटन ग्राउण्ड का निर्माण कराये जाने हेतु प्रकरण विचारार्थ रखा गया था। जिसे परिषद के सदस्यों ने उक्त कार्य कराये जाने की सर्व सम्मति से संकल्प पारित किया था। उसी के आधार पर खेल मैदान का निर्माण किया जा रहा है। जो इस प्रकार से जोन-1 नेहरू नगर वार्ड क्रं. 05 में वाहन शाखा के उत्तर दिशा में नेशनल हाईवे के समीप निगम की रिक्त भूमि, जोन-2 वैशाली नगर वार्ड क्रं. 24 हाउसिंग बोर्ड स्टेडियम के पीछे सियान सदन के बगल में रिक्त भूमि, जोन-3 मदर टेरेसा नगर वार्ड क्रं. 56 निगम द्वारा निर्मित घासीदास उद्यान के अंदर सेक्टर 2 एवन्यू सी रोड पर एवं जोन-4 शिवाजी नगर खुर्सीपार वार्ड क्रं. 49 श्री राम चैंक खेल मैदान के अंदर पूर्व दिशा के किनारे बैडमिंटन ग्राउण्ड निर्माण किया जायेग। आयुक्त पाण्डेय ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियो को कहा कि जो भी निर्माण किया जाये।

6789 प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत हितग्राही लाभान्वित हुए है

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 में कुल 5115 आवास स्वीकृत हुए है। इसमें से 4978 आवास पूर्ण हो चुके है, शेष 337 आवास प्रगतिरत है। इनमें से हितग्राहियो को उनके मांग के अनुसार लाटरी के माध्यम से मकान आबंटित किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 में 1397 सर्वे फार्म अभी तक आये है जिनमे से 159 आवेदनो का आनलाईन एन्ट्री किया जा चुका है। ऐसे सभी हितग्राहियो को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पाती भेजी जा रही है। विष्णु की पाती शीर्शक से एक पत्र विष्णु देव साय का हस्ताक्षर है। जिसमें उन्होने अपने संदेश में कहा है कि पक्का आवास लोगो का एक सपना होता है।यह खुशी है प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से मदद मिली, हितग्राही के परिवार को। उक्त मकान को केन्द्र रखकर कल की बुनियाद गढ़े, यह भी वादा किया गया है कि ऐसे अनेक जनकल्याणकारी योजनाओ का लाभ प्रदेश की जनता को मिलती रहेगी।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) खैरागढ़ जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)

//ईश्तहार//

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका **ईश्वरी प्रसाद पिता हिरदेलाल निवासी ग्राम बैगाटोला तहसील खैरागढ़ जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई छ.ग. के द्वारा ग्राम बैगाटोला प.ह.नं. 06 रा.नि.मं. ईटार तहसील खैरागढ़ स्थित भूमि ख.नं. 343/1 रकबा 0.141 हे. में से 10 डिसमिल भूमि को औद्योगिक** प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए आवेदन पेश किया है। उक्त प्रकरण में आगामी सुनवाई **दिनांक 31.01.2025** को नियत किया।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी को दावा-आपत्ति पेश करना हो वह नियत दिनांक के पूर्व स्वयं/अपने अधिवक्ता/अपने द्वारा नियुक्त व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं, नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

आज **दिनांक 15/01/2025** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी(रा.)
खैरागढ़

मुहर

न्यायालय नायब तहसीलदार 8Aरायपुर

मामले की श्रेणीः राजस्व

संदर्भः- जिला-**रायपुर** तहसील-**रायपुर** प.ह.नं.-00069 **अमलीडीह** ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD 202425440725400109

//ईश्तहार//

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00069 के अंतर्गत ग्राम **अमलीडीह** के वर्तमान भूमिस्वामी **मुकेश सिंघानिया पिता/पति-नरेश सिंघानिया पता-गंजपारा रायपुर के** द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 38/1(0.0092) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता **गौरव गुप्ता पिता/पति-द्वारका प्रसाद गुप्ता पता-मकान नंबर एफ-17 मारूति रेसीडेन्सी, अमलीडीह रायपुर (छ.ग.)** के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजीयन विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई **दिनांक 27/01/2025** को समय सुबह 11 बजे स्थान **न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार, 8A रायपुर** पर की जावेगी।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाश उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत पास दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज **दिनांक 07/01/2025** को जारी किया जाता है।

मुहर

नायब तहसीलदार
रायपुर (छ.ग.)

छग प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संगठन ने विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

दुर्ग। छत्तीसगढ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष जी.आर.चंन्द्रा के नेतृत्व में कर्मचारियों की बहुप्रतीक्षित 12 सूत्रीय मांगों को लेकर शुक्रवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव को कलेक्टर महोदया दुर्ग के माध्यम से भोजनावकाश में ज्ञापन सौपा। संघ के प्रांतीय महामंत्री विजय लहरे एवं जिलाध्यक्ष भानु प्रताप यादव ने बताया कि चुनाव के पूर्व घोषणा पत्र (मोदी की गारंटी) में किये गये वादों के अनुरूप सरकार गठन के एक वर्ष के पश्चात् भी उचित निर्णय लेकर लागू नहीं किये जाने से प्रदेश की कर्मचारियों में हताशा एवं आकोश व्याप्त है। जिसका शासन को ध्यान आकर्षण करने 12 सूत्रीय मांगों जिसमें प्रमुख रूप से केंद्र के समान महंगाई भत्ता, चार स्तरीय वेतनमान, 300 दिनों का अर्जित अवकाश, सभी संवर्ग के कर्मचारियों के वेतन विसंगति दूर करने, लंबित पदोन्नति प्रकिया पूर्ण करने, संविदा, दैनिक, अनियमित कर्मचारियों के रिक्त पदों को नियमित किये जाने तथा मध्यप्रदेश की भांति सेंवा सुरक्षा, श्रम सम्मान, निधि का भुगतान आदेश सभी विभागों में प्रदान किये जाने, अनुकंपा नियुक्ति के स्वीकृत कत पदों पर दस प्रतिशत का नियम शिथिल करने, संधो को अविभाजित मध्यप्रदेश की भांति स्थाई मान्यता दिये जाने के साथ ही स्थानीय मांगों में प्रमुख रूप से जिला स्तर पर अधिकारी, कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण के लिये अन्य जिलों की तरह माह में दो बार जनदर्शन लगाये जाने, कर्मचारियों को गोपनीय प्रतिवेदन प्रति वर्ष व्यक्तिगत रूप से दिया जावे, सेवा पुस्तिका/ पासबुक संधारण नियमित करने, कर्मचारियों की विभागीय जांच की प्रकिया समय पर पूर्ण करने, मातृत्व अवकाश एवं संतान पालन अवकाश में गये कर्मचारियों की वेतन भुगतान शीध्र स्वीकृत करने ज्ञापन सौंपा गया।

आम-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे **मुवक्किल इंडियन बैंक शाखा-सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)** के समक्ष प्रस्तावित ऋणी श्री **व्यास नारायण वल्द श्री मनराखन शर्मा, साकिन-सिमगा, बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)** द्वारा अपने भूमि स्वामी हक एवं आधिपत्य की **भूमि खसरा नं. 1159/13 का दुकडा (पुराना) एवं 1159/40 (नया) रकबा 0.022 हेक्टेयर जो ग्राम सिमगा प.ह.नं. 14/15, रा.नि.मं. सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)** में स्थित है। को इंडियन बैंक, शाखा सिमगा में पुनः बंधक रखकर :ण विस्तार एवं ऋण नवीनकरण प्रस्ताविक किये है। उक्त संपत्ति पूर्व **स्वामी श्री प्रमोद राव वल्द नत्थूराव भोंसले साकिन-सिमगा से पंजीकृत विक्रय पत्र पुस्त अति-1, ग्रंथ क्र. 447 दस्तावेज क्रमांक 720, दिनांक 18.06.1993** उपपंजीयक कार्यालय सिमगा के माध्यम से क्रय किया गया है। जिसका मुल विलेख बैंक में बंधक चला आ रहा है परंतु बंधक के पूर्व से ही उक्त पंजीकृत विलेख का अंतिम पन्ना जिसमें विक्रेता के हस्ताक्षर एवं पृष्ठ भाग पर पंजीयक कार्यालय का विवरण है गुमा हुआ है वर्णित संपत्ति शासकीय अभिलेखों में ऋण प्रस्तावक के नाम पर दर्ज चली आ रही है.। व्यास नारायण ने उनके स्वामित्व के मुल बैनामा के गुम पन्ने के सत्यता के समर्थन में एक शपथ पत्र मय उपक्रम क्षतिपूर्ति की घोषणा अभिव्यक्त किया है। साथ ही पुलिस सूचना की कार्यवाही भी किया जा रहा है। इसलिए हमारा मुवक्किल बैंक इस आम सूचना के जरिये से आम एवं खास से उक्त संपत्ति की इंडियन बैंक के अतिरिक्त अन्य भारमुक्तता के विषय में आपत्तियां आमंत्रित करता है।

यदि श्री व्यास नारायण द्वारा उक्त संपत्ति को हमारे मुवक्किल बैंक के पक्ष में बंधक रखकर पुनः ऋण लेने में किसी भी बैंक, साहूकार, व्यक्ति, वित्तीय संस्थान एवं शासन आदि को किसी प्रकारकी आपत्ति, उजर या दावा हो तो ऐसे आपत्ति उजर या दावे को इस आम सूचना के प्रकाश के 7(सात) दिनों के अंदर दस्तावेजी साक्ष्य के साथ हमारे या हमारे मुवक्किल के समक्ष कार्यालयीन समय में लिखित में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद म्याद उक्त संपत्ति के विषय में किसी भी प्रकार के किये गए आपत्ति, उजर व दावे, अमान्य व अवैध होंगे जो हमारे मुवक्किल बैंक पर एवं उक्त प्रस्तावित श्री व्यास नारायण पर बंधनकारी नहीं होंगे। सो सूचना जाने।

दिनांकः 18.01.2025

प्रणव कुमार राय
अधिवक्ता
हॉल नं. 199 टेबल नं.09
सिविल कोर्ट रायपुर छ.ग.
मोबा. 9009273300

निगम प्रशासक ने सुबह शहर भ्रमण करके निर्माण कार्यों व साफ-सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

समवेत शिखर संवाददाता

दुर्ग। सुबह 6 बजे जिला कलेक्टर एवं निगम प्रशासक सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी शहर भ्रमण पर निकली। करीब दो घण्टे तक शहर के मुख्य जगहों पर पैदल चल कर सफाई व्यवस्था के साथ-साथ निर्माण कार्यो का स्थल निरीक्षण किया। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने कमिश्नर सुमीत अग्रवाल, सहायक कलेक्टर एम भार्गव व अधिकारियों के साथ पैदल घूमकर व्यवस्था का जायजा लिया।

कलेक्टर ने सुबह सुबह नगर भ्रमण करके शहर की साफ सफाई व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने चर्च रोड होते हुए गौरव पथ मार्ग से जेल चौक, सुआ चौक, वार्ड

क्रमांक 46 अटल प्रतिमा परिसर निर्माण कार्य का निरीक्षण किये, उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य मे बाधित अतिक्रमणकर्त्ता को नोटिस देकर हटवाने की कार्रवाही करेंगे।वही सफाई कार्य का निरीक्षण जिसमे डोर टू डोर कलेक्शन, नाली सफाई, जी.वी.पी.,सड़क सफाई का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए।उन्होंने ट्रेंचिंग ग्राउंड का भी निरीक्षण किया।

विधायक गजेन्द्र यादव की पहल दिव्यांग संतोष को मिला ट्राईसाईकिल

दुर्ग। दिव्यांग संतोष यादव को अब कहीं भी आने जाने में कोई परेशनी नहीं होगी, विधायक गजेन्द्र यादव की पहल से मिले नये ट्राईसाईकिल से स्वंय आ जाकर अपना काम कर सकेंगे। दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के दिव्यांग ने विधायक गजेन्द्र यादव से मिलकर ट्राईसाईकिल की समस्या बताये थे की कहीं भी आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है।

न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्रमांक/ 202501114500023/ अ-6/ 2024-2025 रायपुर, दिनांक 09.01.2025
ग्राम सोनडोंगरी पहनं.-36
तहसील व जिला रायपुर

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण 1. कन्हैयालाल साहू, 2. सुशील साहू, 3. तुलसीराम साहू 4. अशोक कुमार साहू, 5. सतरूपा साहू सभी पिता स्व. जेठू लाल साहू 6. अ. श्रीमती मीना साहू पति स्व. धनीराम साहू, ब. पारस साहू स. दीपक साहू दोनों पिता स्व. धनीराम साहू, 7. अ. श्यामाबाई पति स्व. बलीराम साहू, ब. पंकज साहू स. मनीराम साहू दोनों पिता स्व. बलीराम साहू पता-साहू पारा, गुढ़ियारी रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि आवेदक क्र. 1 से 5 तथा धनीराम साहू एवं बलीराम साहू आपस में सगे भाई-बहन है। यह कि, आवेदक क्रं. 1 से 5 तथा धनीराम साहू एवं बलीराम साहू के पिता स्व. जेठूराम साहू वल्द स्व. समोधी साहू के नाम पर ग्राम सोनडोंगरी पहनं. 00036, रा.नि.मं. रायपुर-1तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में कृषि भूमि ख.नं. 393/3 रकबा 0.0370 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में भूमिस्वामी अधिकार प दर्ज है। यह कि, उपरोक्त स्व. जेठु राम साहू की मृत्यु दिनांक 14.10.2016 को हो चुकी है, तथा उसकी पत्नी अर्थात आवेदक क्रं. 1 से 5 तथा धनीराम साहू एवं बलीराम साहू की माताजी श्रीमती कला बाई साहू की मृत्यु दिनांक 11.02.2016 को हो चुकी है। यह कि,स्व. जेठू लाल साहू के पुत्र बलीराम साहू की मृत्यु दिनांक 04.07.2020 एवं धनीराम साहू की मृत्यु दिनांक 15.03.2017 को हो चुकी है। स्व. बलीराम साहू के उत्तराधिकारीगण आवेदक क्र. 6 अ, ब, स है तथा स्व. धनीराम साहू के उत्तराधिकारीगण आवेदक क्र.7 अ, ब स है। इस प्रकार आवेदकगण को प्रश्नाधीन आवेदित भूमि पर विधिक उत्तराधिकार के माध्यम से निश्चित अंश में स्वामित्व प्राप्त हो चुका है। यह कि स्व. जेठू लाल साहू के विधिक उत्तराधिकारीगण में केवल आवेदकगण है इनके अतिरिक्त अन्य कोई नहीं है का लेख करते हुए मृतक का नाम विलोपित कर विधिक वारिसान का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदकगण का निवेदन है। उक्त प्रकरण की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 31.01.2025 को होगी।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से मय दस्तावेज अपनी लिखित दावा/आपत्ति दिनांक 31.01.2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)

// सूचना-पत्र //

क्रमांक/ / वाचक/ अति. तहसीलदार/ 2025 रायपुर
दिनांक 10.01.2025
प्रति
1. श्री घनश्याम वासवानी पिता प्रभुदास वासवानी निवासी शैलेन्द्र नगर रायपुर छ.ग.
2. श्री राजकुमार आडवानी पिता मूलचंद आडवानी निवासी अवंदित बिहार रायपुर छ.ग.
विषयः- रा.प्र.क्र...../अ-6 (अ)/ वर्ष 2023-24
पक्षकार जे. देवराज पिता शालमेया विरुद्ध घनश्याम बासवानी अन्य 01 में पक्ष समर्थन हेतु उपस्थित होने बाबत।

विषयांकित संबंध में आपको सूचित किया जाता है आवेदक जे. देवराज पिता शालमेया जे निवासी 23/1283 शंकर नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर के द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम पिरदा पटवारी हल्का नंबर 76, राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-18 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 468/31-33 का भाग रकबा 500 व.फू. भूमि आवेदक कि स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि है। उपरोक्त भूमि को अनावेदकगण/विक्रेतागण घनश्याम वासवानी पिता प्रभुदास वासवानी एवं राजकुमार आडवानी पिता मूलचंद आडवानी के द्वारा दिनांक 22.05.2014 को आवेदक के पक्ष में पंजीकृत विक्रय विलेख निष्पादित किया गया है। जिसके संबंध में न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर छ.ग. के समक्ष राजस्व प्रकरण क्रमांक 193/अ-6/ वर्ष 2013-14 आदेश दिनांक 28.03.2014 के आधार पर आवेदक का नाम दर्ज किये जाने हेतु आदेश पारित किया गया। पारित आदेश के उपरांत आवेदक का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किया गया परंतु आवेदक द्वारा क्रय रकबा 500 व.फू. अर्थात 0.0046 हे. भूमि के स्थान पर रकबा 0.0040 हे. भूमि दर्ज कर लिया गया। आवेदक द्वारा आवेदित भूमि पर पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार तथा क्रय रकबा पर अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 24.01.2025 को स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखे अन्यथा प्रकरण में आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही किया जावेगा।

आज दिनांक 10.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय अधीक्षक, छत्तीसगढ़ स्टेट गैरेज, रायपुर

काली माता मंदिर के पीछे, आकाशवाणी चौक, रायपुर फोन नं. 0771-4048829

क्रमांक 16/ अधी./स्टे. गै./ 2025 रायपुर, दिनांक 14.01.2025

// निविदा आमंत्रण //

सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अधीक्षक, छत्तीसगढ़ स्टेट गैरेज रायपुर के अधीन में कुल 11 पुरानी अनुपयोगी /निष्प्रयोजित वाहनों का नीलाम किये जाने हेतु बंद निविदा आमंत्रित किया जाता है। नीलाम किये जाने वाले वाहनों का अवलोकन कार्यालयीन अवधि में छत्तीसगढ़ स्टेट गैरेज रायपुर के वर्कशॉप में (काली मंदिर के पीछे) जल संसाधन विभाग के परिसर में किया जा सकता है। विवरण निम्न हैः-

क्र.	वाहन क्रमांक	वाहन प्रकार	क्रय वर्ष	आपसेट मूल्य
01	CG 02 F3333	MARUTI SX4	2011	81500.00
02	CG 02 A2121	TOYOTA INNOVA 2.5G	2007	200000.00
03	CG 02 6150	TATA MANZA GLX	2014	55000.00
04	CG 02 4556	TATA MANZA AURA	2011	55500.00
05	CG 02 4847	TATA INDIGO CS GLS	2012	40000.00
06	CG 02 6352	TATA INDIGO ECS	2014	39000.00
07	CG 02 7800	TATA INDIGO	2005	21000.00
08	CG 02 H1000	TOYOTA ETIOS	2016	20000.00
09	CG 02 3644	TATA SUMO	2007

न्यूज ब्रीफ

कांग्रेस से नपाध्यक्ष के लिए कृष्णा ने रश्मि को सौपा आवेदन

महासमुंद। नपा उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार चंद्राकर ने नगरपालिका अध्यक्ष पद हेतु कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर को आवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि वह पूर्व में नगरपालिका उपाध्यक्ष व कार्यकारी अध्यक्ष पद पर रहे है जिससे कारण वह अनुभवी है व विगत 34 वर्षों से कांग्रेस पार्टी में रहते हुए पार्टी के हित में अनेक कार्य और सेवाएं दी हैं। इसीलिए उनके अनुभव और पार्टी के प्रति समर्पण को ध्यान में रखते हुए उन्हें प्राथमिकता दी जाए।

सीएम आज महासमुंद में, स्वामित्व कार्ड वितरण कार्यक्रम में होंगे शामिल

महासमुंद। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शनिवार 18 जनवरी को महासमुंद के दौरे पर रहेंगे। वे महासमुंद पहुंचकर महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर माविद्यालय मचेवा महासमुंद में स्वामित्व कार्ड वितरण कार्यक्रम में शामिल होंगे। प्रोटोकॉल से मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री श्री साय पुलिस ग्राउंड हेलीपैड से सुबह 11.35 बजे महासमुंद के लिए हेलीकॉप्टर से रवाना होंगे तथा 11.55 बजे महासमुंद पहुंचेंगे। कार्यक्रम समाप्ति पश्चात वे दोपहर 2.05 बजे जेठा सक्ती के लिए प्रस्थान करेंगे।

इको गार्डन की छात्राओं ने की साफ-सफाई, रोपे नए पौधे

महासमुंद। शासकीय कन्या उमावि बिरकोनी में शुक्रवार को ईको क्लब की छात्राओं ने 26 जनवरी के पूर्व की तैयारी को ध्यान में रखते हुए ईको गार्डन के अवांछित खरपतवार को नष्ट करने और विकसित पौधें की कटाई छटाई कर ईको गार्डन को संवारने का कार्य किया। इसके पश्चात अगरबत्ती के खाली झिल्ली में शो वाले पौधों का पौधरोपण किया। इसमें कक्षा नवमी से नीतू साहु, साक्षी साहु, यामिनी साहु, पुजा साहु, पायल यादव, रागिनी यादव, पार्वती निषाद, ओमिका निषाद, योगिता यादव, नेहा निषाद, रागिनी कंवर, तुलसी कंवर, धनेश्वरी पटेल, हुलेश्वरी साहू, ज्योति बंजारे, खुशबू पटेल, बरखा साहू, भुमि टंडन, हरिना निषाद, भावना साहू, चांदनी, अनुसुइया यादव, मुस्कान जांगड़े, भुमि साहू, हीना यादव, भूमिका साहू, दामिनी गायकवाड़, दिव्या निर्मलकर शामिल रहे। सम्पूर्ण साफ़ सफ़ाई और पौधरोपण ईको क्लब प्रभारी व्याख्याता परस राम सिन्हा के द्वारा सम्पन्न करवाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य टामेश्वरी साहु व्याख्याता गण रागिनी चन्द्राकर, अनुपमा मानिकपुरी, सन्तराम साहु, चित्रसेन साहू, मनहरन लाल भट्ट, श्रवण कुमार सिन्हा, निधि अग्रवाल, शिक्षक महेन्द्र ध्रुव, रेणुका चंद्राकर, भानेंद्र सिंह बिसेन, कार्यालयीन कर्मचारी मनीषा राजपुत, केशव कन्नौजे, दुलारी, अजय यादव सहित समस्त छात्राएं उपस्थित रहे।

संजय शर्मा ने पेश की दावेदारी

महासमुंद। जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रभारी महामंत्री संजय शर्मा ने नगर पालिका चुनाव के लिए अध्यक्ष पद की दावेदारी प्रस्तुत की है। स्थानीय कांग्रेस भवन में पहुंचे पर्यवेक्षक पंकज शर्मा, पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर, जिलाध्यक्ष डा. रश्मि चंद्राकर, शहर ब्लाक अध्यक्ष खिलावन बघेल को अपने आवेदन सौंपते हुए चुनाव लड़ने की इच्छा जताई।

बिना कागजात के 272 कट्टा धान जब्त

महासमुंद। बागबाहरा तहसील के ग्राम पंचायत कोमा और बरबसपुर में राजस्व एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए मंडी अधिनियम के तहत अवैध धान जप्त किया। इस कार्रवाई में कुल 272 कट्टा धान जप्त किया गया है। संयुक्त दल ने ग्राम पंचायत कोमा में मुंशीलाल सोनी के गोदाम और निवास स्थल पर छापामारी की। इस दौरान वहां से 172 कट्टा अवैध धान जप्त किया गया। टीम ने बताया कि यह धान मंडी अधिनियम का उल्लंघन करते हुए संग्रहित किया गया था। दूसरी कार्रवाई बरबसपुर के पद्मिनी सोनी समिति गबौद परिसर से 100 कट्टा अवैध धान जप्त किया गया।

ओबीसी आरक्षण में कटौती को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

राज्यपाल के नाम अनुविभागीय अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

समवेत शिखर संवाददाता

महासमुंद। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज के आव्हान पर भाजपा सरकार ने जो पूरे प्रदेश में षडयंत्र पूर्वक ओबीसी के आरक्षण में कटौती किया है। विरोध में महासमुंद कांग्रेस कमेटी ने धरना प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर विरोध प्रदर्शन किया गया।

शुक्रवार को पूरे प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के द्वारा स्थानीय निकाय चुनाव में आरक्षण प्रावधान में दुर्भावना पूर्वक संशोधन के चलते अधिकांश जिला और जनपद पंचायत में ओबीसी आरक्षण खत्म हो गया है। प्रदेश के 16 जिला पंचायत और प्रत्याशी जनपदों में जहां पहले 25 प्रतिशत सीट अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हुआ करती थी, लेकिन अब अनुसूचित क्षेत्रों में ओबीसी आरक्षण लगभग खत्म हो गया है। मैदानी क्षेत्र में अधिकतर पंचायतें ऐसी है जहां पर लगभग 90 से 999 प्रतिशत आबादी अन्य पिछड़ा वर्ग की है। लेकिन वहां पर भी अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए सरपंच का पद आरक्षित नहीं है। पंचों का आरक्षण भी जनसंख्या के अनुपात में कम है। पूर्व में ओबीसी के लिए आरक्षित सभी सीट अब सामान्य घोषित हो चुकी है। शायद सरकार के द्वारा आरक्षण प्रक्रिया के नियमों में किए गए दुर्भावना पूर्वक संशोधन के बाद अनुसूचित जिले और ब्लॉकों में जिला पंचायत सदस्य जनपद सदस्य और पंचों का जो भी पद अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित था वह अब अनारक्षित सीट घोषित हो गई है।

बस्तर सरगुजा संभाग में आरक्षित वर्ग को बड़ा नुकसान हुआ है। सरगुजा संभाग के पांच जिले अंबिकापुर, बलरामपुर, सूरजपुर, कोरिया, मनेंद्रगढ़, चिरमिरी, भरतपुर और सोनहत बस्तर के सात जिले बस्तर, कांकेर, कोण्डागांव, दंतेवाड़ा, नारायणपुर, सुकमा, बीजापुर सहित मानपुर मोहला, जशपुर, गौरेला पेंड्रा मरवाही और कोरबा जिले में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए कुछ बचा ही नहीं है। स्थानीय निकाय त्रिस्तरीय पंचायत और नगरी निकाय चुनाव में आरक्षण के प्रावधानों में जो षडयंत्र पूर्वक ओबीसी विरोधी परिवर्तन किया है उसके परिणाम सामने है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए जिला पंचायत, जनपद पंचायत, सरपंच और पंचों का आरक्षण में ओबीसी के हक और अधिकारों में बड़ी डकैती इस सरकार ने की है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार के बदनीयत के चलते अन्य पिछड़ा वर्ग की उम्मीदवार चुनाव लड़ने से वंचित हो गए हैं स्थानीय निकाय चुनाव में आरक्षण के संदर्भ में साय सरकार ने जो दुर्भावना पूर्वक संशोधन किया है वह अन्य पिछड़ा वर्ग के साथ अन्याय है, अत्याचार है। भारतीय जनता पार्टी के मूल चरित्र आरक्षण विरोधी है जब ये विपक्ष में थे तब विधानसभा में सर्वसम्मति से पारित छत्तीसगढ़ नवीन आरक्षण विधेयक को रोका जिसमें अनुसूचित जनजाति को 32 प्रतिशत और अन्य पिछड़ा वर्ग को 14 से बढ़कर 27 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान था। 2 दिसंबर को पारित किया विधेयक भाजपा के षडयंत्रों के चलते ही आज तक राजभवन में लंबित है। अब स्थानीय निकाय चुनाव में आरक्षण के नियमों में बदलाव करके ओबीसी अधिकारों में दुर्भावना पूर्वक कटौती किया गया है। धरना प्रदर्शन प्रदर्शन एवं घेराव में पंकज शर्मा नगर पालिका पर्यवेक्षक, डॉ रश्मि चंद्राकर जिलाध्यक्ष, विनोद चंद्राकर पूर्व विधायक, खिलावन बघेल शहर अध्यक्ष, ढेलू निषाद ग्रामीण अध्यक्ष, खिलावन साहू ग्रामीण अध्यक्ष, राशि महिलांग नगर पालिका अध्यक्ष, कृष्ण चंद्राकर उपाध्यक्ष नगर पालिका, दाऊलाल चंद्राकर, नरेंद दुबे, संजय शर्मा, मोहित ध्रुव, मनोजकांत साहू, त्रिभुवन महिलांग, हीरा बंजारे, प्रमोद चंद्राकर, सती साहू, अरुण चंद्राकर, नारायण नामदेव, सोमेश दवे, गौरव चंद्राकर, प्रदीप चंद्राकर, विजय साव, राजू साहू, डॉ तरुण साहू, मिंदर चावला, राजेश नेताम, निखिलकांत साहू, बबलू हरपाल, भरत ठाकुर, अजय थवाईत, लता कैलाश चंद्राकर, राजेश नेताम, देवेश शर्मा, पिंकी बघेल, प्रीति साहू, नुकेश महंत, टोवा राम कन्नौजे, मो मंसूर खान, राहुल अवाड़े, तबरेज खान, दशोदा ध्रुवएरवि ध्रुव, बादल बघेल, ईशा टंडन, माया पांडे, सोनम रामटेके, ममता चंद्राकर, कातिका पैकरा, भूमिका ध्रुव, लक्ष्मी सोनी, सलमान, देवनारायण ध्रुव आदि उपस्थित थे।

रेत का अवैध परिवहन करते 6 हाइवा एवं एक चैन माउंटेन मशीन जब्त

समवेत शिखर संवाददाता

महासमुंद। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में राजस्व विभाग एवं खनिज विभाग द्वारा अवैध रेत उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर सतत कार्रवाई जारी है।

इसी क्रम में संयुक्त दल द्वारा ग्राम मोहकम में रेत के अवैध उत्खनन की शिकायत पर गुरुवार की सुबह औचक जांच किया गया। जांच दल द्वारा उत्खनन करते मशीन को घेर कर जप्त किया गया। मोहकम घाट में अवैध रेत उत्खनन के लिए बनाए गए रैंप को गहरा कर तोड़ा गया। कार्यवाही के दौरान रेत का अवैध परिवहन करते 06 हाईवा एवं एक नग चैन माउंटेन मशीन को जप्त किया गया। जप्त चैन माउंटेन मशीन को ग्राम पंचायत लहंगर के उपसरपंच की बाड़ी में सील बंद कर कोटवार के सुपुर्द किया गया। कार्रवाई के दौरान जप्त हाईवा को थाना तुमगांव के सुपुर्द अभिरक्षा में दिया गया। कार्यवाही मे नायब तहसीलदार महासमुंद, सहायक खनिज अधिकारी एवं खनिज विभाग तथा पुलिस विभाग की टीम शामिल थे।

शिक्षक अपने दायित्वों का निर्वहन सजगता से करें

कलेक्टर ने ली शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक,शत-प्रतिशत बच्चों की अपार आईडी बनाना सुनिश्चित करें

समवेत शिखर संवाददाता

महासमुंद। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विकासखंड शिक्षा अधिकारियों, प्राचार्यों एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयकों की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने अपार आईडी निर्माण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की और शत.प्रतिशत विद्यार्थियों की अपार आईडी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने उन संकुलों पर विशेष ध्यान देने को कहा, जो आईडी निर्माण में पीछे चल रहे हैं। कलेक्टर ने संबंधित विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को नियमित समीक्षा करने और पोर्टल पर डाटा समय पर अपलोड करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, जिला शिक्षा अधिकारी बी आर सावंत और जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा उपस्थित थे।

कलेक्टर ने निर्देशित किया कि आगामी 20 जनवरी से शुरू होने वाली प्री.बोर्ड परीक्षा की तैयारियां गंभीरता से और समय पर पूरी की जाएं। परीक्षा संचालन का स्तर बोर्ड परीक्षा के समान रखा जाए और सभी विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित हो। अर्द्धवार्षिक परीक्षा के परिणामों पर चर्चा करते हुए उन्होंने कमजोर परिणाम वाले स्कूलों में नियमित मॉनिटरिंग और बेहतर कार्य योजना लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी से कहा कि स्कूलों में शिक्षकों का सामूहिक उत्तरदायित्व सुनिश्चित करें और गणित, विज्ञान और भाषा विषयों पर विशेष ध्यान दिया जाए। विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा के लिए बेहतर तैयारी कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री लंगेह ने सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों और संकुल समन्वयकों को अपने अंतर्गत आने वाले स्कूलों का नियमित अवलोकन करने और विद्यार्थियों की पढ़ाई की समीक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मध्यान्ह भोजन, शिक्षा गुणवत्ता आदि पर विशेष ध्यान देने को कहा। कलेक्टर ने कहा कि सभी शिक्षक समय पर विद्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित करें तथा बिना पूर्व अनुमति के मुख्यालय से बाहर न जाए। उन्होंने कहा कि स्कूल परिसर में नशाखोरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि कोई शिक्षक स्कूल में नशा करते पाया गया तो उसे तुरंत निलंबित किया जाएगा। साथ ही बैठक में जाति प्रमाण पत्र और निवास प्रमाण पत्र बनाने में आ रही कठिनाइयों पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को पात्र विद्यार्थियों के प्रमाण पत्र बनाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में परीक्षा पे चर्चा 2025 की जानकारी ली गई जिसमें महासमुंद जिले ने परीक्षा पे चर्चा 2025 के तहत शानदार प्रदर्शन करते हुए 79.85 प्रतिशत परिणाम के साथ 96.567 प्रविष्टियों के माध्यम से राज्य में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। जिले की शालाओं में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, जिनकी दिन.प्रतिदिन जानकारी ट्रैकर के माध्यम से एकत्रित की जा रही है। इन गतिविधियों को अधिक प्रभावी रूप से प्रचारित करने के लिए संबंधित हैशटैग का उपयोग कर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा किया जाएगा, जिससे जागरूकता और सहभागिता बढ़ सके। बैठक में सहायक संचालक एन के सिन्हा, संपा बोस सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे तथा विकास खण्ड स्त्रोत समन्वयक, सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी वीडियों कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।

जीतने योग्य प्रत्याशी को मिलेगा मौका बनेगी शहर में भाजपा की सरकार : वर्मा

चुनाव प्रभारी लक्ष्मी वर्मा ने ली संगठन की बैठक

समवेत शिखर संवाददाता

महासमुंद। स्थानीय भाजपा कार्यालय में गुरूवार को भाजपा संगठन की प्रदेश उपाध्यक्ष ,नगरीय निकाय चुनाव महासमुंद की प्रभारी श्रीमती लक्ष्मी वर्मा का आगमन हुआ। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ,जिलाध्यक्ष येतराम साहू ,पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर ,मण्डल अध्यक्ष महेंद्र सिका सहित भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने चुनाव प्रभारी लक्ष्मी वर्मा का आत्मीय स्वागत अभिनन्दन किया।

भाजपा कार्यालय में भाजपा पदाधिकारियो और कार्यकर्ताओं अध्यक्ष और पार्षद पद के दावेदारों से मुलाकात पश्चात हुई मण्डल समिति की बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए लक्ष्मी वर्मा ने कहा कि बहुत जल्द नगरीय निकाय चुनावों की प्रक्रिया पूरी होने वाली है। भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है और यह वक्त कार्यकर्ताओं के चुनाव है। भाजपा के कार्यकर्ताओं की संख्या शहर में हजारों की संख्या है जिनकी उम्मीद और अपेक्षाएं पार्टी के साथ जुड़ी हुई है। प्रभारी लक्ष्मी वर्मा ने कहा कि अभी शहर में अध्यक्ष और पार्षद पद के दावेदारों की संख्या भी अधिक है। भाजपा का संगठन जितने योग्य प्रत्याशियों को अवश्य ही मौका देगी। परंतु पार्टी की जीत सभी कार्यकर्ताओ की एकजुटता,परिश्रम से ही तय होगी। केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकार है। शहर में भाजपा की सरकार बनेगी तो निश्चित ही विकास को नई गति मिलेगी । विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने भी कार्यकर्ताओ का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य में डबल इंजन की भाजपा की सरकार बनाने में कार्य कर्ताओं का अहम योगदान रहा है।

शहर में भी भाजपा प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करते हुए हम सबको तीसरा इंजन जोड़कर विकास को गति को तेज करने की बात कही। इस अवसर पर भाजपा के जिला,मण्डल,मोर्चा, प्रकोष्ठ के सभी प्रमुख पदाधिकारीगण,पार्षद और शक्तिकेन्द्र बूथ समिति के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

कर्मचारियों की लंबित समस्याओं के निराकरण की मांग, प्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

समवेत शिखर संवाददाता

महासमुंद। प्रदेश के कर्मचारियों की लंबित समस्याओं की और सरकार का ध्यानाकर्षण के लिए करने के छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ महासमुन्द में संरक्षक प्रमोद तिवारी एवं जिला अध्यक्ष ओम नारायण शर्मा के नेतृत्व में रैली प्रदर्शन करते हुए मुख्य मंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम से जिला कलेक्टर को भोजनावकाश अवधि में ज्ञापन सौंपा गया।

संघ के जिला अध्यक्ष ओम नारायण शर्मा एवं सचिव अनिल कोसरिया ने बताया कि चुनाव के पूर्व घोषणा पत्र मोदी गारंटी में किए गए वादों के अनुरूप सरकार गठन के 1 वर्ष के पश्चात भी उचित निर्णय लेकर लागू नहीं किए जाने से प्रदेश के कर्मचारियों में हताशा एवं आक्रोश व्याप्त है। शासन को इन्हीं मुद्दों पर ध्यान आकर्षण कराने के लिए 12 सूत्री मांगों जिसमें प्रमुख रूप से केंद्र के समान महंगाई भत्ता, चार स्तरीय वेतनमान, 300 दिनों का अर्जित अवकाश, सभी संवर्ग के कर्मचारियों के वेतन विसंगति दूर करने, लंबित पदोन्नति प्रक्रिया पूर्ण करने, संविदाए दैनिकए अनियमित कर्मचारियों के रिक्त पदों को नियमित किए जाने तथा मध्य प्रदेश की भांति सेवा सुरक्षाए श्रम सम्मान निधि का भुगतान आदेश सभी विभागों में प्रदान किए जानेए अनुकंपा नियुक्ति के स्वीकृत पदों पर 10: का नियम शिथिल करनेए संघों को विभाजित मध्य प्रदेश की भांति स्थाई मान्यता दिए जाने आदि मांगों सहित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई के कर्मचारियों को वरिष्ठता सूची एवं पदोन्नति व आरबी तिवारी संयुक्त संचालक आईटीआई संचालनालय रायपुर को अन्यत्र पद स्थापना की मांग शामिल है। ज्ञापन देने वालों में संरक्षक प्रमोद तिवारी, जिलाध्यक्ष ओम नारायण शर्मा, सचिव अनिल कोसरिया, तहसील अध्यक्ष वृन्दावन पटेल सहित प्रदुमन पाण्डेय, शंकर अग्रवाल, आभा मिंज, योगेश्वर ध्रुव, बदरुद्दीन, अमित सक्सेना, तारणी चंद्राकर, सुनीता तिर्की आदि शामिल थे।

मां-बेटी सम्मेलन मनाया गया, न्योता भोज का किया गया आयोजन

शासकीय कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सुनसुनिया हुआ आयोजन

समवेत शिखर संवाददाता



बागबाहरा। शासकीय कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सुनसुनिया बागबाहरा में आज दिनांक 16/1/25 को मां बेटी सम्मेलन मनाया गया जिसमे शाला प्रबंधन समिति एवं समस्त पालकों के द्वारा न्योता भोज का कार्यक्रम किया गया नायब तहसीलदार मैडम श्रीमती नंदनी वर्मा के द्वारा बालिका शिक्षा के ऊपर चर्चा की गई विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीमान के के वर्मा के द्वारा पालकों एवं छात्राओं को पढ़ाई के महत्व को बताया गया सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामाता मन्ना डे के द्वारा बालिकाएं आजकल सभी क्षेत्र में आगे हैं विकास विकास खंड स्त्रोत समन्वयक सुश्री भूपेश्वरी साहू मैडम के द्वारा भी छात्राओं को हमेशा अपने लक्ष्य के अग्रसर रहने के लिए कहा गया इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संकुल समन्वयक श्रीमान भूपेंद्र निराला कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की अधीक्षक श्रीमती रक्षा साहू ,शाला की समस्त शिक्षिका ,शाला प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष कमल किशोर दीवान एवं इस पर चर्चा की गई एसएमसी सदस्य एवं समस्त पालक का का योगदान रहा

उमेश बने छग शिक्षक संघ के कार्यकारी प्रांताध्यक्ष बने

समवेत शिखर संवाददाता

महासमुंद। छग शिक्षक संघ प्रांतीय बैठक में संगठन हित में अनेकों चर्चा करते हुये प्रांतीय प्रमुख संगठन मंत्री एवं प्रांताध्यक्ष संजय सिंह ठाकुर के सहमति से छग शिक्षक संघ के पूर्व महामंत्री उमेश भारती गोस्वामी को कार्यकारी प्रांताध्यक्ष का दायित्व दिया गया ।

उक्त जानकारी देते हुये नवनियुक्त उप प्रांताध्यक्ष टेकराम सेन ने बताया कि उमेश भारती गोस्वामी वर्षों से छग शिक्षक संघ के कर्मठ सिपाही रहे हैं वे प्रमुख संगठन मंत्री महासमुंद, जिलाध्यक्ष प्रांतीय मंत्री, प्रांतीय महामंत्री के दायित्व का कुशलपूर्वक निर्वहन कर चुके हैं इसी तारतम्य में उन्हें एक बड़ी जिम्मेदारी दी गई है । छग शिषक्षक संघ प्रांतीय इकाई के बैठक दौरान अन्य महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये जिसमें प्रमुख रुप से आय व्यय एवं खाता हस्तांतरण आगामी दिनों संभागीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जावे । 23 जनवरी के पहले समस्त विद्यालयों में कर्तव्यबोध दिवस का आयोजन तथा सभी कालातीत जिला एवं ब्लाक इकाईयों का अतिशीघ्र निर्वाचन संपन्न कराई जावे साथ ही सदस्यता अभियान का विस्तार करते हुये अधिकाधिक संख्या में नये साथियों को जोड़ा जावे । बैठक में प्रमुख रुप से वर्षों से लंबित प्राचार्य पदोन्नति अतिशीघ्र किये जाने एवं प्रधान पाठक, व्याख्याताओं के पदोन्नति पर चर्चा हुई । अभी अभी बीएड योग्यताधारी शिक्षकों को नौकरी से निकाले जाने पर विरोध करते हुये उन्हें अतिशीघ्र विभागीय समायोजन की बात की गई । उमेश भारती गोस्वामी को नवीन दायित्व दिये जाने पर प्रमुख संगठन मंत्री प्रांत ओंकार सिंह ठाकुर, प्रांताध्यक्ष संजय सिंह ठाकुर, प्रांतीय महामंत्री मनोज राय प्रांतीय कोषाध्यक्ष गयाराम राजवाड़े, उप प्रांताध्यक्ष सतीश तिवारी, टेकराम सेन, डॉ अशोक गुप्ता, श्रीमती अनिता सिंह प्रांतीय मंत्री भुनेश्वर देवांगन, शैलेन्द्र सिंह भदौरिया, टीकम साहू सहित समस्त प्रांतीय पदाधिकारी महासमुंद जिला की ओर से प्रमुख संगठन मंत्री राजेन्द्र इंगोले, जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा, तिलक चंद्राकर, भागवत जगत, ज्योतिष चौधरी, भगोलीराम साहू, यूके दास, चन्द्रहास पात्र, अविनाश लाल, रोहिणी देवांगन, डोमन सिंह टंडन, किशोर कुमार रथ, पिरित पटेल सभी ने हर्ष व्यक्त किया है ।

स्कूल में न्योता भेज का आयोजन किया

भाटापारा। शासकीय प्राथमिक शाला रामसागर पारा मे न्यौता भेज का आयोजन किया गया जिसमे अभिषेक गुप्ता, अज्युदय गुप्ता, मुकेश देवांगन सहित बडी तादाद मे संकुल प्राचार्य, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक भाटापारा सिमगा व छात्र-छात्रा शामिल हुये। उक्त आयोजन अभिषेक गुप्ता ने अपने छोटे पुत्र अज्युदय गुप्ता के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित किया गया था।

नशामुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

शिक्षकों को मादक पदार्थों को लेकर बच्चों एवं समाज को जागरूक करने किया गया प्रेरित

समवेत शिखर संवाददाता

गरियाबंद। शहर के पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आज नशामुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न स्कूलों से आये शिक्षकों को समाज में नशे के प्रभाव को रोकने में उनकी भूमिका के बारे में जागरूक किया गया।साथ ही स्कूली बच्चों को नशीली एवं मादक पदार्थों से बचाने तथा नशे की लत से बच्चों को दूर रखने के बारे में भी बताया गया।कार्यक्रम में नशामुक्ति के क्षेत्र में कार्य कर रहे विभिन्न अशासकीय संस्थाओं के प्रमुख भी शामिल हुए।

उन्होंने नशे की जड़ को समाज से खत्म करने एवं नशामुक्त समाज के विकास के लिए शिक्षकों को अपना महत्वपूर्ण योगदान देने प्रेरित किया।कार्यक्रम में डीएमसी के.एस.नायक, उप संचालक समाज कल्याण विभाग डी.पी. ठाकुर,सहित नशामुक्त के क्षेत्र में कार्यरत चुन्नीलाल शर्मा, मनीषा शर्मा, फत्तेसिंह खालसा, सौरभ तिवारी, अजय श्रीवास्तव एवं शिक्षकगण मौजूद रहे।उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा समाज को नशामुक्त करने नशामुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है।इसके तहत लोगों को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से नशे से दूर रहने जागरूक किया जा रहा है। कार्यक्रम में बताया गया कि नशा एक बीमारी है,इससे शरीर को बहुत नुकसान होता है।साथ ही आर्थिक,मानसिक एवं सामाजिक समस्याओं का भी सामना करना पड़ता है। कार्यक्रम में नशे की बीमारी से मुक्ति,नशे के बारे में विभिन्न धारणाओं व नशा प्रयोग करने वाले व्यक्ति के मुख्य लक्षणों आदि की जानकारी विस्तार से देकर नशा न करने के बारे में जागरूक किया गया। सरकार व जिला प्रशासन का प्रयास है कि नशा मुक्त भारत अभियान से अधिक से अधिक लोग जुड़े, ताकि नशा मुक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जा सके।नशा मुक्त भारत अभियान का उद्देश्य न केवल जन-साधारण को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागृत करना है।बल्कि नशे के खिलाफ जन आंदोलन का रुप देना है।ताकि नशे के खिलाफ हर आदमी जुड़ कर अपना योगदान दे सकें।नशे पर पूर्णतया अंकुश लगाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक कदम उठाए जा रहे हैं। कार्यक्रम में बताया गया कि दुनिया में कोई भी कार्य असंभव नहीं है,नशा भी छोड़ा जा सकता है।इसके लिए दृढ़ संकल्प लेना जरुरी होता है।व्यक्ति मनोरंजन के तौर पर नशे की शुरुआत करता है,लेकिन बाद में यह आदत में शुमार हो जाता है।जिससे पूरे परिवार की मानसिक स्थिति के साथ-साथ आर्थिक स्थिति भी खराब हो जाती है।

विद्युत विभाग ने बकाया विद्युत बिल की वसूली के लिए छेड़ा मुहिम

समवेत शिखर संवाददाता

भाटापारा। छत्तीसगढ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के कार्यपालन यंत्री वीके राठिया ने संभाग के अधीन विभिन्न स्थानो के 20 हजार से अधिक रूपये की बकाया वाले विद्युत कनेक्शनो पर कार्यवाही करते हुये 20 बडे बकायादार उपजेक्ताओं के सीधे कनेक्शन काट दिये जाने के निर्देश दिये थे उच्चाधिकारियो के मार्गनिर्देशन पर कार्यवाही करते हुये विद्युत कनेक्शन काट दिये गये है विद्युत विभाग की इस कार्यवाही से बकायादार विद्युत उपजेक्ताओं मे हडकंप मच गया है। विद्युत विभाग बकाया वसूली के लिये ऐसे प्रकरणो के निपटारे हेतु न्यायालय जाने की तैयारी कर रहा है विद्युत विभाग के सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार

ग्राम सूरजपुरा के जैतराम वर्मा से 44972 रूपये, ग्राम तुरमा के उमाशंकर मनहरे से 44451 रूपये, ग्राम धोबनी के दुकालू से 37882 रूपये, ग्राम मजगांव के रामकुमार से 34901 रूपये, कन्हैया से 34695 रूपये, रमेश से 33913 रूपये, मंगलदास से 33902 रूपये, बुधवंतीन बाई से 33816 रूपये, मेला राम लहरे से 33746, तिहारू से 33175 रूपये, सोनकुंवर से 31801 रूपये, गिरधारी ओगरे से 31749 रूपये उपरोक्त सभी बकायदार निवासी ग्राम मजगांव है वहीं ग्राम हरीनभटठा के संतबाई बघेल से 31506 रूपये, ग्राम गुडेलिया के केजाबाई साहू से 32005 रूपये, ग्राम मुढीपार के चम्मन लाल से 33670 रूपये, ग्राम चमारी के कुमार धर दिवाकर से 33862 रूपये, ग्राम मोटियारीडीह के जगतराम से 33931 रूपये, लाल बहादूर शास्त्री वार्ड भाटापारा के शंकर नारंग से 38960 रूपये, भाटापारा शहर के शिवदास सतनामी से 44089, उमरखान से 35981 रूपये की विद्युत बकाया राशि वसूलने के लिये उपरोक्त सभी प्रकरणों को न्यायालय मे ले जाने की तैयारी छत्तीसगढ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा की जा रहीं है। उपरोक्त जानकारी व्ही के राठिया ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से दी है। बिजली बिल हाफ योजना के बावजूद बकाया बिजली बिल का भुगतान नहीं करने के कारण वसूली प्रक्रिया के दायरे मे लिया गया है। कार्यपालन यंत्री का कहना है कि प्रदेश मे बिजली बिल हाफ योजना के लागू होने के बावजूद विद्युत उपयोग करने वाले उपजेक्ताओं द्वारा बकाया बिजली बिल का भुगतान नहीं किया जा रहा है जिसके कारण भाटापारा क्षेत्र मे विद्युत बकाया राशि करोड़ो रूपये के आंकडे को भयावह रूप से पार कर चुका है। विभाग के आला अधिकारियों से मिले मार्गनिर्देशन के पश्चात सहायक अभियंता कनिष्ठ अभियंता एवं फिल्ड स्टाफ द्वारा विद्युत बकाया राशि वसूली एवं विद्युत कनेक्शन काटने के कार्य को तीव्र गति से चालू कर दिया गया है जिसके कारण अनेक कनेक्शन लगातार काटे जा रहे है उक्त कार्यवाही से बचने के लिये समस्त विद्युत बकायादारो को समय पर विद्युत राशि व विद्युत बकाया राशि का भुगतान शीघ्र करने की अपील विभाग ने की है।

जिले में टेली मानस सेवा का हुआ शुभारंभ

मानसिक स्वास्थ्य सुधार संबंधी सेवाओं के लिए चौबीसों घंटे सक्रिय हेल्पलाइन नम्बर जारी

समवेत शिखर संवाददाता

गरियाबंद।कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देशानुसार और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गार्गी यदु पाल के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन और जिला चिकित्सालय गरियाबंद द्वारा आम जनता के हित में एक नई सेवा की शुरुआत की गई है।जिला चिकित्सालय गरियाबंद में संचालित स्पर्श क्लिनिक के माध्यम से टेली मानस के नाम से मानसिक स्वास्थ्य सुधार संबंधी सेवाएं शुरू की गई है।

यह टेली मेंटल हेल्थ असिस्टेंस और नेटवर्किंग अक्रॉस स्टेट्स देश भर में प्रदान करने के लिए सातों दिन चौबीसो घंटे टेलीफोनिक परामर्श सेवा है।मानसिक स्वास्थ्य से पीड़ित कोई भी व्यक्ति टोल फ्री नंबर 14416, 18008914416 में डॉयल कर मनोचिकित्सक, मनोवैज्ञानिक एवं काउंसलर से बात कर उचित परामर्श प्राप्त कर सकते हैं। टेली मानस सेवा में 23 टेली मेंटल सेंटर ऑफएक्सीलेंस का नेटवर्क शामिल है। टेली मानस सेल के माध्यम से सहायता और निःशुल्क मानसिक स्वास्थ्य परामर्श मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों के द्वारा दी जा रही है। इससे ई-संजीवनी, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स और आपातकालीन मनोरोग सुविधाओं को भी जोड़ा गया है।

सीएमएचओ ने बताया कि कभी-कभी व्यक्ति किसी व्यक्तिगत या अन्य कारण से अत्यधिक तनाव में आ जाता है और स्वयं को अथवा दूसरे को हानि पहुंचाने की कोशिश करता है,परीक्षा में,प्रेम में असफल होने पर आत्मघाती कदम उठाने को आतुर हो जाता है,या नशे का आदी होकर परिवार से लड़ता है,अपने स्वास्थ्य के साथ-साथ धन का भी नुकसान करता है,इन परिस्थितियों में व्यक्ति की मानसिक स्थिति अत्यंत खराब हो जाती है, जिसे सही समय पर उचित परामर्श की आवश्यकता होती है।ऐसी स्थिति में व्यक्ति टोल फ्री नंबर 14416, 18008914416 में डॉयल कर मनोचिकित्सक, मनोवैज्ञानिक एवं काउंसलर से बात कर उचित परामर्श प्राप्त कर सकते हैं।यह परामर्श भारत में बोली जाने वाली 21 भाषाओं में संवाद कर प्राप्त की जा सकती है, जिसमें परामर्श लेने वाले की जानकारी पूर्णतः गोपनीय रखी जायेगी।हताशा और निराशा के अंधकार में डूबे लोगों के लिए यह नई आशा की किरण के समान है। जो लोगों को किसी भी मानसिक अवसाद से निकालने में उचित परामर्श प्रदाय करेंगे।जिन लोगों को नशापान, शराब और जुए की आदत छोड़ने की इच्छा हो तो वे भी टेली मानस सेवा को फोन लगाकर निःशुल्क परामर्श ले सकते हैं। दिन हो या रात किसी भी समय टोल फ्री नंबर पर ये परामर्श सेवा उपलब्ध रहेगा।इसके साथ ही गरियाबंद के जिला चिकित्सालय के रूम नंबर 19-ए में स्पर्श क्लिनिक संचालित है जिसमें अस्पताल समय में जाकर भी इस परामर्श सुविधा का लाभ ले सकते है। आम जनता से अपील है कि सभी मानसिक तनाव से गुजर रहे लोगों को इस निःशुल्क परामर्श सेवा का लाभ उठाने हेतु जरूर प्रेरित करें।

मार्डन इंग्लिश स्कूल में वार्षिक खेल पुरस्कार समारोह हुआ

समवेत शिखर संवाददाता

भाटापारा। स्थानीय मार्डन इंग्लिश स्कूल मे वार्षिक खेल पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि डीएव्ही स्कूल के प्राचार्य संतोष सिंग थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस नेता आलोक मिश्रा ने की। कार्यक्रम मे राजीव बाटवे, अंजलि बाटवे, दीपक बेडेकर सहित अन्य लोग मौजूद थे। स्कूल की प्राचार्या प्रीति ताम्हणे ने वार्षिक खेलकूद एवं राष्ट्रीय स्तर से ब्लाक स्तर तक की खेल उपलब्धियों का सिलसिलेवार ब्यौरा प्रस्तुत किया। इस दौरान कक्षा नर्सरी से कक्षा 8 वीं तक के 435 से अधिक छात्र-छात्राओं की उपस्थिति मे वार्षिक पुरस्कार वितरित किये गये। जगदलपुर मे आयोजित राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता मे आर्चिस विभा कोशले ने तीसरा स्थान प्राप्त किया था उन्हे पुरस्कृत किया गया इसी तरह कोरबा मे नेशनल लेवल नेटबाल प्रतियोगिता मे अमन यदू, निखिल साहू, धनेन्द्र पंसारी ने प्रथम स्थान अर्जित किया। इसलिये उन्हे भी पुरस्कृत किया गया। आस्था जायसवाल जिला स्तर पर विजेता रहीं वहीं प्राची साव, अन्नू पाल, चैताली देवांगन, खनक यादव, गौरी सिंग, रूद्र दास, मोहम्मद अमान, श्रेया साहू, प्रांशु जायसवाल, सोमाक्ष वर्मा, कात्यायनी सिंग चौहान, वरूण सोनी, समर रजक, तनुश्री चौहान सहित अन्य लोगों को भी पुरस्कार वितरित किये गये। पुरस्कार मे 27 शील्ड अवार्ड 28 विशेष उपलब्धि अवार्ड दिये गये। इसके अलावा भावेश सेन, श्रेया भगत, आकृति गुप्ता, मनीष पाल, गुंजन ध्रुव, नागेन्द्र मरकाम, निखिल साहू, निखिल ध्रुव, शिवम यदू, नागेन्द्र मरकाम, हनी ध्रुव, साक्षी बघेल, ईशा शाह, इशित शाह, तानिया साहू, अंकित सेन, भव्य साहू, प्रभात साहू, अंबिका चक्रवती, आराध्या कुमारी, ओम साहू, विवान, हितेन्द्र वैद्य, हिमेश कंवर, सुरभि महोबिया आदि उपस्थित थे।

विधायक इंद्रकुमार ने प्रदेशाध्यक्ष किरणदेव सिंह को दी बधाई

समवेत शिखर संवाददाता

नवापारा राजिम। भारतीय जनता पार्टी द्वारा आज शुक्रवार को प्रदेश के निवर्तमान अध्यक्ष किरण सिंहदेव को फिर से प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है ।

इस पर अभनपुर विधानसभा के लोकप्रिय विधायक इंद्रकुमार साहू ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि श्री सिंहदेव का फिर से प्रदेश अध्यक्ष बनाया जाना इस बात को प्रमाणित करता है कि पार्टी के हित में बेहतर कार्य करने वालों को पार्टी द्वारा पुरस्कृत किया जाता है । श्री सिंहदेव के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने, पिछले वर्ष हुए लोकसभा चुनाव में, सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए प्रदेश की 11 में से 10 लोकसभा सीटें जीतने में सफलता हासिल की थी । अध्यक्ष बनने के बाद से श्री सिंहदेव ने अपने सीधे, सरल व्यवहार और नेतृत्व क्षमता से भाजपा के

कार्यकर्ताओं को इस कदर सम्मोहित किया है कि कार्यकर्ता उनके निर्देश पर पार्टी के हित में अपना सब कुछ झोंक देते हैं । कार्यकर्ताओं में किसी भी तरह का आपसी मतभेद नहीं है और कार्यकर्ता व्यक्तिगत हित से ज्यादा पार्टी हित को महत्व देने लगे हैं । प्रदेश भाजपा आज पहले से कहीं अधिक मजबूत और सशक्त हो गई है । इन सब बातों को देखते हुए और आगामी नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी ने स्वाभाविक तौर पर श्री सिंहदेव पर भरोसा जताते हुए फिर से प्रदेश अध्यक्ष बनाया है और निश्चित तौर पर श्री सिंहदेव के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी । मैं अपनी ओर से श्री सिंहदेव को एक बार फिर से दायित्व मिलने पर बधाई देते हुए उन्हें अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं ।

सब्जियों और फलों का रूप धारण कर बच्चों ने मोहा मन

केसीपीएस कुरूद में मनाया गया फरूट एंड वेजिटेबल डे

समवेत शिखर संवाददाता

कुरूद। कलीराम चंद्राकर पब्लिक स्कूल कुरूद में शुक्रवार को प्री प्राइमरी विभाग द्वारा फरूट एंड वेजिटेबल डे मनाया गया। इस दौरान शानदार कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों को विभिन्न फलों और सब्जियों की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम की शुरुआत में नन्हे-मुन्हें बच्चों ने फलों और सब्जियों का रूप धारण कर बारी-बारी से अपना परिचय दिया। कोई टमाटर ,कोई आलू ,कोई बैंगन तो कोई मिर्ची आदि बनकर सबका मन लुभाने लगे। वहीं केला , सेब,अमरूद और विभिन्न फलों के रूप धारण कर बच्चों ने वातावरण में प्रकृति की महक ला दी। सभी बच्चों को विभिन्न सब्जियों और फलों की जानकारी

देते हुए उनके महत्व से रूबरू कराया गया। इसके उपरांत सभी बच्चों ने रैंप वॉक और मनभावन नृत्य करते हुए अपनी मीठी मुस्कान से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया।

प्राचार्य के मंजीता ठाकुर ने सभी बच्चों को इस कार्यक्रम के बारे में बताते हुए सब्जियों और फलों की विशेषताओं का वर्णन किया । उन्होंने बताया कि हमारे अच्छे स्वास्थय और सुंदर जिंदगी में हरी सब्जियों और ताजे फलों में काफी महत्व होता है। आप सभी को इसे जीवन में अपनाते हुए इसका भरपूर उपयोग करना सीखना होगा। इस दौरान प्री प्राइमरी विभाग के शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

समाज को आगे बढ़ाने में युवाओं की भागीदारी अहम: जगदीश

विशाल जल कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष शामिल हुए

समवेत शिखर संवाददाता

फिंगेश्वर। भक्त गुहा निषाद समाज नगर फिंगेश्वर द्वारा बड़े धूमधाम से विशाल जल कलश यात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ों की संख्या में नगर निषाद समाज के महिला पुरूष युवा इस विशाल शोभायात्रा रैली में शामिल होकर डीजे की धून में थिरकते दिखे। कार्यक्रम का शुभारंभ बालाजी मंदिर फुलवारी प्रांगण में विशाल जनसमूह के बीच पंडित दिनेश्वर प्रसाद शर्मा जी के मंत्रोच्चार के साथ भगवान श्रीराम जानकी, भक्त गुहा निषाद राज की पूजा अर्चना के साथ सैंकड़ों की संख्या में महिलाएं अपने सिर पर जल

कलश धारण किए शोभायात्रा नगर भ्रमण मौली माता मंदिर, दर्रीपार चौंक, हल्बापारा ,पुराना बस स्टैंड, नया बस स्टैंड, शिवाजी चौंक, बिजली आफिस चौंक, टिकरापारा होते हुए वापिस बालाजी मंदिर फुलवारी प्रांगण वापिसी पश्चात। मंचीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भुनेश्वर निषाद जिलाध्यक्ष निषाद समाज जिला गरियाबंद,अध्यक्षता जगदीश यदु अध्यक्ष नगर पंचायत फिंगेश्वर, विशिष्ट अतिथि बिसौहा हरित वरिष्ठ नागरिक,मनोहर निषाद 84पाली अध्यक्ष, कमलेश यदु पार्षद, अनिल चन्द्राकार पार्षद, जितेन्द्र सिंह ठाकुर पूर्व एलडरमेन, दिलीप निषाद, कामता निषाद पूर्व पार्षद, अशोक निषाद, रमेश सर्वे,श्रीमती मंजूलता हरित, श्रीमती सुनीता श्रीवास,केजऊ निषाद सरपंच बिनौरी, सुखी राम निषाद, सुरेश निषाद छेरकू निषाद, कैलाश निषाद थे अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में बोलते हुए जगदीश यदु ने कहा केवट निषाद समाज भक्त गुहा का वंशज हैं जो प्रभु श्रीराम जी का बहुत बड़े भक्त हुए जिन्होंने भगवान श्रीराम लक्ष्मण को चौदह वर्ष के वनवास काल के दौरान अपने नाव में बैठाकर गंगापार कराया था, समाज को आगे बढ़ाने में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित हो युवाओं को अपने जिम्मेदारी समझनी होगी। इसके साथ ही आयोजन समिति के द्वारा सभी के लिए विशाल भोजन भण्डारे की व्यवस्था किया गया था। मनोरंजन के लिए रात्रिकालीन ज्योति विद्या जस झांकी फिंगेश्वरी (छुरा)का कार्यक्रम रखा गया था, आभार रमेश सर्वे व संचालन थानू निषाद ने किया ।

पेण्ड्रा में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

समवेत शिखर संवाददाता

छुरा।शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पेण्ड्रा में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता सम्पन्न हुआ जिसमें बच्चों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया पूर्व में प्रतिवर्ष होने वाले इस आयोजन का इस बार चार वर्ष बाद उत्साह पूर्ण माहौल में शुभारंभ हुआ उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि कोमलसिंह ध्रुव पूर्व अध्यक्ष एसएमडीसी थे विशेष अतिथि के रुप में बृजलाल ध्रुव पन्नालाल गंगवंशी मंचस्थ हुए अध्यक्षता सी के साहू ने की सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र पर पूजा अर्चना की गई पश्चात अतिथि स्वागत की परंपरा विद्यालय परिवार द्वारा निभाई गई बच्चों के द्वारा आकर्षक मार्चपाष्ट कर सलामी दी गई।

अतिथियों द्वारा गोला फेंककर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया विद्यालय में अध्ययनरत 9वीं से 12 वीं तक के छात्राओं को चार दलों भगतसिंह

दल सुभाष दल रानी लक्ष्मीबाई दल और रानी दुर्गावती दल में बांटा गया पश्चात उन्हीं दलों के बीच दौड़ गोलाफेंक कबड्डी खोखो व्हालीबाल रस्साकस्सी की प्रतियोगिता हुई जिसमें 100मी दौड़ बालक प्रथम टलेश द्वितीय लोकेश्वर बालिका प्रथम पदमनी द्वितीय अमृता 200मी दौड़ बालक प्रथम टलेश द्वितीय रियाज अली बालिका प्रथम रेशमा द्वितीय सानिया गोलाफेंक बालक प्रथम टंकेश्वर द्वितीय टलेश बालिका प्रथम कु विद्या द्वितीय दामिनी रिलेरेस बालक रानी लक्ष्मीबाई दल द्वितीय सुभाष दल बालिका प्रथम भगतसिंह दल द्वितीय रानी लक्ष्मीबाई दल रस्साकस्सी बालक प्रथम रानी लक्ष्मीबाई दल द्वितीय रानी दुर्गावती दल बलिका प्रथम भगतसिंह दल द्वितीय रानी दुर्गावती दल खो खो बालक प्रथम रानी दुर्गावती दल द्वितीय भगतसिंह दल बालिका प्रथम सुभाष दल द्वितीय रानी दुर्गावती दल कबड्डी बालक प्रथम सुभाष दल द्वितीय लक्ष्मीबाई दल बालिका प्रथम भगतसिंह दल द्वितीय रानी दुर्गावती दल व्हालीबाल बालक रानी लक्ष्मीबाई दल द्वितीय रानी दुर्गावती दल रहे निर्णायक के रुप में सी के साहू राजू साहू पीटीआई पंकज साहू पीटीआई हीरालाल साहू सत्यव्रत साहू हेमंत साहू शरद कुमार साहू नरेन्द्र नागेश ने सहयोग किया साथ ही साथ अपने दल के प्रभारी के रुप निर्मला लालवानी मुकेश कुमार ध्रुव संतोष कुमार साहू लतिका साहू एकता पाल ने अपने दलों को बेहतर प्रदर्शन करने में बच्चों को सहयोग एवं प्रेरित किया।संस्था प्रमुख भावना मथरानी ने दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता के सफल संचालन एवं सहभागिता के लिए सभी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं छात्र छात्राओं का आभार व्यक्त किया एवं पीटीआई राजू साहू को धन्यवाद दिया और कहा कि पढ़ाई के साथ साथ फिजिकल एक्टिविटी भी आवश्यक है।

शिव विवाह ध्रुव चरित्र का रसपान भक्तों को कराया

समवेत शिखर संवाददाता

छुरा। विकासखंड के ग्राम कोरासी(खड़मा) में कंवर परिवार के सानिध्य में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया। प्रवचन कर्ता पंडित श्री नारायण प्रसाद द्विवेदी ने कथा के तृतीय दिन शिव विवाह ध्रुव चरित्र का रसपान भक्तों को कराया। कथा में छ.ग.सर्व आदिवासी समाज जिला गरियाबंद मीडिया प्रभारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता पुनिराम ठाकुर,समाजसेवी मनोज पटेल विशेष रुप से शामिल हुए।ठाकुर एवं पटेल ने भोलेनाथ शिव शंकर प्रतिमा का पूजा- अर्चना कर क्षेत्र के लिए खुशहाली की कामना की साथ ही कथा व्यास पर विराजमान नारायण प्रसाद द्विवेदी जी का गमछा एवं श्रीफल सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त

न्यूज ब्रीफ

पैरा आर्चरी नेशनल चैंपियनशिप जयपुर में शामिल हुई सविता निषाद

महासमुंद। 6 वीं पैरा आर्चरी महिला एवं पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन 10 से 13 जनवरी तक पूर्णिमा यूनिवर्सिटी जयपुर राजस्थान में आयोजित किया गया। जिसमें महासमुंद जिले की सविता निषाद पिता नरेश निषाद वार्ड नंबर 14 लालवानी गली महासमुंद ने छत्तीसगढ़ की ओर से पहली बार तीरंदाजी खेल में नेशनल चैंपियनशिप में शामिल हुई।

प्रशिक्षक मनमोहन पटेल बिलासपुर के मार्गदर्शन में सविता ने नेशनल चैंपियनशिप में भागीदारी की। इस चैंपियनशिप में सविता ने इंडियन राउंड टीम इवेंट में 30 मी एवं 50 मीटर की दूरी में शामिल हुई। छत्तीसगढ़ की टीम इवेंट में महासमुंद जिले से सविता निषाद के साथ रायगढ़ जिले से चंचल पटेल एवं रायगढ़ से ही श्याम कुमारी टीम में शामिल रही, जिन्होंने नेशनल चैंपियनशिप में एक साथ टीम इवेंट में भागीदारी की। सविता के तीरंदाजी में पहली बार नेशनल चैंपियनशिप में भागीदारी करने के लिए खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद मनोज धृतलहरे, उपसंचालक समाज कल्याण विभाग संगीता सिंह, अध्यक्ष जिला तीरंदाजी संघ महासमुंद डॉ विकास अग्रवाल, सचिव एवन कुमार साहू, आशुतोष शर्माए, गुलाब ठाकुर, अमित हिषिकर, डॉ सुनील कुमार भोई, अध्यक्ष जिला पैरा स्पोर्ट्स संघ निरंजन साहू, सचिव तोरण यादव, पुनेंद्र चंद्राकर ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

कार पेड़ से टकराई, उड़े परखच्चे, मौत

बिलासपुर। कोटा क्षेत्र में रात करीब ढाई बजे कार के पेड़ से टकराने के बाद घायल युवक की हुई मौत। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में गुरुवार देर रात तेज रफ्तार कार मोड़ पर अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। हादसे में कार सवार रियल स्टेट कारोबारी युवक की मौत हो गई। वहीं, उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल है। उसकी हालत भी नाजुक बताई जा रही है। वहीं मृतक का पिता मर्डर केस में उम्र कैद की सजा काट रहा है। घटना कोटा थाना क्षेत्र की है। राजस्व कॉलोनी स्थित संजय हाईट्स निवासी चंद्रकुमार जायसवाल (30) रियल स्टेट कारोबारी है। बुधवार की रात वह अपने दोस्त ऋषभ जैन को लेकर घर से कार में घूमने निकला था। दोनों कोटा की तरफ गए थे। वहां से रात करीब ढाई बजे घर लौट रहे थे।

121 करोड़ का पौने 3 किमी लंबा ब्रिज तैयार

भोपाल। भोपाल के सबसे लंबे तत्त (गणेश मंदिर से गायत्री मंदिर तक) फ्लाई ओवर का काम पूरा हो गया है। पौने 3 किमी लंबा यह ब्रिज 121 करोड़ रुपए की लागत से बना है। 15 दिन में थर्ड आर्म यानी, तीसरी भुजा और सर्विस लेन भी पूरी हो गई है। इस ब्रिज का उद्घाटन केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी कर सकते हैं। हालांकि, केंद्रीय मंत्री गड़करी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की तारीख अभी तय नहीं हो पाई है। इससे पहले ब्रिज की ओपनिंग 3 जनवरी को होने की उम्मीद थी, लेकिन पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन से कार्यक्रम टाल दिया गया था। उम्मीद है कि इसी सप्ताह ब्रिज से ट्रैफिक शुरू कर दिया जाएगा।

रायपुर के अस्पताल में घायल जवानों से मिले गृह मंत्री शर्मा

- आईईडी की चपेट में आए थे जवान
- मुठभेड़ पर बोले-हार्डकोर एरिया में ऑपरेशन, सर्चिंग जारी

समवेत शिखर न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में आईईडी की चपेट में घायल जवानों से गृह मंत्री रायपुर के देवेंद्र नगर स्थित निजी अस्पताल में मिलने पहुंचे। उन्होंने जवानों से मिलकर हाल-चाल जाना। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। साथ ही डॉक्टरों से चर्चा कर जवानों की स्थिति को समझा। फिलहाल कोबरा बटालियन के दोनों जवान खतरे से बाहर हैं।

दरअसल, गुरुवार दोपहर बीजापुर जिले के बासागुड़ा थाना क्षेत्र में कोबरा बटालियन के 2 जवान आईईडी की चपेट में आ गए। साथी जवानों ने गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां से इन्हें रेफर कर रायपुर लाया गया। बताया जा रहा है कि पुतकेल कैंप से जवान सर्च ऑपरेशन पर निकले थे। नक्सलियों ने इलाके में पहले से ही आईईडी लगा रखी थी। इसी दौरान जवानों का पैर आईईडी पर पड़ा, जिससे जोरदार धमाका हुआ। दोनों जवानों के हाथ और पैर में चोटें आई थी। जिसके बाद इलाके में सर्च ऑपरेशन भी चलाया जा रहा है।

हार्डकोर एरिया में ऑपरेशन हुआ

छत्तीसगढ़-तेलंगाना बॉर्डर पर सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में 12 नक्सली मारे गए हैं। इसे लेकर गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि बीजापुर के जिन इलाकों में मुठभेड़ हुई है। वह हार्डकोर एरिया है, सुरक्षा बलों को इन जगहों पर चलाए गए ऑपरेशन में बड़ी सफलता मिली है। जवानों ने दर्जनभर नक्सलियों को मार गिराया है। ऑपरेशन के बाद सर्चिंग जारी है उसके बाद स्पष्ट होगा कि नक्सलियों को कितना नुकसान हुआ है। फिलहाल बीजापुर में आईईडी से घायल हुए दोनों जवान खतरे से बाहर हैं। डॉक्टरों की टीम लगातार निगरानी कर रही हैं।

मुख्यधारा में वापस लौटें नक्सली

विजय शर्मा ने आगे कहा कि नक्सलियों को हथियार छोड़कर मुख्यधारा में वापस लौटना चाहिए। उनके 3 साल तक रहने खाने की व्यवस्था की जाएगी। उन्हें 10 हजार रुपये महीना भी दिया जायेगा। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास और प्लाट दिया जाएगा। उन्हें सरकार के साथ विकास में सहयोग करना चाहिए।

बस्तर में 24 घंटे में 2 आईईडी ब्लास्ट, 4 जवान घायल

- सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में मारे गए सभी 12 नक्सलियों के शव लेकर पहुंची
- घटनास्थल से भारी मात्रा में हथियार बरामद

समवेत शिखर संवाददाता

जगदलपुर। छत्तीसगढ़-तेलंगाना बॉर्डर पर सुरक्षाबलों ने 12 नक्सलियों को मार गिराया है। सभी माओवादियों के शव लेकर जवानों की एक टीम कोंडापल्ली पहुंची। घटनास्थल से भारी मात्रा में हथियार भी मिले हैं। इलाके में सर्चिंग अब भी जारी है।

इधर नारायणपुर में नक्सलियों की लगाई आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) की चपेट में आकर दो बीएसएफ (बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स) जवान घायल हो गए हैं। दोनों का इलाज जारी है। इससे पहले गुरुवार को बीजापुर में भी आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से 2 जवान घायल हुए थे।

बीजापुर के पुजारी कांकेर में गुरुवार दिनभर मुठभेड़ चली। दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा के करीब 1500 से ज्यादा जवान ऑपरेशन पर निकले थे। बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने इसकी पुष्टि की है। पुलिस को इनपुट मिले थे कि, पामेड़ इलाके में भारी संख्या में नक्सली मौजूद हैं। सूचना के आधार पर 3 जिलों से डीआरजी, कोबरा 205, 206, 208, 210 बटालियन के जवानों समेत सीआरपीएफ की टीम को 2 दिन पहले सर्च ऑपरेशन के लिए निकाला गया था। नक्सलियों की सेंट्रल कमेटी और बटालियन नंबर 1 के साथ जवानों की मुठभेड़ हुई। नक्सलियों की दोनों टीम में कई बड़े लीडर मौजूद हैं। इन पर मिनिमम 8 लाख रुपए का इनाम घोषित है। गुरुवार तड़के माओवादियों और पुलिस के बीच में मुठभेड़ शुरू हुई। दिनभर रुक-रुककर गोलीबारी होती रही। हालांकि देर शाम तक खबर मिली की जवानों ने करीब 10 से 12 माओवादियों को एनकाउंटर में मार गिराया है। अलग-अलग टीमों के साथ मुठभेड़ हुई है। शाम तक मुठभेड़ रुक गई थी। जवान नक्सलियों के कोर इलाके को घेर रखे थे। आज (शुक्रवार) सुबह फिर से इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। करीब 1500 से ज्यादा जवान इलाके में ही मौजूद हैं। हालांकि पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जब जवान लौटेंगे, सर्च ऑपरेशन पूरा कर लिया जाएगा। तभी नक्सलियों को कितना नुकसान हुआ है इस बारे में पता चलेगा।

3 जिलों दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा के जिस सरहदी इलाके में मुठभेड़ हुई, वहां नक्सलियों की बटालियन नंबर 1, कंपनी नंबर 9, पामेड़ एरिया कमेटी के नक्सली सक्रिय हैं। यहां नक्सलियों का छ्ष्ट (कोर कमेटी) मेंबर हिड़मा भी है।

भिलाई की कैटरिंग दुकान में 6 एलपीजी सिलेंडर में धमाका

10 लाख रुपए से अधिक का सामान जलकर खाक

समवेत शिखर संवाददाता

भिलाई। छत्तीसगढ़ में भिलाई कैम्प 2 के बैंकुंठ धाम जेपी नगर चौक में महादेव कैटर्स नाम से संचालित एक कैटरिंग दुकान में बड़ा हादसा हुआ। शनिवार शाम करीब 6 बजे दुकान में रखे एलपीजी गैस सिलेंडरों में विस्फोट हो गया। इस घटना में एक के बाद एक कुल 6 सिलेंडर फटे, जिससे आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया। हालांकि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची।

आग की इतनी भीषण थी कि दमकल कर्मियों को आग बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। करीब डेढ़ घंटे बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। कैटरिंग दुकान के मालिक गौरव केसरवानी ने बताया बताया कि दिल्ली से कैटरिंग का सामान मंगवाया था, जिसकी कीमत 10 लाख रुपये से अधिक थी। इस हादसे में सारा सामान जलकर राख हो गया। कैटरिंग दुकान के अंदर कुल 10 सिलेंडर थे, जिनमें से 6 सिलेंडर में धमाका हुआ। यह हादसा उस समय हुआ जब दुकान में काम चल रहा था, लेकिन गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। पुलिस ने घटनास्थल की जांच शुरू कर दी है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

पंचायत व नपा में भाजपा का परचम लहराना है: शिवरतन शर्मा

समवेत शिखर संवाददाता

भाटापारा। भाटापारा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 46 के अधीन भारतीय जनता पार्टी के संगठन के पांच मंडलो की संयुक्त बैठक स्थानीय गोविंद सारंग स्मृति भाजपा कार्यालय मे हुई जिसमे नगर पालिका चुनाव और त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर पदाधिकारियों एवं विभिन्न भाजपा मोर्चा प्रकोष्ठो के पदाधिकारियों ने बैठक मे भाग लिया।

उक्त बैठक मे पूर्व विधायक धरसींवा क्षेत्र देवजी पटेल विशेष रूप से शामिल हुये। देवजी पटेल भाटापारा क्षेत्र के प्रभारी बनाये गये है बैठक मे प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा, नवनियुक्त जिलाध्यक्ष आनंद यादव ने कहा कि अब भाटापारा नगर पालिका से लेकर पंचायत तक भाजपा का परचम लहराने का समय आ गया है प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने पदाधिकारियो और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुये कहा कि डबल इंजन की सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं को जन जन तक पहुंचाकर चुनाव मे भाजपा के पक्ष मे पूर्ण रूप से माहौल बनाकर जमीन तैयार करना है शर्मा ने आगे कहा कि नीचे स्तर के बूथ लेबल के कार्यकर्ताओ को अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाना है और ज्यादा से ज्यादा लोगों को पहुंचकर शासन की कल्याणकारी योजनाओं को बताते हुये भाजपा को नगरीय निकाय व त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव मे सत्तारूढ करने जी जान से जुट जाना है। शर्मा ने यह भी कहा कि एक साल मे भाजपा सरकार ने जो प्रदेश की जनता के लिये विकास के सैकड़ो काम किये है उसको लेकर भाजपा के तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता जनता के बीच जावे व बतावे जिससे कि निकाय व पंचायत चुनाव मे निश्चित तौर पर भाजपा की जीत सुनिश्चित हो सके। भाटापारा क्षेत्र के प्रभारी देवजी पटेल ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुये कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह तथा राष्ट्रीय भाजपा अध्यक्ष जयप्रकाश नडडा का जो सपना है कि पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक भाजपा का परचम लहराना चाहिये उस सपना को हम सबको मिलकर साकार करने का समय आ गया है जिस प्रकार लोकसभा व विधानसभा चुनाव मे भाजपा को प्रचंड जीत छत्तीसगढ राज्य से मिली है वहीं जीत हमे पंचायत व भाटापारा नगर पालिका अर्जित करना है। उपरोक्त अवसर पर पूर्व मंडी उपाध्यक्ष अनिल पांडे, मोहन बांधे, चंन्द्रमणी तिवारी, पवन वर्मा, मुकेश सोनी, राजेश छाबडिया, योगेश अनंत, सुनील यदू, केजूराम बघेल, दिलीप छाबडिया, मथुरा यदू, मनेन्द्र सिंग गुम्बर, आशीष जायसवाल व व्यासनारायण यदू सहित विधानसभा क्षेत्र के पांचो मंडलो के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बडी संख्या मे उपस्थित थे।

ब्राम्हण महिला मंडल का आनंद हुआ मेला

समवेत शिखर संवाददाता

भाटापारा। स्थानीय पुराना गंज सभा स्थल मे विप्र फाउंडेशन ब्राम्हण महिला मंडल एवं लालसोट महिला मंडल के तत्वाधान मे आनंद मेला का आयोजन किया गया। लजीज व्यंजन व आपसी प्रेम सौहाद्र एवं उत्साह से लवरेज उपरोक्त कार्यक्रम मे बडी तादाद मे लोगों ने शामिल होकर आनंद मेले का लाभ प्राप्त किया। उपरोक्त अवसर पर ब्राम्हण महिला अध्यक्ष आदिगौड इकाई श्रीमती बबीता भृगु, लालसोट ब्राम्हण महिला अध्यक्ष सुशीला तिवाडी, विप्र फ ाउंडेशन की उमा शर्मा सहित पुरूष सदस्य रेखू शर्मा, अशोक तिवाडी, शरद भृगु, शैलेश भृगु, अवि भृगु, रितिक भृगु, शुभम भृगु, अभिजीत भृगु, राहुल तिवारी, लच्छू, गौरव शर्मा, लक्ष्मीनारायण शर्मा, संतोष पुरोहित, सत्यनारायण जोशी, रेखचंद शर्मा, आनंद शर्मा, विजय पांडे, मुकेश तिवारी, नंदकिशोर सेवाका, अभिषेक उपाध्याय, नरेश चौबे, राजेश शर्मा, नरेश शर्मा, राधेश्याम शर्मा व हरगोपाल शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम मे प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा की भी गरिमामय उपस्थिति रहीं कार्यक्रम का संचालन लक्ष्मी पांडे व चंद्रकिरण ने किया।

रायपुर नगर निगम में जीत के लिए मूणत ने कार्यकर्ताओं को दिलाया संकल्प

- मिलकर लड़ेंगे और रायपुर ननि में भाजपा का झंडा लहराएंगे : खूबचंद
- भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में नगरीय निकाय चुनाव हेतु कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

समवेत शिखर न्यूज

रायपुर। जिला भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में आज जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर के नेतृत्व में नगरीय निकाय चुनाव के संदर्भ में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया आगामी दिनों में रायपुर नगर निगम सहित प्रदेश भर में नगरीय निकाय चुनाव संभावित हैं ऐसे में भाजपा ने चुनाव तिथि की घोषणा पूर्व ही अपनी तैयारियां चालू कर दी है लगातार नगरीय निकाय चुनावों के संदर्भ में बैठकों और सम्मेलनों का दौर जारी हो चुका है इन निकाय चुनावों भाजपा कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती विगत 3 बार से रायपुर नगर निगम महापौर की कुर्सी से भाजपा वंचित रही है ऐसे में अब भाजपा का पूरा ध्यान महापौर सहित रायपुर निगम से अधिक से अधिक पार्षद जितवा कर निगम में कब्जा करने की योजना बना कर कार्य कर रही है ।

आज जिला कार्यालय में आहूत कार्यकर्ता सम्मेलन में जिला कार्यालय में रायपुर शहर जिला के तमाम बड़े नेताओं की उपस्थिति रही रायपुर की चारों विधानसभाओं के विधायक राजेश मूणत , मोतीलाल साहू , पुरंदर मिश्रा और सुनील सोनी और भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव सहित जिला प्रभारी खूबचंद पारख सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं सहित आज भाजपा परिसर कार्यकर्ताओं से खचाखच भरा हुआ था जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने उपस्थित पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि नगरीय निकाय चुनाव का बिगुल अब लगभग बज चुका है हम सभी कार्यकर्ताओं को अब संकल्पित होने की आवश्यकता है कि हम रायपुर महापौर सहित सभी 70 वार्डो में कमल फूल के प्रत्याशी जिताकर लाएं चुनाव में पार्टी से पार्षद चुनाव हेतु टिकट की दावेदारी का दौर शुरू हो चुका है और यह प्रत्येक कार्यकर्ता का अधिकार भी है लेकिन मैं इस गरिमामई मंच से आप सभी को आश्वस्त करना चाहता हूं कि संगठन प्रत्येक कार्यकर्ताओं पर उनके कार्यो पर नजर बनाए हुए हैं और निश्चित ही श्रेष्ठ कार्यकर्ता ही पार्टी का प्रत्याशी बनेगा आप सभी दावेदारी करने के अधिकारी है परन्तु आज हम सभी को यह संकल्प लेकर जाना है अंत में भारतीय जनता पार्टी जिसको अपना प्रत्याशी बनाए हमें उसको जिताने के लिए ईमानदार परिश्रम करना है इसमें आपसी मनमुटाव की कोई गुंजाइश न रहे और भाजपा के प्रत्याशी सभी 70 वार्डो में बड़ी मार्जिन से जीते । आप सभी कार्यकर्ताओं का संकल्प होना चाहिए कि नगर निगम रायपुर में कमल का झंडा फहराएंगे।

उप मुख्यमंत्री साव ने लोरमी में विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण कर लोगों की समस्याएं सुनीं, लोरमी शहर के विकास के लिए एक साल में दिए हैं 53 करोड़ रुपए : अरुण साव



समवेत शिखर संवाददाता

मुंगेली/लोरमी। उप मुख्यमंत्री अरुण साव लगातार फील्ड में उतरकर विकास कार्यों के जमीनी हालात का निरीक्षण कर रहे हैं। उन्होंने गुरूवार को मुंगेली जिले के लोरमी नगर पालिका के तुलसाघाट वार्ड में निर्मित सीसी रोड का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सड़क की गुणवत्ता को लेकर लोगों से चर्चा कर उनकी समस्याएं भी सुनीं।

श्री साव ने वार्ड में 14 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सड़क का भूमिपूजन भी किया। वहां 80 लाख रुपए के विभिन्न विकास कार्य स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने तुलसाघाटवासियों की मांग पर मनियारी नदी पर पुल बनाने का आश्वासन दिया। उन्होंने लोरमी नगर पालिका के वार्ड-15 में निर्माणाधीन सतनाम भवन का जायजा लेकर अधिकारियों को समय पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने लोरमी हाईस्कूल मैदान में 44 लाख रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि स्कूल में 25 लाख रुपए से अधिक की लागत से बाउंड्रीवाल का निर्माण किया जाएगा। शहर के खिलाड़ियों की सुविधा के लिए 19 लाख रुपए की लागत से अच्छी रोशनी की व्यवस्था की जाएगी। लाइट लगने से मैदान में रात में भी विविध धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन हो सकेंगे। उन्होंने बताया कि राज्य शासन ने लोरमी शहर के विकास के लिए पिछले एक साल में ही 53 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं।

उप मुख्यमंत्री श्री साव अपने लोरमी प्रवास के दौरान सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक शाला झाफ्त्त के वार्षिकोत्सव में शामिल हुए। उन्होंने वहां सांस्कृतिक मंच का लोकार्पण भी किया। उन्होंने सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल के लिए दस लाख रुपए और झाफ्त्त गंगा नगर में नवधा रामायण मंच निर्माण के लिए पांच लाख रुपए देने की घोषणा की। श्री साव दशरथलाल अमरीका बाई आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय बंधवा में युवा सम्मान एवं वार्षिकोत्सव में भी शामिल हुए। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित प्रतिभाशाली युवाओं को सम्मानित कर बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कार्यक्रम में एकलव्य स्कूल से दशरथलाल स्कूल तक सीसी रोड निर्माण एवं स्वेच्छानुदान से राशि देने की घोषणा की।

अवैध गांजा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

समवेत शिखर संवाददाता

फिंगेश्वर/गरियाबंद। वरिष्ठ अधीकारियों के द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में अवैध गांजा, शराब, जुआ सट्टा पर कडी कार्यवाही हेतु दिशा-निर्देश दिये थे जिसके परिपालन में आज दिनांक 17.01.2025 को थाना प्रभारी निरीक्षक पवन वर्मा को मुखबीर से सूचना मिला कि दो व्यक्ति लाल रंग के स्विफ्ट डिजायर क्रमांक छ्त्त 05 छ्व 0711 कार में अवैध मादक पदार्थ रखकर फिंगेश्वर की ओर आ रहे है, जिसकी सूचना तस्दीक पर पुलिस टीम के साथ घटना स्थल पहुच कर मुखबीर से बताये गये संदेही वाहन को थाना फिंगेश्वर के मेन रोड के पास नाकाबंदी कर रोककर उक्त संदेही वाहन को पकडा गया। संदेहियों से नाम पता पुछने पर वाहन चलाने वाले ने अपना नाम गुलशन साहू निवासी चारभाटा तथा दूसरा आपका नाम हेम नारायण चारभाटा गुण्डरदेही जिला बालोद का रहने वाला बताया। एक लाल रंग के स्विफ्ट डिजायर कार के पीछे सीट के नीचे दो सफ्ेद रंग के बोरी में 14 किलोग्राम किमती 01 लाख 40 हज़ार रूपये तथा लाल रंग के स्विफ्ट डिज़ायर कम्पनी का छ्त्त 05 छ्व 0711 कीमती 01लाख रूपये तथा 02 नग मोबाईल फोन किमती करीबन 10,000 रूपये जुमला किमती 02 लाख रूपये को समक्ष गवाहो के जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। उक्त दोनो अरोपियों का कृत्य अपराध धारा सदर 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट का पाये से दोनो के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त प्रकरण में दोनो के विरूद्ध पर्याप्त सबुत पाये जाने से दोनो आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक देवीचंद श्रीश्रीमाल द्वारा समवेत शिखर प्रेस, रजबंधा मैदान, रायपुर से मुद्रित कर प्रकाशित। संपादक : देवीचंद श्रीश्रीमाल, प्रबंध संपादक : विवेक श्रीश्रीमाल, समाचार संपादक: शंकर चंद्राकर*
(* पीआरबी एक्ट के तहत संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार) आर.एन.आई. रजि. क्र.- 52151/91, पो. रजि. नं.-सीजी/आरवाईपी डी.एन./ 28/2020-22 फोन : 0771-4334967, Email : news@samvetshikhar.com, www.samvetshikhar.com

न्यूज ब्रीफ

गणतंत्र दिवस तथा महात्मा गांधी निर्वाण दिवस के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित

जगदलपुर। राज्य शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर श्री हरिस एस द्वारा 26 जनवरी 2025 को गणतंत्र दिवस तथा 30 जनवरी 2025 को महात्मा गांधी निर्वाण दिवस के अवसर पर बस्तर जिले में स्थित सभी प्रकार की मदिरा दुकानें अर्थात देशी मदिरा सीएस-2 (घघ) और विदेशी मदिरा एफएल-1 (घघ), एफएल-3 (होटल-बार), एफएल-7 (सैनिक कैंटीन) एवं मद्य भंडागार जगदलपुर और भांग-भांगघोटा जगदलपुर को 26 जनवरी रविवार तथा 30 जनवरी गुरूवार को पूर्णतः बन्द रखे जाने आदेशित किया गया है और उक्त दोनों दिवस मदिरा विक्रय एवं भांग-भांगघोटा विक्रय हेतु शुष्क दिवस घोषित किया गया है। उक्त आदेश के परिप्रेक्ष्य में नियत दिवस पर न तो मदिरा एवं भांग-भांगघोटा का विक्रय होने पाए और न ही किसी भी प्रकार से मदिरा एवं भांग-भांगघोटा का संव्यहार हो सके, इस हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए गए हैं। इस आदेश का कड़ाई से परिपालन कराये जाने के निर्देश सर्व सम्बंधित अधिकारियों को दिए गए हैं।

पं. जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना के तहत 6 वीं कक्षा में प्रवेश हेतु 14 फरवरी तक कर सकते है आवेदन

दंतेवाड़ा। अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति के ग्रामीण प्रतिभावान छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने एवं बेहतर कैरियर चयन का अवसर प्रदान करने उनमें बहुमुखी व्यक्तित्व विकास के अवसर प्रदान करने हेतु पं. जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना के तहत कक्षा 06 वीं में प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी 16 जनवरी से 14 फरवरी 2025 तक सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग में अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। उक्त परीक्षा के लिए 27 मार्च 2023 को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में 27 मार्च 2025 को दावा आपत्ति प्रस्तुत किया जा सकता है। इसके अलावा नक्सल हिंसा से प्रभावित परिवार के बच्चों को संस्था में सीधे प्रवेश दिया जायेगा। नक्सल हिंसा से प्रभावित परिवार को संबंधित जिले के पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

एकीकृत बाल विकास परियोजना दंतेवाड़ा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पदों हेतु आवेदन आमंत्रित

दंतेवाड़ा। एकीकृत बाल विकास परियोजना दंतेवाड़ा से प्राप्त जानकारी अनुसार एकीकृत बाल विकास परियोजना दंतेवाड़ा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका की रिक्त पद की पूर्ति हेतु आंगनबाड़ी केन्द्र कावड़गांव डोंगरीपारा, पोन्दुम पटेलपारा में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका के पद रिक्त है। इस हेतु संबंधित क्षेत्र से इच्छुक सभी आवेदनकर्ताओं से 30 जनवरी 2025 कार्यालयीन समय 10 बजे से संध्या 5.30 बजे तक कार्यालय में सीधे अथवा डाक द्वारा आवेदन निश्चित प्रारूप में आमंत्रित किये जाते है।

अंबिकापुर में गेल इंडिया बनाएगी गीले कचरे से बायो गैस

नगर निगमों के साथ गैस व पेट्रोलियम कंपनियों ने किया अनुबंध

समवेत शिखर संवाददाता

अंबिकापुर। नगर निगम अंबिकापुर में गेल इंडिया गीले कचरे से बायो गैस बनाएगी। शुक्रवार को रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव की मौजूदगी में आयुक्त नगर निगम डीएन कश्यप, गेल इंडिया और छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल डेवलपमेंट एजेंसी रायपुर के मध्य अनुबंध किया गया। एमओयू के बाद गेल इंडिया द्वारा सांड़बार में 10 एकड़ भूमि पर संयंत्र स्थापित किया जाएगा। इससे शहर के स्वच्छता प्रबंधन में मदद मिलेगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी यह एक बड़ा कदम होगा। भारत सरकार के पेट्रोलियम मंत्रालय द्वारा बायो गैस संयंत्र स्थापना के लिए प्रदेश के छह निकायों का चयन किया गया है। इनमें रायगढ़, कोरबा, अंबिकापुर नगर निगम में गेल इंडिया द्वारा बायो गैस संयंत्र की स्थापना की जाएगी।

बायो गैस प्लांट की स्थापना गेल इंडिया कंपनी करेगी। गीले कचरे का उठाव कर प्लांट तक ले जाने का काम भी कंपनी करेगी। गीले कचरे से उत्पादित गैस की बिक्री गेल इंडिया पंप लगाकर स्वयं करेगी। प्लांट लगाने में करीब 60 करोड़ का व्यय अनुमानित है, जो कंपनी वहन करेगी। निगम को किराया भी मिलेगा।

गेल इंडिया द्वारा बायोगैस प्लांट की स्थापना के लिए नगर निगम अंबिकापुर द्वारा बिलासपुर रोड में सेनेटरी पार्क के आगे चंपा नाला के समीप 10 एकड़ जमीन का चिन्हांकन कर आवंटन किया गया है। प्लांट की स्थापना सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के समीप की जाएगी।

नगर निगम सीवरेज से निकलने वाले पानी का एसटीपी के माध्यम से शोधन करेगी और इस उपचारित जल का उपयोग बायोगैस प्लांट में भी किया जा सकेगा। उपचारित जल को नगर निगम बायोगैस प्लांट में देगी तो इससे निगम को भविष्य में आमदनी भी हो सकेगी।

35 टन गीले कचरे का उत्पादन : स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी रितेश सैनी ने बताया कि गेल इंडिया द्वारा 100 टन कचरे को प्रोसेस किया जाएगा। शहर में वर्तमान में लगभग 35 टन गीले कचरे का उत्पादन होता है। शेष गीले कचरे की आपूर्ति कंपनी कृषि से निकले वाले गीले कचरे से करेगी। कंपनी द्वारा आसपास के जिलों से पैडी वेस्ट का भंडारण कर उन्हें प्रोसेस किया जाएगा।

नोडल अधिकारी रितेश सैनी का कहा है कि गीले कचरे का निपटान करने के दौरान मिथेन गैस का उत्सर्जन होता है, जो पर्यावरण की दृष्टि से घातक है। गीले कचरे के निष्पादन के साथ इससे जैविक खाद मिलेगा, जिसका उपयोग खेतों में किया जा सकेगा।

बीजापुर में पुलिस मुखबिरी के शक पर मौत की सजा माओवादियों ने जनअदालत में 1 को मार डाला

समवेत शिखर संवाददाता

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में माओवादियों ने पुलिस की मुखबिरी करने के शक में एक ग्रामीण की हत्या कर दी है, जबकि 2 की बेदम पिटाई की है। जनअदालत लगाकर सैकड़ों ग्रामीणों की मौजूदगी में युवक को मार डाला है। नक्सलियों की भैरमगढ़ एरिया कमेटी ने हत्या की जिम्मेदारी ली।

जानकारी के मुताबिक, नक्सलियों ने हल्लूर गांव के रहने वाले सुक्कु हपका (45) की हत्या कर दी है। दो दिन पहले सुक्कु समेत 3 ग्रामीणों को गांव से उठा लिया था। उन्हें पास के ही जंगल में लेकर गए थे। नक्सलियों ने यहां जनअदालत लगाई। तीनों ग्रामीणों को सैकड़ों लोगों के सामने खड़ा किया। वहीं तीनों पर पुलिस की मुखबिरी का आरोप लगाया।

इनमें से एक ग्रामीण सुक्कु को मौत की सजा सुना दी। जिसके बाद नक्सलियों ने सुक्कु का गला घोंटकर उसे मार दिया। वहीं अन्य दो ग्रामीणों की बेदम पिटाई की। जिसकी हत्या की उसके शव को फेंक दिया। अन्य 2 ग्रामीणों को चेतावनी देकर रिहा कर दिया है। वहीं पुलिस को भी मामले की जानकारी मिल गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

छत्तीसगढ़-तेलंगाना बॉर्डर पर सुरक्षाबलों ने 12 नक्सलियों को मार गिराया है। सभी माओवादियों के शव लेकर जवानों की एक टीम कोंडापल्ली पहुंची। घटनास्थल से भारी मात्रा में हथियार भी मिले हैं। इलाके में सर्चिंग अब भी जारी है।

कोंडागांव में छात्रों को मिलावट, हाइजीन और क्वालिटी की दी गई जानकारी

समवेत शिखर संवाददाता

कोंडागांव। कोंडागांव में खाद्य सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी डीके देवांगन के नेतृत्व में स्कूलों और छात्रावासों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के बारे में जानकारी दी जा रही है।

बुधवार को संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय स्कूल, गोलावंड के छात्रावास में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रों को वीडियो और ऑनलाइन माध्यम से खाद्य सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में खाद्य पदार्थों में मिलावट की पहचान, फूड फोर्टिफिकेशन और अखाद्य रंगों के दुष्प्रभाव पर विशेष ध्यान दिया गया। इस दौरान छात्रावास के भोजन की क्वालिटी पर भी चर्चा की गई, जिसमें छात्रों से सुझाव लिए गए और प्राचार्य तथा रसोई कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने छात्रों को बताया कि खाद्य पदार्थों को अखबारी कागज में लपेटने से कैसे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। साथ ही, खाद्य पदार्थों पर लगे लेबल को पढ़ने और समझने का महत्व भी समझाया।

कांकेर में सड़क सुरक्षा अभियान : चारामा पुलिस ने निकाली बाइक रैली, यातायात नियमों की दी जानकारी

समवेत शिखर संवाददाता

कांकेर। कांकेर जिले के चारामा में शुक्रवार को पुलिस प्रशासन ने बाइक रैली का आयोजन किया। यातायात नियमों के प्रति लोगों में जागरूकता का संदेश देने शहर में यह रैली निकाली गई।

कार्यक्रम में दिनेश सिन्हा ने सड़क सुरक्षा की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यातायात नियमों का पालन बहुत जरुरी है। पुलिस प्रशासन नियमों का उल्लंघन करने वालों पर नियमित रूप से चालान की कार्रवाई भी कर रहा है। 36वें सड़क सुरक्षा माह के तहत यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क पर यात्रा करने वाले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और उनके जीवन एवं संपत्ति की रक्षा करना है। प्रशासन का मानना है कि इस तरह के कार्यक्रमों से लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी। चारामा पुलिस की यह पहल जिले में सड़क सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

खेल-व्यापार-मनोरंजन

वर्ल्ड चैंपियन बनने के बाद अब टाटा स्टील शतरंज में हिस्सा लेंगे डी गुकेश

नई दिल्ली। ग्रैंडमास्टर डी गुकेश विश्व चैंपियन बनने के बाद शुक्रवार से यहां शुरू हो रहे टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। दिसंबर में सिंगापुर में विश्व चैंपियनशिप जीतने के बाद गुकेश ने न्यूयॉर्क में विश्व रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया था। इसके बाद वह पहली बार किसी टूर्नामेंट में शिरकत करेंगे। वह शनिवार को अपना अभियान शुरू करेंगे।

शुक्रवार को उद्घाटन समारोह में जोड़ियों की घोषणा की जाएगी। पांच भारतीय पहली बार 'शतरंज का विंबलडन' कहे जाने वाले टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे हैं। यह दुनिया में सबसे लंबे समय तक चलने वाली प्रतियोगिताओं में से एक है जो 1938 से खेली जा रही है। दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी 2024 में अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर इस प्रतियोगिता में सबसे ज्यादा रेटिंग वाले भारतीय खिलाड़ी के रूप में शुरुआत करेंगे। इस दौरान वह विश्वनाथन आनंद के बाद 2800 ईएलओ रेटिंग पार करने वाले दूसरे भारतीय बन गए थे। 14 खिलाड़ियों और 13 दौर की इस प्रतियोगिता में आर प्रज्ञानानंदा भी दौड़ में होंगे। प्रज्ञानानंदा के दुनिया के युवा खिलाड़ियों में शायद सबसे ज्यादा प्रशंसक हैं। विदित गुजराती को इस प्रतियोगिता से हटना पड़ा और आयोजकों ने उनकी जगह पी हरिकृष्णा को चुना। पांचवें भारतीय लियोन ल्यूक मेंडोंका हैं जिन्हें चैलेंजर्स वर्ग के पिछले चरण में जीत के बाद एलीट शतरंज में अपना पहला बड़ा ब्रेक मिला है।

विराट कोहली नहीं खेल पाएंगे रणजी ट्रॉफी मुकाबला, गर्दन में आई मोच

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर टीम इंडिया के फ्लॉप शो के बाद स्टार खिलाड़ी रोहित शर्मा और विराट कोहली के रणजी ट्रॉफी के दूसरे राउंड में खेलने की उम्मीद थी। हालांकि, दोनों ही खिलाड़ियों ने अपने-अपने बोर्ड को खेलने को लेकर कोई जानकारी नहीं दी है। रणजी ट्रॉफी के दूसरे राउंड का आगाज 23 जनवरी से होने जा रहा है। हालांकि, विराट कोहली के घरेलू मुकाबला खेलने पर संशय और बढ़ गया है। दरअसल, टीओआई के मुताबिक विराट कोहली की गर्दन में मोच आई है, जिसके लिए उन्होंने इंजेक्शन भी लिया है।



23 जनवरी से दिल्ली को सौराष्ट्र के खिलाफ अपना अगला मुकाबला खेलना है, उनकी खेलने पर सस्पेंस बढ़ गया है। हालांकि, दिल्ली एंव जिला क्रिकेट संघ का कहना है कि उन्हें अभी तक कोई अपडेट नहीं मिला है। टाइम्स ऑफ इंडिया के हवाले से एक सूत्र ने बताया कि संभवाना है कि वह बचे हुए दो रणजी ट्रॉफी मैचों में से पहले मैच को छोड़ दें और अगर डीडीसीए चयनकर्ताओं को अपडेट दिया जाता है तो तस्वीर साफ हो सकती है। फिलहाल, कोहली के किसी न किसी स्तर पर दिल्ली की टीम में शामिल होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है और अगर वह सौराष्ट्र के खिलाफ मैच शुरू होने से पहले राजकोट में टीम के साथ ट्रेनिंग करते हैं तो इसमें कोई आश्चर्य नहीं होगा। दिल्ली की टीम 20 जनवरी को रवाना होगी और मैच शुरू होने से पहले दो ट्रेनिंग सेशन में हिस्सा लेगी।

बीसीसीआई ने 10 सूत्री निर्देश जारी किए, घरेलू क्रिकेट अनिवार्य परिवार के दौरे पर रहने पर पाबंदी

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय क्रिकेट टीम में 'अनुशासन और एकजुटता' को बढ़ावा देने के लिए 10 सूत्री नीति जारी की जिसमें घरेलू क्रिकेट में खेलना अनिवार्य, दौरे पर परिवार और निजी स्टाफ की मौजूदगी पर पाबंदी और श्रृंखला के दौरान व्यक्तिगत विज्ञापन पर प्रतिबंध जैसे कई उपाय शामिल हैं। इस नीति का पालन नहीं करने पर खिलाड़ियों पर जुर्माना लगाया जाएगा जिसमें केंद्रीय अनुबंधों से उनकी रिटेनर फीस में कटौती और लुभावनी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में भाग लेने पर रोक शामिल है। ऑस्ट्रेलिया के दौरे में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद इन निर्देशों की घोषणा की गई है जिसके पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में वाइटवाश का सामना करना पड़ा था।

हिमानी शिवपुरी ने अपने पैतृक गांव को गोद लिया

मुंबई। हिमानी शिवपुरी को एण्डटीवी के शो 'हप्पू की उलटन पलटन' में कटोरी अम्मा की उनकी भूमिका के लिए बेहद पसंद किया जा रहा है। वह न केवल एक प्रसिद्ध अभिनेत्री हैं बल्कि एक नेकदिल इंसान भी हैं, जो अपनी जड़ों से जुड़ी हुई हैं। हाल ही में उन्होंने प्रवासी उत्तराखंडी परिषद के सहयोग से अपने पैतृक गांव भटवाड़ी, जो उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में स्थित है, को गोद लिया। उन्होंने अपने गृहक्षेत्र के प्रति आभार व्यक्त करते हुये यह बड़ा कदम उठाया है। उनका उद्देश्य खासतौर से गांव को पुनर्जीवित करना और स्थायी अवसरों का निर्माण करना है, क्योंकि काम की तलाश में कई युवा शहरों की ओर पलायन कर चुके हैं। इससे गांव में ज्यादातर बुजुर्ग आबादी, जिसमें कई वृद्ध महिलाएं शामिल हैं, बची रह गई हैं। हिमानी का यह प्रयास विकास, स्थायित्व, और अपने प्रिय गांव भटवाड़ी की विरासत को संजोने की उनकी गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस सार्थक पहल के बारे में बताते हुये, हिमानी शिवुपरी ऊर्फ कटोरी अम्मा ने कहा, ''भटवाड़ी का मेरे दिल में एक खास स्थान है। यह सिर्फ मेरा पैतृक गांव नहीं है, बल्कि मेरी बचपन की ढेरों यादों का कैनवास भी है। मुझे यह देखकर बेहद दुःख होता है कि इस गांव ने अपनी रौनक खो दी है, क्योंकि यहां से ज्यादातर युवा बेहतर अवसरों की तलाश में बड़े शहरों का रूख कर चुके हैं। आज इस गांव में मुख्य रूप से केवल बुजुर्ग ही बचे हैं, जो अक्सर खुद को अलग-थलग और असहाय महसूस करते हैं। इन बुजुर्गों के पास काफी ज्ञान और कौशल है, जिनका इस्तेमाल ऑर्गेनिक खेती, हस्तकलाओं या यहां तक कि पर्यटकों के लिये होमस्टेज में भी किया जा सकता है। इन पहलों से उन्हें आर्थिक स्वतंत्रता और जिंदगी जीने का एक नया उद्देश्य मिल सकता है। मेरा मानना है कि यह मेरी ज़िम्मेदारी है कि मैं उनके लिये कदम उठाऊं और उनके जीवन में बदलाव लाने में मदद करूं।

स्टार्टअप्स के साथ नवाचार और स्थिरता को मिलेगी की नई दिशा

नई दिल्ली (ए)। वेदांता एल्युमीनियम ने राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस पर 70 से अधिक स्टार्टअप्स के साथ मिलकर एल्युमीनियम उद्योग में नवाचार को बढ़ावा दिया है। इन स्टार्टअप्स के द्वारा विकसित अत्याधुनिक तकनीकें और समाधान, उद्योग की चुनौतियों का हल प्रस्तुत करती हैं और पर्यावरणीय स्थिरता के लिए रास्ता खोलती हैं। इन साझेदारियों के तहत 100 से अधिक प्रोजेक्ट्स लॉन्च किए गए, जिनका उद्देश्य रोबोटिक्स, एआई, आईओटी और स्मार्ट सेफ्टी सॉल्यूशंस के माध्यम से प्रचालन दक्षता, लागत में कटौती, और पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ाना है।

इस अवसर पर वेदांता एल्युमीनियम के सीईओ श्री सुनील गुप्ता ने कहा, ÷हम इन स्टार्टअप्स के साथ मिलकर एल्युमीनियम क्षेत्र में दक्षता और इनोवेशन को आगे बढ़ाने के लिए उत्साहित हैं। इनफिनिट अपटाइम के सीईओ श्री रौनक भिंगे ने कहा, ÷वेदांता स्मार्क ने हमें मजबूत बिजनेस केस बनाने और खरीद प्रक्रियाओं को तेज करने में मदद की। इस साझेदारी से हमारे संचालन में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है, और यह वेदांता की नवाचार को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कंपनी का उद्देश्य 2050 तक नेट जीरो उत्सर्जन तक पहुँचना है, और इसके लिए वे पर्यावरण संरक्षण और सस्टेनेबिलिटी की दिशा में निरंतर प्रयासरत हैं।

रियलमी ने 22,999 रुपए के शुरुआती मूल्य में दुनिया का पहला कोल्ड-सेंसिटिव कलर-चेंजिंग फोन, रियलमी 14 प्रो सीरीज़ 5जी लॉन्च किया

नई दिल्ली (ए)। भारतीय युवाओं के सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी ने आज अपने स्मार्टफोन और एआईओटी पोर्टफोलियो में अत्याधुनिक उत्पाद - रियलमी 14 प्रो सीरीज़ 5जी और रियलमी बड्स वायरलेस 5 पेश किए। रियलमी 14 प्रो सीरीज़ 5जी दो इनोवेटिव मॉडलों रियलमी 14 प्रो 5जी और रियलमी 14 प्रो+ 5जी के साथ आ रही है। इन दोनों स्मार्टफोंस को मशहूर डेनिश डिज़ाईन स्टूडियो, वेल्योर डिज़ाईनर्स के सहयोग से बनाया गया है।

इनके साथ दुनिया में पहले कोल्ड-सेंसिटिव कलर चेंजिंग स्मार्टफोंस की शुरुआत हो रही है। इस नई रियलमी नंबर सीरीज़ का सबसे पहला स्मार्टफोन रियलमी 14 प्रो सीरीज़ 5जी है, जिसका उद्देश्य फ्लैगशिप फीचर्स को मिड-रेंज स्मार्टफोंस में लेकर आना और अत्याधुनिक डिज़ाईन, इमेजिंग एवं परफॉर्मेंस प्रदान करना है। रियलमी 14 प्रो सीरीज़ 5जी उद्योग में कई नई पहल करने वाली एक अत्याधुनिक डिवाईस है। इसमें दुनिया का पहला कोल्ड-सेंसिटिव कलर चेंजिंग स्मार्टफोन हैं। तापमान 16 डिग्री सेल्सियस से नीचे जाने पर ये दोनों मॉडल अपना रंग बदल लेते हैं, और पर्ल व्हाईट से वाईब्रैंट ब्लू में बदल जाते हैं। तापमान बढ़ने पर इनका रंग फिर से बदल जाता है। यह ब्रांड इस सेगमेंट में पहली बार स्वेड लैदर पेश कर रहा है, जो स्किन-फ्रेंडली टच के साथ एक ठोस एवं आरामदायक टैक्सचर प्रदान करता है। रियलमी ने इन स्मार्टफोंस के अलावा, रियलमी बड्स वायरलेस 5 एएनसी का लॉन्च भी किया है। ये वायरलेस ईयरबड बेहतर साउंड क्वालिटी के साथ सुगम यूज़र अनुभव प्रदान करते हैं, और ब्रांड की हाई-क्वालिटी ऑडियो डिवाईसेज़ का विस्तार कर रहे हैं। इस लॉन्च के बारे में रियलमी के प्रवक्ता ने कहा, ''हम अपने लेटेस्ट इनोवेशन - रियलमी 14 प्रो सीरीज़ और रियलमी बड्स वायरलेस 5एएनसी लॉन्च करके बहुत उत्साहित हैं। रियलमी 14 प्रो सीरीज़ 5जी सीमाओं को लगातार आगे बढ़ाने और ग्राहकों को उद्योग के सर्वोत्तम फीचर्स प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करती है।

बेजोड़ सुरक्षा, स्कोडा काइलैक को भारत एनसीएपी क्रैश टेस्ट में 5 स्टार रेटिंग मिली

नई दिल्ली (ए)। भारतीय युवाओं के सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी ने आज अपने स्मार्टफोन और एआईओटी पोर्टफोलियो में अत्याधुनिक उत्पाद - रियलमी 14 प्रो सीरीज़ 5जी और रियलमी बड्स वायरलेस 5 पेश किए। रियलमी 14 प्रो सीरीज़ 5जी दो इनोवेटिव मॉडलों रियलमी 14 प्रो 5जी और रियलमी 14 प्रो+ 5जी के साथ आ रही है। इन दोनों स्मार्टफोंस को मशहूर डेनिश डिज़ाईन स्टूडियो, वेल्योर डिज़ाईनर्स के सहयोग से बनाया गया है। इनके साथ दुनिया में पहले कोल्ड-सेंसिटिव कलर चेंजिंग स्मार्टफोंस की शुरुआत हो रही है। इस नई रियलमी नंबर सीरीज़ का सबसे पहला स्मार्टफोन रियलमी 14 प्रो सीरीज़ 5जी है, जिसका उद्देश्य फ्लैगशिप फीचर्स को मिड-रेंज स्मार्टफोंस में लेकर आना और अत्याधुनिक डिज़ाईन, इमेजिंग एवं परफॉर्मेंस प्रदान करना है।

रियलमी 14 प्रो सीरीज़ 5जी उद्योग में कई नई पहल करने वाली एक अत्याधुनिक डिवाईस है। इसमें दुनिया का पहला कोल्ड-सेंसिटिव कलर चेंजिंग स्मार्टफोन हैं। तापमान 16 डिग्री सेल्सियस से नीचे जाने पर ये दोनों मॉडल अपना रंग बदल लेते हैं, और पर्ल व्हाईट से वाईब्रैंट ब्लू में बदल जाते हैं। तापमान बढ़ने पर इनका रंग फिर से बदल जाता है। यह ब्रांड इस सेगमेंट में पहली बार स्वेड लैदर पेश कर रहा है, जो स्किन-फ्रेंडली टच के साथ एक ठोस एवं आरामदायक टैक्सचर प्रदान करता है।

केंद्रीय कर्मचारियों के लिए हुआ आठवां वेतन आयोग का गठन, प्रगतिशील पेंशनर कल्याण संघ ने की खुशी जाहिर'

जांजगीर। गत दिवस गुरुवार को केंद्र सरकार की कैबिनेट की हुई बैठक में केंद्रीय कर्मचारियों के लिए आठवां वेतन आयोग गठित करने को मंजूरी दे दी गई है । उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार के नीतियों के समान राज्य सरकार द्वारा भी वेतन आयोग का गठन कर केंद्र के समान वेतन एवं महंगाई भत्ता देने का प्रावधान है ।छत्तीसगढ़ प्रगतिशील पेंशनर कल्याण संघ ने भी छत्तीसगढ़ सरकार से शीघ्र ही राज्य कर्मचारियों के लिए आठवां वेतन आयोग गठित करने की मांग करते हुए संघ के प्रांताध्यक्ष आर के थवाईत,महामंत्री ओ पी शर्मा, सुंदर सिंह, कार्यकारी प्रांताध्यक्ष के एस ठाकुर,व जांजगीर चांपा जिला इकाई के अध्यक्ष एवं प्रांतीय प्रवक्ता संतोष राठौर, कार्यकारी अध्यक्ष महेश राठौर, सचिव जी एस उपाध्याय , उपाध्यक्ष अमरनाथ राठौर, राजेश तिवारी, कोषाध्यक्ष राजकुमार द्विवेदी , प्रांतीय सलाहकार अर्जुन लाल राठौर , आर एस क्षत्रिय, प्रांतीय उपाध्यक्ष कविता तिवारी प्रांतीय सचिव आर एन राजपूत कार्यालयीन सचिव सुरेंद्र सिंह राठौर, प्रांतीय पदाधिकारी सोहन डहरिया, बी व्ही निर्मलकर, अरुण वर्मा,के एल पटेलआदि ने केंद्र सरकार के इस फैसले पर खुशी जाहिर करते हुए स्वागत किया है।

8वें वेतन आयोग गठन करने के निर्णय का टीचर्स एसोसिएशन ने किया स्वागत

समवेत शिखर संवाददाता

जांजगीर। केंद्र सरकार ने वेतन में संशोधन के लिए 8 वें वेतन आयोग को मंजूरी दे दी है। राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय आईटी सेल प्रभारी बसंत चतुर्वेदी ने 8 वें वेतन आयोग गठन करने के निर्णय को एआईआरएफ के राष्ट्रीय महामंत्री शिवगोपाल मिश्रा व राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीपी सिंह रावत सहित देश के 35 कार्मिक संगठनों का जीत बताया।

8 वें वेतन आयोग की सिफारिशें लागू होने से सरकारी कर्मचारियों की सैलरी में बड़े बदलाव होंगे। अब तक के पैटर्न को देखें तो सरकारी कर्मचारियों का वेतन फिटमेंट फैक्टर के आधार पर रिवाइज होगा। बता दें कि छठवें वेतन आयोग ने 1.86 के फिटमेंट फैक्टर को

अप्लाई किया था तथा 7 वें वेतन आयोग ने सैलरी रिवीजन के लिए 2.57 के फिटमेंट फैक्टर को अप्लाई किया था। वहीं, 8वें वेतन आयोग के तहत 2.86 के हाई फिटमेंट फैक्टर की सिफारिश की जा सकती है।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार 16 जनवरी को घोषणा की। 8 वें वेतन आयोग की सिफारिशें लागू होने के बाद केंद्रीय कर्मचारियों की सैलरी और डीए समेत अन्य भत्तों में बड़ा इजाफा होगा।

एआईआरएफ के राष्ट्रीय महामंत्री व जेसीएम स्टाफ साइड के सचिव शिवगोपाल मिश्रा ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकत करके द धन्यवाद दिया है। नई सिफारिशें लागू होने के बाद यह सैलरी स्ट्रक्चर रिवाइज हो जाएगा।

8 वें वेतन आयोग की सिफारिशें साल 2026 से लागू होंगी। दरअसल, सातवां वेतन आयोग 1 जनवरी 2016 में लागू किया गया था। यह सिफारिशें 10 साल के लिए थीं, 31 दिसंबर 2025 तक पूरी हो रही हैं। अब नए वेतन आयोग के गठन की मंजूरी से लेकर 8 वें वेतन आयोग को केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी मिलने के बाद राज्य सरकारों से कंसल्ट किया जाएगा, केंद्र सरकार के नीतियों के समान राज्य सरकार द्वारा भी वेतन आयोग का गठन कर केंद्र के समान वेतन एवं महंगाई भत्ता देने का प्रावधान है।

8 वें वेतन आयोग गठन करने के निर्णय का छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी, जिलाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, जिला सचिव डॉ .बोधीराम साहू, विजय प्रधान,आशीष सिंह, राजकिशोर धीरही, विकेश केशवानी, दीपक यादव, केशव साहू, विनोद राठौर, उत्तम साहू, नवधा चंद्रा, सहित पदाधिकारियों ने स्वागत किया है।

नाली निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

समवेत शिखर संवाददाता

सक्ती। नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 17 में बहुप्रतीक्षित नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ भूमि पूजन के साथ किया गया। यह नाली बाबू लाल यादव के घर से सोठी बॉर्डर तक 4.30 लाख रुपए की लागत से तथा अमीन किराना से महामाया ट्रेडर्स रेलवे केबिन तक 4.63 लाख रुपए की लागत से बनाई जाएगी।

छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत के प्रतिनिधि नरेश गेवाडीन ने भूमि पूजन संपन्न किया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद मनोहर खूंटे, छाया पार्षद ताहिर खान, रामनारायण, शिव प्रधान सुरेश खूंटे, पूर्व पार्षद मजीद खान, भानु, बुधराम यादव, ठेकेदार संजय अग्रवाल, इंजीनियर तारकेश्वर नायक और शयन शुक्ला सहित बड़ी संख्या में वार्ड के नागरिक उपस्थित थे।

वार्डवासियों ने इस नाली निर्माण कार्य के लिए डॉ चरणदास महंत का आभार व्यक्त किया और इसे क्षेत्र में जलभराव और सफाई की समस्या का समाधान मानते हुए सराहा।

डोंड़की में 32वें सतनाम महामहोत्सव की तैयारियां जोरों पर

गुरु घासीदास के संदेश को पंथी नृत्य व गीत-संगीत के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा, कलाकारों के लिए पुरस्कार और सम्मान की विशेष घोषणा

समवेत शिखर संवाददाता

सक्ती। जिले के विकासखंड सक्ती अंतर्गत ग्राम डोंड़की-भांठापारा में आगामी 29 जनवरी से 31 जनवरी तक तीन दिवसीय सतनाम महा महोत्सव का भव्य भक्तिमय आयोजन होने जा रहा है। आयोजन की तैयारी में डोंड़की ग्रामवासी लगे हुए हैं। इस संबंध में डोंड़की निवासी तथा आयोजन समिति के सदस्य कैलाश लहरे ने बताया कि डोंड़की गांव में बहुत लंबे समय से हर साल गुरू बाबा घासीदास जी के जयंती के तारतम्य में तीन दिवसीय सतनाम महामहोत्सव का आयोजन होते आ रहा है। इस?साल का आयोजन 32 वां आयोजन होने जा रहा है। आयोजन समिति के संजू भारद्वाज ने बताया कि इस साल तीन दिवसीय सतनाम महामहोत्सव में 29 से 31 जनवरी तक बाबा गुरू घासीदास के? मनखे-मनखे एक बरोबर पर आधारित समतामूलक सतनाम विचारधारा के संदेश को पंथी?लोक नृत्य व गीत संगीत के? माध्यम से बताया जायेगा। इस दौरान तीनों दिन रात्रि कालीन कार्यक्रम में पंथी लोक नृत्य की धूम रहेगी। आयोजन समिति

ने कार्यक्रम को रोचक व आनंददायी बनाने के लिए पंथी कलाकारों के लिए पुरस्कारों का ऐलान भी किया है जिसमें प्रथम स्थान पर रहने वाले कलाकारों को 11000 रूपय व मोमेंटो प्रदान किया जायेगा। इसी क्रम में दूसरे स्थान पर रहने वाले पंथी दल को 9000 रूपय व मोमेंटो, तीसरे स्थान प्राप्त कलाकारों को 7000 रूपय व? मोमेंटो, चौथे स्थान वालों को 5000 रू व मोमेंटो तथा पांचवें स्थान प्राप्त कलाकारों को 3000 रूपय व मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। इतना ही नहीं इस बार आयोजन समिति ने बैठक दल के कलाकारों के लिए अलग से इनाम की घोषणा की है जिसके तहत प्रथम स्थान पर रहने वाले कलाकारों को 3000 रूपय व मोमेंटो, दूसरे स्थान प्राप्त को 2000 रूपय तथा तीसरे स्थान प्राप्त कलाकारों को 1500 रूपय व शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। गौरतलब हो कि डोंड़की गांव में 90 के दशक से पंथी लोक नृत्य पर आधारित तीन दिनी सतनाम महामहोत्सव का आयोजन होते चले आ रहा है जिसमें दूर-दूर से पंथी लोक नर्तक दल बाबा गुरू घासीदास जी के सतनाम संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का काम करते हैं। इस आयोजन को लेकर डोंड़की-भांठापारा में भक्तिमय वातावरण निर्मित होने लगा है।

अध्यक्ष पद के लिए भाजपा से सिंधी समाज से प्रथम आवेदनकर्ता बने सुरेश कृपलानी

व्यापार, राजनीति और समाजसेवा में सक्रिय योगदान

समवेत शिखर संवाददाता

सक्ती। आगामी नगर पालिका परिषद सक्ती के अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी से सिंधी समाज के प्रतिष्ठित व्यापारी और समाजसेवी सुरेश कृपलानी ने अपनी दावेदारी प्रस्तुत की है। उन्होंने भाजपा जिला अध्यक्ष टिकेश्वर गबेल के समक्ष आवेदन जमा कर पार्टी की ओर से प्रत्याशी बनाए जाने का निवेदन किया।

आपको बता दे की सुरेश कृपलानी क्षेत्र के प्रसिद्ध व्यापारी हैं और सुनिल ट्रेडर्स के माध्यम से आलू-प्याज के थोक विक्रेता के रूप में कार्यरत हैं। इसके साथ ही वे समाज सेवा और राजनीति में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

सुरेश कृपलानी ने क्षेत्र में थोक सब्जी व्यापार संघ के सदस्य के रूप में व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और सामाजिक हितों के लिए कार्य किए हैं। उनका मानना है कि वे नगर पालिका अध्यक्ष पद के माध्यम से सक्ती की जनता और समाज के लिए विकास कार्यों को नई दिशा दे सकते हैं।

दावेदारी का उद्देश्य -सुरेश कृपलानी ने अपनी दावेदारी पेश करते हुए कहा, ÷मेरा उद्देश्य सक्ती नगर के विकास को गति देना और समाज के हर वर्ग के हितों की रक्षा करना है। मुझे पूरा विश्वास है कि भारतीय जनता पार्टी मुझे इस पद के योग्य समझेगी और जनता की सेवा का अवसर प्रदान करेगी।÷

भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में सक्ती नगर पालिका के आगामी चुनावों में उनकी उम्मीदवारी पर सभी की निगाहें टिकी हैं। सिंधी समाज ने उनकी दावेदारी का स्वागत किया है और उनके समर्थन में खड़ा होने का आश्वासन दिया है।

डीईओ ने किया टीचर्स एसोसिएशन के कैलेण्डर का विमोचन

समवेत शिखर संवाददाता

जांजगीर। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिला जांजगीर चाम्पा के वार्षिक कैलेण्डर का विमोचन डी ई ओ अश्वनी कुमार भारद्वाज ने किया ।विमोचन के दौरान डीईओ कार्यालय से मनहरण थवाईत,श्रवण वैष्णव विशेष रूप से उपस्थित रहे।

वार्षिक कैलेंडर में सामान्य अवकाश,ऐच्छिक अवकाश,स्थानीय अवकाश के अलावा शिक्षकों के लिए उपयोगी सातवां वेतनमान वेतन मैट्रिक्स, एसोसियेशन की प्रमुख मांगो के साथ एसोसियेशन ऑनलाइन सदस्यता से जुड़ने के लिए लिंक भी दिया गया है। जो काफी उपयोगी है। विमोचन के दौरान

जिलाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह,जिला सचिव डॉ .बोधी राम साहू,जिला पर्यवेक्षक आशीष सिंह,जिला उपाध्यक्ष राजकिशोर धीरही,कोषाध्यक्ष विकेश केशवानी,मीडिया प्रभारी दीपक यादव,जिला महासचिव केशव साहू,सोशल मीडिया प्रभारी विनोद राठौर, संगठन सचिव उत्तम साहू, जिला प्रचार सचिव नवधा चंद्रा,शिवधन शुक्ला सहित पदाधिकारी शामिल रहे।

स्वच्छ सर्वेक्षण तालाब की सफाई अभियान

एक कदम स्वच्छ और सुंदर पर्यावरण की ओर

समवेत शिखर संवाददाता

पत्थलगांव। स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की तैयारियों में नगर पंचायत पत्थलगांव ने तालाबों की सफाई को प्राथमिकता देते हुए बेल तालाब में सफ़ाई अभियान चलाया गया तथा तालाब के पानी की गुणवत्ता में सुधार के लिए डी-सिल्टिंग (गाद हटाने) की प्रक्रिया अपनाई गई। ताकि पानी को साफ और स्वच्छ बनाया जा सके।इस पहल का उद्देश्य न केवल शहर की स्वच्छता रैंकिंग को सुधारना है, बल्कि जल निकायों को संरक्षित करना और पर्यावरण को बेहतर बनाना भी है। जिसमे नगर पंचायत के सफाई कर्मी , स्वच्छता दीदी , सी एम ओ.,उप- अभियंता , पी आई यू उपस्थित रहे। नगरपंचायत के सीएमओ मोहम्मद जावेद ने बताया कि हमारे द्वारा समय समय पर इस तरह के कार्य किये जाते रहे है जिससे आम जनों को लाभ मिलता रहे साफसुथरा देखा जा संके।

मुख्यमंत्री करेंगे विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास आज

समवेत शिखर संवाददाता

सक्ती। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 18 जनवरी, शनिवार को जिला महासमुंद के ग्राम मचेवा स्थित एम.वी.पी.जी कॉलेज मैदान से दोपहर 2:50 बजे सक्ती जिला मुख्यालय के कॉलेज ग्राउंड हेलीपैड, जेठा पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री इस दौरान विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण, शिलान्यास और भूमि पूजन करेंगे।

आचार संहिता लागू होने से पहले सौगात

जानकारी के अनुसार, इस माह नगर पालिका और

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की आचार संहिता कभी भी लागू हो सकती है। इसे ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय प्रदेश के विभिन्न जिलों का दौरा कर रहे हैं और विकास कार्यों की सौगात प्रदेशवासियों को दे रहे हैं।

मुख्यमंत्री के इस दौरे के दौरान सक्ती जिले के नागरिकों को विभिन्न योजनाओं और विकास कार्यों का लाभ मिलेगा। साथ ही यह कार्यक्रम आगामी चुनावों के मद्देनजर सरकार की सक्रियता को भी दर्शाता है।

अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

समवेत शिखर संवाददाता

पत्थलगांव। मामला इस प्रकार है कि दिनांक 15.01.25 को ग्राम तमता मेला प्रबंधन ड्यूटी दौरान पुलिस को मुखबीर द्वारा सूचना मिली कि ग्राम तमता निवासी हेमंत यादव अपने डेली नीड्स दुकान के बगल में बिक्री करने के उद्देश्य से अंग्रेजी शराब को अवैध रूप से छुपाकर रखा है, मुखबीर की सूचना के संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को अवगत कराते हुए, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर श्री शशि मोहन सिंह के दिशा निर्देश व एस डी ओ पी पत्थलगांव श्री ध्रुवेश जयसवाल के मार्ग दर्शन में पत्थलगांव पुलिस द्वारा मुखबीर के बताए स्थान पर रेड

कार्यवाही किया गया , जहां आरोपी हेमंत यादव के कब्जे से 06 नग हावर्डस कंपनी का बीयर, गोल्डन गोवा विहिस्की 8नग, रॉयल स्टेज विहिस्की 9 नग, मैकडोनल्ड ठ्रश 1 विहिस्की 18 नग कुल 13 लीटर 320 मिली लीटर का जिसकी कीमत लगभग 10,100 रू है को बरामद कर जप्त किया गया। आरोपी हेमंत यादव पिता स्व दिलेश्वर यादव, उम्र 42 वर्ष, निवासी ग्राम तमता थाना पत्थलगांव के विरुद्ध 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध घटित करना पाए जाने से अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी पत्थलगांव निरीक्षक विनीत पांडे, प्रधान आरक्षक सुभाष नायक, आरक्षक अजय खेस की सराहनीय भूमिका रही है।

सड़क मुआवजा राशि चार खातों में बैंक के माध्यम से जमा करने चेक एवं पत्र प्रेषित किया गया

समवेत शिखर संवाददाता

पत्थलगांव। भारत माला सड़क परियोजना के तहत भूमि अधिग्रहण मुआवजा विवाद को लेकर ग्राम बूढ़ाडांड के किसानों द्वारा उठाई गई मांगों पर प्रशासन लगातार नियमानुसार कार्यवाही कर रहा है। प्रशासन ने प्रभावित किसानों के मुआवजा प्रकरण का समाधान करते हुए चेक के माध्यम से आज शुक्रवार को चार खातो में शामिल कुल 22 खातेदार को भुकतान बाबत बैंक को चेक एवं पत्र प्रेषित कर दिया है।

आपको बता दे ग्राम बुढाडाड जहां से भारतमाला प्रोजेक्ट गुजर रहा है। वहा पहले ग्रामीण गलत मुआवजा मिलने की बात कहते हुए सही मुआवजा शीघ्र दिलाने की बात कह रहे थे। जिससे हुई देरी की वजह से मुआवजा न मिलने के कारण लामबंद होकर ग्रामीण विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। ग्राम बुढाडाड मुआवजा विवाद के चलते भारत माला सड़क परियोजना का

निर्माण कार्य बाधित हो रहा।

पत्थलगांव एसडीएम सुश्री आकांक्षा त्रिपाठी ने बताया कि पत्थलगांव के ग्राम बुढाडांड में भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत सड़क निर्माण होना है। और शुक्रवार को हमारे द्वारा ग्राम बुढाडाड कुछ हितग्राहियों के खाते में चेक के माध्यम से भुकतान किया जा चुका है।शेष भुगतान भी शीघ्र ही किया जाएगा।जनता की लगातार मांग पर अब सरकारी जमीन एवं भुकतान किये जा चुके ग्रामीणों के जमीन में कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। अगर किसी के द्वारा इन कार्यो में किसी तरह की अड़चने पैदा की जाती है तो हम उसके खिलाफविधिवत कारवाही करेंगे ।हमारे द्वारा लगातार किसानों की मांगों के अनुरूप बात किया जाता रहा है। और उन्हें राहत प्रदान करने के लिए चेक के माध्यम से भुकतान भी देना शुरू किया जा चुका है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि ग्रामीणों का हित और शासकीय योजनाओं का समय बद्ध क्रियान्वयन दोनों ही प्रशासन का मुख्य उद्देश्य है।ग्रामीणों ने भी प्रशासन का सहयोग किया और अच्छी तरीके से सभी अधिकारियों की बात सुनी।

लड़की को बहला फुसलाकर कर ले गया, आरोपी गिरफ्तार

समवेत शिखर संवाददाता

पत्थलगांव। मामला इस प्रकार है कि थाना पत्थलगांव क्षेत्रांतर्गत प्रार्थी ने थाना आकर दिनांक 11.06.23 को रिपोर्ट दर्ज कराया था उसकी नाबालिक लड़की दिनांक 10-06-2023 को सुबह करीब 11.30 बजे घर से बिना बताए कहीं चली गई है।

उसकी नाबालिक लड़की का एक लड़का जमीर खान से बातचीत करना पता चला है, उन्हें संदेह है कि उसकी नाबालिक लड़की को वही बहला फुसलाकर कर ले गया है,। रिपोर्ट पर थाना पत्थलगांव में 363 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर जांच विवेचना में लिया गया था व नबालिक लड़की एवम संदेही आरोपी की पतसाजी की जा रही थी, इसी दौरान विश्वस्त सूत्र तथा साइबर सेल से प्राप्त तकनीकी जानकारी के आधार पर पुलिस को पता चला कि

नाबालिक लड़की दिल्ली में है। जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह तथा नोडल अधिकारी ऑपरेशन मुस्कान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जशपुर श्री अनिल कुमार सोनी के दिशा निर्देश में पुलिस टीम बालिका की पतासाजी हेतु दिल्ली रवाना की गई। जहां नगरी बिहार गली नंबर 21, द्वारिका मोड़ नई दिल्ली से संदेही आरोपी व बालिका को दिनांक 13.01.2025 को दस्तयाब कर वापस लाया गया। बालिका को सकुशल परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। आरोपी जमीर आलम उम्र 22 वर्ष के विरूद्ध थाना पत्थलगांव में 366,367(क),376(2) एन , भा.द.वि व बी एन एस की धारा 64(2),69 तथा 4,6 पोस्को एक्ट के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर अपराध सबूत पाए जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

बालिका को दिल्ली जाकर वापस लाने व आरोपी की गिरफ्तारी में निरीक्षक विनीत पांडे थाना प्रभारी पत्थलगांव, सहायक उप निरीक्षक लखेश साहू, आरक्षक आशिषन टोप्पो, महीला आरक्षक पुष्पा कुजूर की सराहनीय भूमिका रही है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि ऑपरेशन मुस्कान लगातार जारी है, राज्य के भीतर एवं बाहर से गुम बच्चों को ढूंढने जशपुर पुलिस लगातार प्रयास कर रही है।